


# तरुण छत्तीसगढ़


e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com
कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026



सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा



वर्ष 36 अंक 24 | कोरबा, गुरुवार, दिनांक 24 अक्टूबर 2024 डाक 25 अक्टूबर 2024 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए



**विविधा**
मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी कुरुक्षेत्र में मुख्यमंत्री आवास पर आयोजित संत आशीर्वाद समारोह के दौरान प्रार्थना करते हुए





**देश-विदेश**
रूस में ब्रिक्स सम्मेलन से भाग लेकर दिल्ली पहुंचे पीएम मोदी, वीडियो शेयर कर कही ये बात





**फीचर पेज**
रोज जिम जाने वाले सावधान! टॉयलेट सीट से 362 गुना ज्यादा गंदे होते हैं डंबल




# चक्रवाती तूफान दाना से भारी तबाही की आशंका एनडीआरएफ के साथ ही नौसेना भी अलर्ट

## पुरी बीच को कराया जा रहा खाली तूफान को लेकर प्रशासन की तैयारी

**नईदिल्ली, 24 अक्टूबर [एजेंसी]।**

चक्रवात दाना किसी भी समय ओडिशा के तट से टकरा सकता है। मौसम विभाग के मुताबिक, यह भितरकनिका और धामरा के बीच लैंडफॉल करेगा। लैंडफॉल के समय हवा की गति 100-120 किमी प्रति घंटे होगी। इसका प्रकोप जगतसिंहपुर जिले में भी देखने को मिलेगा। केंद्रपड़ा राजगनार सहित पारादीप और चंद्रभागा, पुरी सी-बीच में समुद्र उफान पर हो गया है। ऐसे में विभिन्न समुद्री तटों पर एहतियात के तौर पर धारा 144 लगा दी गई है।इसके अलावा, पारादीप से इरसामा सियाली तक समुद्र तट पर प्रतिबंध लगा दिए गए हैं। चक्रवाती तूफान दाना की भीषणता को देखते हुए भारतीय नौसेना ने भी मानवीय बचाव अभियान की तैयारी शुरू कर दी है। नौसेना की ईस्टर्न नेवल कमांड ओडिशा, आंध्र प्रदेश, पश्चिम बंगाल के प्रभारी अधिकारियों के साथ मिलकर अभियान चलाएगी, जिसमें नौसेना राहत और बचाव कार्यों में मदद के साथ ही राज्यों को जरूरत पड़ने पर स्वास्थ्य सेवाएं भी उपलब्ध कराएगी।

पुरी जिले में कुछ जगहों पर पर पेड़ के गिरने की सूचना मिली है। कोणार्क और अस्तरंग इलाके से यह खबर मिल रही है हवा की रफ्तार से पेड़ उखड़ गए हैं। कुछ जगहों पर बिजली सेवा बाधित हुई है। सूचना मिलते ही दमकल टीम मौके पर पहुंचकर पेड़ को काटकर साफ किया है। चक्रवाती तूफान दाना के आने से पहले पश्चिम बंगाल के हावड़ा में गंगा नदी के ऊपर काले बादल छा गए हैं। भारी बारिश का भी यह संकेत है। मौसम विभाग की तरफ से इसको लेकर अलर्ट भी जारी किया गया है। 24 अक्टूबर की मध्य रात से 25 अक्टूबर की सुबह के बीच चक्रवाती तूफान दाना उत्तरी ओडिशा और पश्चिम बंगाल तट के पुरी और सागर द्वीप के बीच से गुजरेगा। तब हवा की गति 100-110 किमी प्रति घंटे से लेकर 120 किमी प्रति घंटे के बीच रहने की उम्मीद है। इस दौरान भारी बारिश भी हो सकती है। मयूरभंज, बालासोर, भद्रक, केंद्रपाड़ा, जगतसिंहपुर, जाजपुर, कटक में रेड अलर्ट जारी किया गया है। तूफान के चलते कई जगहों पर बिजली सेवा ठप भी हो गई है। आईएमडी निदेशक मनोरमा मोहंती ने बताया कि चक्रवात दाना कल आधी रात को ही गंभीर चक्रवाती तूफान में परिवर्तित हो गया है। यह फिलहाल पश्चिम बंगाल में है। पिछले छह घंटों से यह 12 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से आगे बढ़ रहा है। यह पारादीप से 260 किमी दक्षिण-पूर्व में और सागर द्वीप से 350 किमी दक्षिण-पूर्व में है। ओडिशा-पश्चिम बंगाल तट पर किसी भी समय चक्रवाती तूफान आ सकता है, इसलिए एसडीआरएफ सहित जिला प्रशासन ने पुरी समुद्र तट से लोगों को निकालना शुरू कर दिया है। उन्हें किसी सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जा रहा है। तूफान को लेकर तटवर्तीय जिलों में ओड्राफ्ट, एनडीआरफ, दमकल वाहिनी और पुलिस कर्मियों को भारी संख्या में तैनात किया गया है। लोगों को बिजली और पानी की कमी ना हो इसके लिए इन तटवर्तीय जिलों में व्यापक व्यवस्था भी की गई है।

तूफान दाना के चलते ओडिशा के तीन तटवर्तीय जिलों में रेड अलर्ट घोषित किया गया है। केंद्रपाड़ा, भद्रक और बालेश्वर जिला इन तीनों जिलों में आज सुबह से रुक रुक कर बरसात हो रही है। निचले इलाकों में रहने वाले लोगों के मन में भय का माहौल छा गया है। बालेश्वर के जिलाधीश मयूर सूर्यवंशी ने बताया कि अभी तक 31000 लोगों को अस्थाई शिवरों में लाकर रखा गया है उनके लिए खाने-पीने की व्यवस्था भी की गई है। चक्रवाती तूफान दाना को लेकर प्रशासन और पुलिस पूरी तरह से अलर्ट है। प्रशासन और पुलिस की टीम धामरा और भद्रक के संवेदनशील इलाकों में रहने वाले लोगों को निकाल रही है। लोगों को चक्रवात आश्रय स्थल में लाया जा रहा है। आईएमडी मृत्युंजय महापात्र ने कहा है कि ओडिशा के 4 जिलों जगतसिंहपुर, केन्द्रापड़ा, बालेश्वर और भद्रक में चक्रवात का अधिक प्रभाव रहेगा। इन जिलों में भारी से भारी वर्षा होने के साथ ही हवा की गति भी तेज रहेगी।




# कांग्रेस को अपना दफ्तर और झंडा भी सपा को सौंप देना चाहिएः प्रमोद कृष्णम

**लखनऊ, 24 अक्टूबर [एजेंसी]।**



उत्तर प्रदेश की सभी नौ सीटों पर होने वाले उपचुनाव में इंडिया गठबंधन की तरफ से समाजवादी पार्टी ने अपने प्रत्याशियों को उतारने की घोषणा की है। कांग्रेस ने यूपी में एक भी सीट पर उम्मीदवार नहीं उतारा है, इसको लेकर यूपी सियासत गरमा गई है। सपा के इस फैसले पर आचार्य प्रमोद कृष्णम ने कांग्रेस पर तंज कसा है। आचार्य प्रमोद कृष्णम ने उत्तर प्रदेश उपचुनाव में सभी नौ सीटों पर विपक्षी गठबंधन की तरफ से समाजवादी पार्टी के उम्मीदवारों को उतारने के ऐलान के बाद कांग्रेस पर बड़ा तंज कसा है। उन्होंने कहा है कि कांग्रेस को अपना दफ्तर और झंडा भी सपा को दे देना चाहिए। प्रमोद कृष्णम ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा, कांग्रेस को अपना दफ्तर और झंडा भी सपा को सौंप देना चाहिए। यूपी नौ सीटों विधानसभा सीटों पर होने वाले उपचुनाव को लेकर कांग्रेस और सपा के बीच सीट शेयरिंग का मुद्दा काफी चर्चा में रहा। कांग्रेस जहां प्रदेश में चार से पांच सीटें मांग रही थी, जबकि सपा, कांग्रेस को सिर्फ दो सीटें देने को तैयार थी।

वहीं सपा ने अब सभी सीटों पर चुनाव लड़ने का ऐलान कर दिया है। सपा मुखिया अखिलेश यादव ने बुधवार को एक्स पर एक पोस्ट में कहा था, ÷बात सीट की नहीं जीत की है' इस रणनीति के तहत 'इंडिया गठबंधन' के संयुक्त प्रत्याशी सभी 9 सीटों पर समाजवादी पार्टी के चुनाव चिन्ह 'साइकिल' के निशान पर चुनाव लड़ेंगे। कांग्रेस और समाजवादी पार्टी एक बड़ी जीत के लिए एकजुट होकर, कंधे से कंधा मिलाकर साथ खड़ी है।

# यमुना किनारे रेड कार्पेट और दो सिंहासन... भाजपा की केजरीवाल और आतिशी को चुनौती- आएं और लगाएं डुबकी




**नईदिल्ली, 24 अक्टूबर [एजेंसी]।**

छठ पूजा नजदीक आते ही यमुना में प्रदूषण को लेकर राजनीति तेज होने लगी है। सत्ता पक्ष व विपक्ष के बीच जुबानी लड़ाई के बीच बृहस्पतिवार सुबह भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने यमुना में डुबकी लगाकर विरोध जताया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा, अरविंद केजरीवाल ने वर्ष 2025 के चुनाव से पहले यमुना को साफ करने का वादा किया था। उन्होंने दिल्लीवासियों से कहा था कि वह स्वयं यमुना में डुबकी लगाएंगे।हमने इसके लिए ही उन्हें व मुख्यमंत्री आतिशी को आमंत्रित किया था, लेकिन दोनों में से कोई नहीं आया। इसका कारण है कि उन्होंने यमुना को साफ नहीं किया।सचदेवा ने आगे आरोप लगाया कि यमुना सफाई के लिए मिले फंड का दुरुपयोग हुआ। अब वह अपनी नाकामी छिपाने के लिए पड़ोसी राज्यों को जिम्मेदार ठहरा रहे हैं। सचदेवा ने बुधवार को एक्स पर पोस्ट कर कहा था कि केजरीवाल को वर्ष 2020 के विधानसभा चुनाव के समय दिल्लीवासियों से किए गए वादे के अनुसार अब यमुना में डुबकी लगाना चाहिए।इसके लिए बृहस्पतिवार सुबह आइटीओ स्थित घाट पर मुख्यमंत्री व केजरीवाल के लिए दो कुर्सी लगाकर रखी गई। कुछ देर के इंतजार के बाद सचदेवा ने यमुना में डुबकी लगाई।सचदेवा बोले, उन्होंने मां यमुना से क्षमा मांगी कि दिल्ली की अरविंद केजरीवाल एवं आतिशी सरकार ने यमुना सफाई फंड के 8500 करोड़ रुपये को दुरुपयोग किया। सचदेवा से जब पत्रकारों ने पूछा कि आपने रेड कार्पेट क्यों बिछाया है तो उन्होंने कहा कि केजरीवाल को शीश महल में रहने की आदत है। उन्हें राजशाही की आदत है, इसलिए उनका रेड कार्पेट वेलकम करने के लिए हमने रेड कार्पेट बिछाया।

# मस्जिद हटाने की मांग को लेकर उत्तरकाशी बंद, हिंदू संगठन ने किया था आह्वान



**उत्तरकाशी।** उत्तरकाशी से मस्जिद हटाने की मांग को लेकर उत्तरकाशी में हिंदू संगठन के आह्वान पर बाजार पूरी तरह से बंद है। बाजार में तीर्थयात्रियों को चाय और पानी तक उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। सुबह के दौरान कुछ दुकानें खुली थी। जिन्हें हिंदू संगठन के कार्यकर्त्ताओं ने बंद करवाया। हिंदू संगठन के आह्वान पर उत्तरकाशी के अलावा डुंडा बाजार को भी बंद रखा गया है। उत्तरकाशी में आज एक बड़ी जनसभा और रैली का भी आह्वान किया गया है। शांति पूर्ण रैली को लेकर जिला प्रशासन ने अनुमति दी है। हिंदू संगठन से जुड़े स्वामी दर्शन भारती भी उत्तरकाशी पहुंचे हैं।पुलिस अधीक्षक अमित श्रीवास्तव के निर्देश पर उत्तरकाशी पुलिस जिला मुख्यालय उत्तरकाशी में फ्लैग मार्च निकाला गया। पुलिस अधीक्षक अमित श्रीवास्तव ने कहा कि उत्तरकाशी पुलिस जनता की सुरक्षा एवं सेवा के लिए कटिबद्ध है, कानून एवं शान्ति व्यवस्था को प्रभावित करने वाले अराजक तत्वों पर पुलिस की सख्त निगरानी है। इंटरनेट मीडिया प्लेटफॉर्म पर भ्रामकता फैलाने व कानून एवं शान्ति व्यवस्था को प्रभावित करने वाले असमाजिक तत्वों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### तीन मंजिला भवन में लगी भीषण आग, स्टेशनरी की दुकान में रखे थे पटाखे, धमाकों से गूंज उठा इलाका

**विदिशा।** शहर के पीतल मिल क्षेत्र में बुधवार-गुरुवार की दरमियानी रात एक तीन मंजिला भवन में आग लग गई। भवन में निचली दो मंजिलों पर स्टेशनरी और गिफ्ट की दुकान है, जहां पटाखे भी रखे थे। जल्द ही आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और दुकान में पटाखों में धमाके होने लगे। इससे आसपास के लोग भी दहशत में आ गए। भवन की ऊपरी मंजिल में दुकान मालिक और उसके स्वजन ने किसी तरह पड़ोसी की छत से होकर नीचे उतरते हुए अपनी जान बचाई।






# लॉरेंस बिश्नोई और सलमान खान के विवाद के बीच सब्जी वाले की एंट्री, 5 करोड़ मांगने वाला चढ़ा पुलिस के हत्थे

**नईदिल्ली, 24 अक्टूबर [एजेंसी]।**



बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान की सिक्योरिटी को और भी 'यादा बढ़ा दिया गया है। वह जहां भी जाते हैं, उनकी हिफाजत के लिए कम से कम 60 से अधिक सिक्योरिटी उनके साथ रहती है। काला हिरण शिकार मामले में सिकंदर एक्टर को पिछले काफी समय से लॉरेंस बिश्नोई गैंग की तरफ से जान से मारने की धमकी मिल रही है। इस बीच ही कुछ दिनों पहले एक शख्स ने ट्रैफिक पुलिस को मैसेज करके सलमान खान को ये धमकी दी थी कि वह 5 करोड़ दें वरना उनका भी हश्र वह बाबा सिद्दीकी वाला ही कर देंगे। इस मैसेज के बाद मुंबई पुलिस चौकन्ना हो गई थी। सलमान खान को धमकी देने वाले शख्स को गिरफ्तार कर लिया गया है।

मुंबई पुलिस ने सलमान खान से 5 करोड़ की फिरौती मांगने वाले शख्स को जमशेदपुर से गिरफ्तार कर लिया है। मुंबई पुलिम के मुताबिक, ट्रैफिक पुलिस को सलमान खान से जुड़ा मैसेज मिलने के बाद उस अनजान शख्स के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया था। इस रिपोर्ट में ये भी बताया गया है कि सलमान खान को धमकी देने वाले शख्स की लोकेशन झारखंड में ट्रैक हुई थी और जमशेदपुर की लोकल पुलिस की मदद से मैसेज भेजने वाले व्यक्ति को पूरी छानबीन के बाद गिरफ्तार किया गया और उसे मुंबई लेकर आया गया है।

सलमान खान को धमकी देने वाले शख्स की पहचान शेख हुसैन शेख मौसिन के रूप में हुई है, जिसकी उम्र 24 साल है। वह सब्जी बेचने वाला है। ट्रैफिक पुलिस को व्हाट्सएप पर 18 अक्तूबर को एक धमकी भरा मैसेज रिसीव हुआ था, जिसमें लिखा था, इस मैसेज को हल्के में मत लें, अगर सलमान खान को जिंदा रहना है और वह लॉरेंस बिश्नोई गैंग से दुश्मनी खत्म करना चाहते हैं, तो उन्हें पांच करोड़ रुपए देने होंगे। अगर वह पैसे नहीं देते हैं, तो उनका हाल बाबा सिद्दीकी से भी बुरा होगा। इस मैसेज के कुछ दिन बाद 21 अक्तूबर को उसी शख्स मुंबई पुलिस को एक मैसेज भेजा था और माफी मांगते हुए कहा था कि गलती से ये मैसेज चला गया है।

### वाराणसी-छपरा पैसेंजर ट्रेन से 750 अवैध कारतूस संग युवती गिरफ्तार, दो लोगों की तलाश जारी

**बलिया।** बलिया जीआरपी ने प्लेट फार्म नंबर दो के पूर्वी छोर से डाउन 05446 वाराणसी-छपरा पैसेंजर ट्रेन से एक युवती को पकड़ा। उसके ट्राली बैग से अवैध 750 जिंदा कारतूस 315 बोर बरामद किया। इसके बाद महिला को संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर चालान कर दिया। पूछताछ में उसने अपना नाम मनीता सिंह निवासी नदिहार थाना राजगढ़ जनपद मिर्जापुर बताया। दो अन्य लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तारी के लिए दबिश दे रही है। जीआरपी के पुलिस अधीक्षक गोरखपुर के निर्देश पर बुधवार को जीआरपी बलिया ने ट्रेनों की सघन चेकिंग किया।चेकिंग के दौरान करीब 8.40 बजे पहुंची डाउन वाराणसी-छपरा ट्रेन के इंजन की तरफ से बोगी नंबर दो में बैठी एक युवती के सीट के नीचे रखे ट्राली बैग देखकर जीआरपी को कुछ शक हुआ। चेक किया तो उसमें से कारतूस देख सभी अवाक रह गए।





स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक
चर्म , गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार
डॉ.आर.के.अग्रवाल M.B.B.S.D.V.D.FDS (Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.)
-: परामर्श का समय :- सुबह 10.30 से 1.30 (शाम को बंद )
डॉ.शशि अग्रवाल M.B.B.S.D.V.D.(U.K) Mob.9826389894
सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।
मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)
विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...
पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर , रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक , बुधवारी बाजार के पास, कोरबा



# अधिकारी कर्मचारी अपनी कार्यप्रणाली को अद्यतन करें, नई ऊर्जा व सोच के साथ जिले के विकास हेतु तत्परता से करें काम:उपमुख्यमंत्री अरुण साव






**कोरबा।** छत्तीसगढ़ शासन के उपमुख्यमंत्री, लोक निर्माण, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, विधि व विधायी कार्य, तथा नगरीय प्रशासन मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री श्री अरुण साव की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में विभागीय योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। उन्होंने शासन की सभी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ आम नागरिकों तक प्राथमिकता से पहुँचाने के निर्देश दिए। साथ ही कार्यालय आने वाले लोगों से अच्छा व्यवहार करने एवं उनके समस्याओं का निराकरण कर उन्हें राहत पहुचाने हेतु निर्देशित किया।

उपमुख्यमंत्री श्री साव ने कहा कि प्रदेश की ऊर्जाधानी कोरबा में संसाधनों की कोई कमी नही है। यहां हर क्षेत्र में कार्य करने की संभावनाएं असीम है। उन्होंने कहा कि शासकीय कार्यालयों का काम अपग्रेड हो गया है। आप सभी अधिकारी कर्मचारी भी अपनी कार्यप्रणाली को अद्यतन करें एवं नई ऊर्जा व सोच के साथ जिले को विकास की दिशा में ले जाने के लिए तत्परता से काम करें।

समीक्षा बैठक में वाणिज्य, उद्योग, व्यापार एवं श्रम मंत्री श्री लखन लाल देवांगन, विधायक कटघोरा श्री प्रेमचंद पटेल, विधायक पाली-तानाखार श्री तुलेश्वर सिंह मरकाम, विधायक रामपुर श्री फूलसिंह राठिया, महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती शिवकला छत्रपाल सिंह कंवर, कलेक्टर श्री अजीत वसंत, पुलिस अधीक्षक श्री सिद्धार्थ तिवारी, डीएफओ श्री अरविंद पीएम, श्री कुमार निशांत, प्रभारी सीईओ जिला पंचायत व नगर निगम आयुक्त श्रीमती प्रतिष्ठा ममगाई सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं विभागीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

उपमुख्यमंत्री श्री साव ने सभी शासकीय कार्यालयों में साफ सफाई एवं व्यवस्थित रख रखाव, नगरीय निकायों में प्रकाश व स्वच्छता की पूर्ण व्यवस्था, राजस्व प्रकरणों के निराकरण, सड़को की स्थिति, प्रधानमंत्री आवास, जल जीवन मिशन योजना लोक निर्माण, नगरीय प्रशासन विभाग, स्वास्थ्य विभाग, प्रधानमंत्री आवास, महिला बाल विकास सहित अन्य विभागों के विकास कार्यों की प्रगति की जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने विभागीय योजनाओं की बेहतर क्रियान्वयन हेतु सभी अधिकारियों को नियमित रूप से फील्ड विजिट करने के लिए कहा। अधिकारी के फील्ड में जाने से आपकी टीम कार्य करने के प्रति सचेत होती है। इसके साथ ही आपको योजनाओं के क्रियान्वयन की जमीनी हकीकत पता चलती है। फील्ड जाने पर कार्यों में गति आएगी और समस्याओं का समाधान शीघ्र होगा। उपमुख्यमंत्री श्री साव ने सभी शासकीय कार्यालय परिसर के अंदर व बाहर स्वच्छता व साफ सफाई पर विशेष ध्यान देने एवं फाइलों के व्यवस्थित रख रखाव हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया। साथ ही आमजनो से सम्मानजनक व्यवहार कर उन्हें संतोष दिलाने की बात कही। उन्होंने सभी नगरीय निकायों की स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने के लिए कहा। इस हेतु सार्वजनिक शौचालयों, सड़कों व नालियों की सफाई, शहर में प्रकाश की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने नगरीय निकायों को स्वच्छता रैंकिंग में अच्छा प्रदर्शन सुनिश्चित करने हेतु अधिकारियों को विशेष प्रयास करने निर्देशित किया।

राजस्व प्रकरणों की समीक्षा करते हुए उपमुख्यमंत्री ने सभी लंबित राजस्व प्रकरणों को गम्भीरता से निराकृत करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि राजस्व प्रकरणों के निराकरण होने से आमजनो को राहत मिलता है। इस हेतु सभी अधिकारी राजस्व प्रकरण के निराकरण में प्रगति लाएं। उन्होंने सभी पटवारियों को मुख्यालय में रहने एवं आमजनों का कार्य पूरा करने के लिए कहा। उन्होंने राजस्व अधिकारियों को न्यायालयों में किसानों की समस्याओं को समझने और उन्हें पूरी सहूलियत प्रदान करने हेतु निर्देशित किया। जिससे उनका काम समय पर हो एवं उन्हें किसी प्रकार की दिक्कत ना हो। उन्होंने जिले में चल रहे सभी सड़क निर्माण व मरम्मत एवं अधोसरंचना निर्माण कार्यो को समयावधि में पूर्ण करने के साथ ही गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले के नगरीय निकाय व ग्रामीण क्षेत्र की पीडब्ल्यूडी सड़क, पीएम सड़क, मुख्यमंत्री ग्राम सड़कों के मरम्मत कार्यों को मिशन मोड में पूरा करने के लिए कहा। इस हेतु सभी कार्यो के निविदा का कार्य शीघ्रता से पूर्ण करें। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को आपसी समन्वय से जिम्मेदारी तय कर कार्य पूर्ण करने निर्देशित किया।

श्री साव ने शिक्षा विभाग की समीक्षा करते हुए कहा कि जिले में शिक्षा व्यवस्था सुदृढ़ कराना सरकार की प्रतिबद्धता है। उन्होंने विद्यार्थियों को गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने हेतु विद्यालयों का उचित संचालन, शाला में शिक्षकों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित कराने के निर्देश जिला शिक्षा अधिकारी को दिए। साथ ही स्कूली बच्चों को पौष्टिक गुणवत्ता युक्त मध्यान्ह भोजन उपलब्ध कराने के लिए कहा। पाठ्य पुस्तक, गणवेश व सायकल वितरण का कार्य भी प्राथमिकता से पूर्ण हो। उन्होंने स्वास्थ्य अधिकारी को सभी स्वास्थ्य केंद्रों में स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने की बात कही। जिले के सभी उपस्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक, सामुदायिक सहित सभी स्वास्थ्य केंद्रों में स्वास्थ्य अधिकारियों द्वारा समय पर उपस्थित रहकर आमजनो को स्वास्थ्य लाभ प्रदान करने के लिए कहा। साथ ही पुलिस विभाग की सहयोग से अभियान चलाकर नशीली दवाइयों, नकली व अवैध दवाइयों के विक्रय पर कड़ाई से प्रतिबंध लगाने के निर्देश दिए। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्य की समीक्षा अंतर्गत उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन का कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण है। हर घर शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है , इसमें किसी प्रकार की लापरवाही नही होनी चाहिए। सभी गांवों में गुणवत्तापूर्ण कार्य होना चाहिए। साथ ही पंचायत सर्टिफाइड होने के बाद जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में जल महोत्सव मनाया जाए एवं जल के बचाव के लिए ग्रामीणों को प्रोत्साहित करें।

श्री साव ने शहरी एवं ग्रामीण प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पिछड़े परिवारों के पक्के आवास के सपने को साकार करने में अपनी महती भूमिका निभाने की बात कही। उन्होंने कहा कि अधिकारी इन योजनाओं के महत्व को गंभीरता से समझें एवं अधिक से अधिक लोगों को इन योजनाओं का लाभ पहुंचाएं। लोक निर्माण विभाग के तहत लंबे समय से लंबित निर्माण कार्यो की जानकारी लेकर कार्य को शीघ्रता से पूर्ण कराने के लिए कहा। उन्होंने जिले के विद्युतविहीन क्षेत्रो में विद्युतीकरण करने एवं लो वोल्टेज की समस्या को गम्भीरता से निराकृत करने के निर्देश बिजली विभाग के अधिकारी को दिए। वन विभाग के अधिकारियों को समय पर ग्रामीण क्षेत्रो में हाथी विचरण की जानकारी प्रदान करने के लिए कहा साथ ही हाथी मानव द्वंद को रोकने हेतु हर सम्भव प्रयास करने की बात कही एवं हाथी के कारण होने वाले जनहानि में समय पर पीड़ितों को राहत राशि उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। श्री साव ने कहा कि सभी अधिकारी स्वयं आगे बढ़कर अपनी विभागीय योजनाओं से लोगों को लाभांवित करें। आप ऐसे सकारात्मक कार्य करें जिससे इन योजनाओं से आम लोगों के जीवन में परिवर्तन और खुशहाली आए एवं विकसित कोरबा का सपना साकार हों।

प्रभारी मंत्री श्री अरुण साव को जिले में किए जा रहे विकास कार्यो की जानकारी देते हुए कलेक्टर श्री अजीत वसंत ने बताया कि सरकार की सभी महत्वपूर्ण योजनाओं का आमजनों को लाभ पहुचाने हेतु जिला प्रशासन द्वारा सतत कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि डीएमएफ मद से जिले के सभी शासकीय विद्यालयों, आंगनबाड़ी एवं आश्रम छात्रावासो में जलावन हेतु गैस सिलेंडर व रिफलिंग की व्यवस्था की गई है। आगामी माह से सभी संस्थानों में जलावन के लिए लकड़ी का उपयोग नही किया जाएगा। कलेक्टर ने बताया कि कोरबा शहरी एवं पोड़ी उपरोड़ा में शासकीय विद्यालयों में नास्ता वितरण किया जा रहा है। आगामी 04 नवम्बर से जिले के अन्य करतला, कटघोरा, पाली एवं कोरबा ग्रामीण के विद्यालयों में भी सबेरे शाला खुलने के साथ पौष्टिक नास्ता प्रदान किया जाएगा। जिले के भवनविहीन एवं मरम्मत योग्य स्कूलो, स्वास्थ्य केंद्र व आंगनबाड़ी के लिए नए भवन निर्माण व मरम्मत कार्य की स्वीकृति दी गई है। जिले के एकल शिक्षकीय एवं शिक्षक विहीन शालाओं में शिक्षकों की व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है। स्कूलों में रिक्त शिक्षकों के पदों पर अतिथि व्याख्याता व अतिथि शिक्षकों की भर्ती की गई है। साथ ही जिले में निवासरत विशेष पिछड़ी जनजाति परिवार के शिक्षित बेरोजगारों को शिक्षा, स्वास्थ्य सहित अन्य विभागों में रिक्त पदों पर पीवीटीजी वर्ग के युवाओं की उनकी योग्यता अनुसार नियुक्ति दिए गए है। जिले के 100 टॉपर बच्चों को रायपुर के प्रतिष्ठित कोचिंग संस्थान में नीट व जेईई की तैयारी के लिए भेजा गया है। इसी प्रकार स्वास्थ्य विभाग में मानव संसाधन की नियुक्ति की जा रही है। कई स्थानों में स्वास्थ्य कर्मचारियों के लिए आवास निर्माण एवं स्वास्थ्य केंद्र में बाउंड्रीवाल निर्माण किया जा रहा है। साथ ही विशेषज्ञ चिकित्सको की भर्ती भी की जा रही है। मेडिकल कॉलेज में सेवा दे रहे असिस्टेंट प्रोफेसर की मानदेय में वृद्धि भी की गई है। स्वास्थ्य सुविधाओं में विस्तार हेतु जिले के दूरस्थ क्षेत्र श्यांग, मोरगा व पसान में एम्बुलेंस सुविधा प्रदान की गई है। ऐसे अनेक जनहितकारी कार्य जिले में किए जा रहे है।

एसपी श्री तिवारी ने विभागीय कार्यो की जानकारी देते हुए बताया कि विभाग द्वारा अपराधियों के मन में कानून का डर एवं जनता के अंदर विश्वास बढाने हेतु निरंतर कार्य किया जा रहा है। जिले में नशीली दवाओं, अवैध शराब के परिवहन भंडारण एवं विक्रय पर रोक लगाने हेतु सतर्कता से कार्यवाही की जा रही है। सड़क दुर्घटना पर रोक लगाने ब्लेंक स्पॉट और दुर्घटनाजन्य क्षेत्रो में बैनर पोस्टर व स्पीड ब्रेकर बनाया जा रहा है।

# महापौर प्रसाद प्रभारी मंत्री साव से मिले:सौंपा स्मरण पत्र, निरस्त कार्यों की पुर्नस्वीकृति की मांग

**कोरबा।** छ.ग. शासन के उप मुख्यमंत्री, कोरबा जिला के प्रभारी मंत्री एवं नगरीय निकाय मंत्री अरूण साव आज कोरबा प्रवास पर पहुंचे और कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समीक्षा बैठक ली। बैठक के दौरान महापौर राजकिशोर प्रसाद ने नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत कई विकास कार्यों के लंबित होने की जानकारी दी और कई कार्य निरस्त होने की भी जानकारी दी और ज्ञापन सौंप कर मांग की, कि लंबित एवं निरस्त कार्यों की स्वीकृति प्रदान करें, ताकि क्षेत्र में विकास कार्य आगे बढ़ सके।महापौर द्वारा सौंपे गये ज्ञापन में कहा गया है कि तात्कालीन सरकार द्वारा अधोसंरचना मद से लगभग 80 कार्य स्वीकृत किये गये थे, जिनका प्रक्रिया अनुसार टेंडर जारी कर कार्यादेश भी जारी कर दिया गया था, लेकिन इनमें से 27 कार्यों को अप्रारंभ की स्थिति में शासन द्वारा निरस्त कर दिया गया था। शासन के निर्देशानुसार मेयर इन कांउसिल से गत 19 जून 2024 को स्वीकृत कर 398.00 लाख रूपये के 27 कार्यों को प्रस्ताव हेतु शासन को पुर्नस्वीकृति के लिये भेजा गया था, जो अब तक स्वीकृत नहीं हो पाये है, उन्हें स्वीकृति देने के लिए निवेदन किया गया है।आगामी नगरीय निकाय चुनाव में



आचार संहिता लग जाने के बाद उसकी पूरी प्रक्रिया स्थगित हो जायेगी, अतः उक्त कार्यों को स्वीकृति देने का आग्रह महापौर द्वारा किया गया।ज्ञापन में जिन लंबित कार्यों को स्वीकृति देने की मांग की गई है, उनके प्रमुख रूप से - निगम क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में तालाबों एवं उद्यानो का उन्नयन, मुक्तिधामों का उन्नयन, सड़क एवं नाली निर्माण कार्य, सामुदायिक भवन निर्माण कार्य सहित अन्य प्राथमिक कार्यों के लिए 156.00 करोड़ रूपये के प्रस्ताव शामिल हैं।इसके अलावा अधोसंरचना मद में 398.00 लाख रूपये के 27 कार्य प्रस्तावित हैं। सत्र 2024-25 के महापौर एवं पार्षद निधि से कराये जाने वाले 579.00 लाख रूपये के महत्वपूर्ण कार्य शामिल हैं। नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत कई आंगनबाड़ी केन्द्र जर्जर हो चुके हैं, इनकी मरम्मत के लिये प्रभारी मंत्री से स्वीकृति के लिये आग्रह किया गया हैं। इसके अलावा क्षेत्र के जर्जर अटल आवासों की मरम्मत के लिए राशि स्वीकृत करने की मांग की गई है। पम्प हाउस में 3 नग बोर खनन के लिए राशि मंजूरी के लिये आग्रह किया गया है। इसके अलावा निगम क्षेत्र में एलईडी लाइट लगाने किये जा रहे प्रयास की जानकारी महापौर ने प्रभारी मंत्री को दी और कुछ दिन पूर्व सौंपे गए ज्ञापन का भी स्मरण दिलाया।महापौर ने प्रभारी मंत्री से विशेष अनुरोध करते हुए कहा है कि ये समस्त कार्य अति महत्वपूर्ण और जनहित से जुड़े कार्य हैं, अतः इसे प्राथमिकता से संज्ञान में लें और स्वीकृति प्रदान करें।

# विधानसभा चुनाव के लिये झारखण्ड जाते समय कुनकुरी में सहप्रभारी से मिले कांग्रेसी



**कोरबा।** झारखण्ड विधानसभा चुनाव में प्रचार अब धीरे धीरे चरम पर पहुंच रहा है। चतरा लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत आने वाले 5 विधानसभा क्षेत्रों के लिये पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल को ऑब्जर्वर बनाया गया है, उनके निर्देश पर पनकी विधानसभा क्षेत्र के सह प्रभारी विकास सिंह, मणिका विधानसभा क्षेत्र के सह प्रभारी विजय यादव, पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल के निज सचिव प्राणनाथ मिश्रा, विधानसभा क्षेत्र कोरबा से कांग्रेस आईटी सेल के अध्यक्ष अमित सिंह आज झारखंड के लिए निकले और कुनकुरी पहुंचने पर वहां प्रवास पर पहुंची कांग्रेस प्रदेश संगठन सह प्रभारी जरिता लैतफलांग से सौजन्य मुलाकात की और आवश्यक चर्चाएं भी हुईं। श्रीमती लैतफलांग ने कांग्रेस नेताओं को आवश्यक सुझाव भी दिये और मिशन 2024 की कामयाबी के लिए अपनी शुभकामनाएं भी दी। सौजन्य मुलाकात के बाद वे सभी झारखण्ड के लिये रवाना हो गये।सभी सहप्रभारी झारखंड पहुंचने के बाद विकास सिंह पनकी और विजय यादव मणिका विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेसियों से आज आवश्यक मुलाकात कर बैठक लेंगे और कांग्रेस प्रत्याशियों के पक्ष में जीत के लिए प्रचार भी करेंगे।

## ओपन विवि में प्रवेश के लिए आवेदन 31 अक्टूबर तक

कोरबा। पंडित सुंदरलाल शर्मा मुक्त विश्वविद्यालय के डिग्री व डिप्लोमा कोर्स में प्रवेश के लिए 31 अक्टूबर तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। बीए, बीएससी, बीकॉम, बीबीए, एमए, एमएससी, पीजीडीसीए, डीसीए, पीजीडीवायएस, सर्टिफिकेट इन गुड्स एंड सर्विस टैक्स, बी. लिब, साइबर लॉ, लेबर लॉ, योग व रामचरित मानस जैसे पाठ्यक्रम में छात्र-छात्राएं प्रवेश ले सकते हैं। शासकीय पीजी कॉलेज कोरबा, गवर्नमेंट मुकुटधर पांडेय कॉलेज कटघोरा और शासकीय कॉलेज गेवरा में विश्वविद्यालय का अध्ययन केन्द्र स्थापित है। एडमिशन व अधिक जानकारी के लिए अध्ययन केन्द्र से संपर्क कर सकते हैं।

## सेवा में कमी के विरुद्ध उपभोक्ता फोरम का निर्णय

कोरबा । जिला उपभोक्ता फोरम नेऑनलाइन प्लेटफॉर्म फ्लिपकार्ट के विरुद्ध फैसला सुनाया है परिवादी की ओर से अधिवक्ता धनेश कुमार सिंह ने की पैरवी।पंडित रविशंकर शुक्ल निवासी रविंद्र सिंह ने ऑनलाइन प्लेटफॉर्म फ्लिपकार्ट से अपने पुराने मोबाइल को एक्सचेंज करके नया मोबाइल खरीदा. फ्लिपकार्ट के द्वारा रविंद्र सिंह को नया मोबाइल तो दे दिया गया परंतु एक्सचेंज ऑफर के तहत उनके पुराने मोबाइल को तकनीकी दिक्कतों का हवाला देकर वापस लेने से मना कर दिया जिससे व्यथित होकर रविंद्र सिंह ने अपने अधिवक्ता धनेश कुमार सिंह के माध्यम से जिला उपभोक्ता फोरम में फ्लिपकार्ट के विरुद्ध परिवादी लगाया,जिस पर आयोग के सदस्यों द्वारा दोनों पक्षों को सुनने के पश्चात परिवादी के पक्ष में फैसला सुनाते हुए मोबाइल एक्सचेंज के तहत मिलने वाली रकम 6 हजार रुपए, मानसिक छतिपूर्ति के 3 हजार रुपए एवं वादवय के रूप में 5 हजार रुपए 30 दिनों के भीतर परिवादी को देने का आदेश सुनाया. ऐसा न करने पर आदेश दिनांक से भुगतान दिनांक तक 6त्न वार्षिक दर से भुगतान करना होगा।

**कोरबा।** उरगा थाना के अंतर्गत तिलकेजा गांव के तालाब के पास 38 वर्षीय गुरदेव सिंह कंवर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई ।वह घर पर यह बात कर गया था

## बाइक और ट्रक चालक से लूट,तीन गिरफ्तार

कोरबा। रास्ता चलते लोगों को रोकने के साथ डरा धमका कर लूटपाट करने वाले तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। 3 बाइक, 5 मोबाइल, नकली पिस्टल और नगदी रकम बरामद की गई है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है। लूट की अन्य घटनाओं के सिलसिले में उनकी संलिप्तता का पता किया जा रहा है।

कोरबा जिले के काचांदी नाला और बरबसपुर क्षेत्र में पिछले कुछ दिनों से लूटपाट करने वाला गिरोह सक्रिय था। नकली पिस्तौल से हवाई फायर कर रात के अंधेरे में आरोपियों के द्वारा ट्रक और बाइक चालकों को निशाने पर लिया जाता था। हाल में ही इस क्षेत्र में घटना हुई थी जिसमें लूटपाट होने को लेकर पीड़ित पक्ष के द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। उरगा व सिविल लाइंस पुलिस थाना के सीमावर्ती इलाके मैं हुई घटना को लेकर जांच पड़ताल शुरू की गई। नगर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि आरोपियों के बारे में मिली जानकारी के आधार पर पतासाजि शुरू की गई। इस दौरान पुलिस के पास तथ्य आए और तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया जबकि एक फरार है।पुलिस अधिकारी ने बताया कि आरोपियों के कब्जे से नकली पिस्टल पांच मोबाइल तीन बाइक और नदी रकम भी मिली है। त्योहार सीजन नजदीक होने के कारण लगभग सभी क्षेत्रों में खरीदारी बड़ी हुई है और लोग अपने जरूरत के हिसाब से खर्च कर रहे हैं। ऐसे में शाम ढलने के बाद लोगों की वापसी होने पर अराजक तत्व की सक्रियता चुनौती का विषय बनी हुई है।

# व्याख्याता भरतलाल को बीआरसी पद से हटाकर मूल संस्था हाईस्कूल पाली भेजने कलेक्टर निर्देश पर अमल नही

**कोरबा/पोड़ी उपरोड़ा।** कलेक्टर अजीत वसंत ने बीते शुक्रवार 18 अक्टूबर को स्कूल शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक ली। इस दौरान उन्होंने जिले में शैक्षणिक व्यवस्था को बेहतर बनाने और संचालित योजनाओं की दिशा में कार्य करने के निर्देश शिक्षा अधिकारियों को दिए। साथ ही पोड़ी- उपरोड़ा विकासखण्ड स्त्रोत समन्वयक के पद से व्याख्याता भरतलाल कुर्रे को तत्काल हटाकर मूल संस्था हाईस्कूल पाली के लिए कार्यमुक्त करने के निर्देश जिला शिक्षाधिकारी को दिए। बावजूद इसके शिक्षा विभाग ने कलेक्टर निर्देश का पालन अबतक नही किया है।

ज्ञात हो कि व्याख्याता भरतलाल कुर्रे द्वारा 14 माह अनुपस्थित तरीके से लाखों वेतन आहरण करने की शिकायत जिला कांग्रेस कमेटी ब्लाक अध्यक्ष बबलू मारूवा ने 10 जुलाई को जिला शिक्षा अधिकारी से कर जांच व कार्रवाई की मांग की थी।

शिकायत के आधार पर कराए गए विभागीय जांच में मई 2023 से जून 2024 तक व्याख्याता भरतलाल को गैर हाजिर तरीके से 14 माह का वेतन लेने का दोषी पाया गया तथा 20 अगस्त को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। इस दरमियान उन्हें पोड़ी उपरोड़ा विकासखण्ड स्त्रोत समन्वयक की जवाबदारी शिक्षा विभाग ने सौंप दी। कलेक्टर अनुशंसा पर व्याख्याता भरतलाल के तनख्वाह से 14 माह का बिना उपस्थिति प्राप्त वेतन को समान मासिक किश्तों में वसूली के आदेश जिला शिक्षाधिकारी ने आहरण संवितरण अधिकारी प्राचार्य कोरबी चोटिया को पूर्व से दिए है।

वहीं पोड़ी उपरोड़ा जनपद पंचायत की अध्यक्ष श्रीमती संतोषी पेन्द्रों द्वारा 07 अक्टूबर को कलेक्टर जनदर्शन में व्याख्याता भरतलाल कुर्रे को बीआरसी पद से हटाकर मूल संस्था भेजने शिकायत पत्र दी थी, जिसमे उन्होंने हाईस्कूल पाली में अध्यापन कार्य हेतु केवल दो व्याख्याता होने, जिसमे से व्याख्याता भरतलाल कुर्रे को बीआरसी बनाए जाने से बच्चों की पढ़ाई प्रभावित होने उल्लेख की थी। कलेक्टर ने जिसे संज्ञान में लिया और 18 अक्टूबर को लिए गए स्कूल शिक्षा विभाग के समीक्षा बैठक में व्याख्याता को मूल संस्था के लिए तत्काल कार्यमुक्त करने के निर्देश जिला शिक्षाधिकारी टी.पी. उपाध्याय को दिए है। किंतु शिक्षा विभाग ने कलेक्टर के उक्त निर्देश का अबतक पालन नही किया है। ऐसे में यह माना जा रहा है कि व्याख्याता भरतलाल शिक्षा विभाग के आंखों का तारा बना हुआ है, जिन्हें बीआरसी पद से हटाने कलेक्टर निर्देश को दरकिनार किया जा रहा। जिससे विभाग के कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे है।

# समाज सेवा के लिए अहिल्याबाई पूर्णतः थीं समर्पित :लखन लाल देवांगन



कोरबा । भारत देश के इतिहास अत्यंत गौरवशाली एवं वैभवशाली रहा है। यह गौरवशाली एवं वैभवशाली इतिहास इस देश के नागरिकों के पुरूषार्थ से बना है, न कि किसी सरकार या संस्था से। भारत माता की इस पुण्य भूमि में कितने ही संत महात्मा, सपूतों को जन्म दिया है, जिन्होंने विश्व कल्याण के लिए कार्य किया है। ऐसे ही लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर हैं जिन्होंने एक बेटी, एक बहू , एक मां, एक सैनिक और एक शासक के रूप में श्रेष्ठ कार्य किया है। ऐसा कोई क्षेत्र अछूता नहीं रहा जिस क्षेत्र में देवी अहिल्याबाई होल्कर ने काम न किया हो। उनका व्यक्तित्व एवं कृतित्व महान है।

उक्त बातें छत्तीसगढ़ शासन के उपमुख्यमंत्री सह लोक निर्माण, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, विधि और विधायी कार्य, नगरीय प्रशासन विभाग एवं जिले के प्रभारी मंत्री श्री अरूण साव ने अग्रसेन कन्या महाविद्यालय में आयोजित पुण्यश्लोक लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर त्रिशताब्दी जयंती समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में कही।मंत्री श्री अरूण साव ने कहा कि महिला होकर उन्होंने लंबे समय तक अच्छे प्रशासक के रूप में कार्य करके महिला सशक्तिकरण का विश्व को संदेश दिया। लोकमाता जितनी सुसंस्कारित एक बहू और बेटी थी उतनी ही सशक्त प्रशासक भी थी। देवी अहिल्याबाई के द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में किए गए कार्यों के कारण मालवा क्षेत्र आज भी सांस्कृतिक रूप से संपन्न है।

कार्यक्रम में उद्योग, व्यापार, वाणिज्य एवं श्रम मंत्री श्री लखन लाल देवांगन ने लोकमाता देवी अहिल्याबाई के द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में दिए गए अप्रतिम योगदान के विषय में बताया। उन्होंने कहा कि अहिल्याबाई की पहचान एक विनम्र एवं उदार शासक के रूप में थे। उनके हृदय में निर्धन एवं असहाय व्यक्तियों के लिए दया और परोपकार की भावना व्याप्त थी। उन्होंने समाज सेवा के लिए खुद को पूरी तरह समर्पित कर दिया था।

वह अपनी प्रजा और गरीबों की भलाई के बारे में सोचती थी और निर्धनों के लिए हमेशा सहायता के लिए तत्पर रहती थीं। कार्यक्रम में गणमान्य नागरिक सहित महाविद्यालय की छात्राएं उपस्थित थी।



## कथा में संतों का दर्शन हो जाए वहीं कथा सबसे अच्छी है : आचार्य रत्नेश

**जांजगीर चांपा।** श्री सालासर बालाजी, अग्रसेन भवन, रायपुर में आयोजित श्री शिव महापुराण कथा में महामंडलेश्वर राजेश्री महन्त रामसुन्दर दास जी महाराज सम्मिलित हुए। उन्होंने व्यास पीठ पर विराजित अनंत श्री विभूषित श्रीधाम अयोध्या से पधारे हुए आचार्य रत्नेश प्रपन्नाचार्य जमहाराज का शाल श्रीफल से सम्मान किया। आचार्य जी ने भी पुष्पमाला पहनकर अभिवादन किया। इस अवसर पर राजेश्री महन्त जी महाराज ने श्रोताओं को अपना आशीर्वचन प्रदान करते हुए कहा कि- आचार्य श्रीधाम अयोध्या से पधारे हुए हैं वे मानस मर्मज्ञ हैं। उन्हें वाल्मीकि रामायण कंठस्थ है। श्री राम कथा में वे प्रायः वाल्मीकि रामायण की ही कथा श्रोताओं को सुनते हैं जिसे सुनकर लोग भाव विभोर हो जाते हैं। एक माह के अंदर छत्तीसगढ़ में उनका तीसरी बार पदार्पण होगा जो हम सभी के लिए सौभाग्य की बात है। इस अवसर पर आचार्य जी ने कहा कि- मैं विगत 22- 23 वर्षों से लोगो श्री राम कथा सुनाते आ रहा हूं। इस लंबे समय अंतराल में मैंने महाराज जी के जैसा कोई संत नहीं देखा जो एक आसन पर बैठकर प्रत्येक दिन 7 - 8 घंटे तक भगवान की कथा का रसपान करता हो! आज उनका दर्शन लाभ हम सभी को प्राप्त हो रहा है यह ईश्वर की कृपा का प्रतिफल है। उल्लेखनीय है कि आचार्य रत्नेश प्रपन्नाचार्य जी महाराज 13 नवंबर से 21 नवंबर सन 2024 तक दूधाधारी मठ में तथा उसके पश्चात शिवरीनारायण मठ में संगीतमय श्री राम कथा एवं भव्य संत सम्मेलन में व्यास पीठ पर विराजित होंगे।

# कार्यकर्ता जनता के बीच में रहकर जनहित के कार्यों में करें सहयोग

**जांजगीर-चांपा।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय सचिव एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस प्रभारी विजय जांगिड़ ने बुधवार 23 अक्टूबर को अग्रसेन भवन में जिला कांग्रेस कमेटी के कांग्रेस जनो की बैठक लेकर जिला एवं ब्लाक कांग्रेस के संगठनात्मक गतिविधियों को बढ़ाने निर्देशित किए।

बैठक में उपस्थित पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए श्री जांगिड़ ने कहा कि प्रत्येक माह हर ब्लाक एवं जोन स्तर पर नियमित बैठक किया जाना जरुरी होगा। साथ ही नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए कार्यकर्ताओं को जनता के बीच रहकर जनहित में कार्य करने के लिए निर्देशित किए। कार्यक्रम में सर्व प्रथम राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी एवं भारत रत्न संविधान निर्माता डॉक्टर अंबेडकर जी के तेल चित्र पर माल्यार्पण अर्पित कर धूप दीप प्रज्वलित किए तत्पश्चात जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी जिला

अध्यक्ष रमेश पैगवार द्वारा स्वागत भाषण दिए और जांजगीर चांपा विधायक ब्यास कश्यप, पामगढ़ विधायक श्रीमती शेष राज हरबंस, पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष दिनेश शर्मा, पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती मंजू सिंह, जिला पंचायत उपाध्यक्ष राघवेन्द्र प्रताप सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष भगवान दास गढ़वाल, संदीप यादव, हर प्रसाद साहू, गिरधारी यादव, संदीप अग्रवाल, प्रिंस शर्मा, देव कुमार पांडेय,श्रीमति सीमा शर्मा, कल्याण सिंह बर्मन



आदि ने कांग्रेस संगठन के बैठक में कार्यकर्ताओं को निर्देश देते राष्ट्रीय सचिव विजय जांगिड़ ने मजबूती के लिए विचार व्यक्त किए कार्यक्रम का संचालन जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष रफीक सिद्धकी ने आभार प्रदर्शन जिला कांग्रेस महामंत्री आभाष बोस ने किया।

बैठक में प्रमुख रूप से ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष गण नवल सिंह, नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष राजेश अनिल मोदी,अग्रवाल, रविंद्र शर्मा, राम शंकर सिंगसर्वा, महेश्वर टंडन, सुनील साधवानी, गोबिंद कश्यप, सदन यादव, डॉक्टर परस शर्मा, राम कुमार पटेल, अजित सिंह राणा, विवेक सिसोदिया, संतोष बबाई गढ़वाल, रामकुमार यादव, शिशिर द्विवेदी, सौरभ सिंह, महारथी बघेल,घासी राम चौहान, उत्तम पाटले, सौरभ सिंह, किशन सोनी, अनिल मोदी, हरदेव देवांगन, जीवन बंजारे, आकाश तिवारी, मुस्कान परवीन, दुलौरीन चौरसिया, शशि जगत, चंद्रमणि गढ़वाल, जगदीश जा टवार, द्वारिका राठौर, लक्ष्मी नारायण देवांगन, रवि कुमार कश्यप, श्याम साहू, रामेश्वर यादव, अरमान खान, विजय प्रकाश तिवारी, शांति कुमार साहू, राकेश दत्त पाठक, सुशांत कुमार सिंह, भविष्य चंद्राकर, सतीष सिंह बैंस, रफीक खान, भगवंतीन यादव, दिलेश्वर साहू, गोवर्धन प्रधान, रामकुमार बंजारे, अनिल चौरसिया, संतोष गढ़वाल बाबई, संतोष यादव, नागेंद्र गुप्ता गुलशन सोनी सुनील साधवानी हरीश पांडे नंदलाल कश्यप, मनोहर प्रधान, मनोज यादव, राजेश्वर राठौर, अविनाश साहू, सत्य प्रकाश मुन्ना सिंह, कमल सिंह मरावी, यदुनंदन शर्मा, अंकित तिवारी, अमन तिवारी, प्रिया सिंह ठाकुर, गौतम राठौड़, हीरा उपाध्याय, देव गढ़वाल, नरसिंहा यादव, भूषण लाल, किशोर रत्नाकर, जितेंद्र दिनकर सहित कांग्रेस कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## फर्जी एसबीआई में नौकरी लगाने के नाम पर ठगी

**जांजगीर-चांपा।** फर्जी एसबीआई शाखा में नौकरी लगाने के नाम पर ठगी करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामला मालखरौदा थाना अंतर्गत ग्राम छपोरा का है। जानकारी के अनुसार प्रार्थी जीवराखन कावड़े मुख्य प्रबंधक (प्रशासन) ने 27 सितंबर को रिपोर्ट दर्ज कराया कि ग्राम छपोरा में फर्जी भारतीय स्टेट बैंक शाखा 18 सितंबर से खुला है, जहां 6 व्यक्ति काम कर रहे है। पूछताछ करने पर अनिल भास्कर एवं अन्य के द्वारा एक राय होकर भारतीय स्टेट बैंक में नौकरी लगाने के नाम पर रुपए लेकर कल पूर्वक कूट रचना करते हुए फर्जी ज्वाइनिंग लेटर देकर फर्जी बैंक खोल कर धोखाधड़ी की है। उच्चाधिकारियों के निर्देशन में मामले के फरार आरोपी नरेन्द्र साहू के घर ग्राम कुंवामलगी थाना कुण्डा को टीम के मदद से उसके घर में घेराबंदी पकड़ा गया। उसने एसबीआई में कैशियर के पद पर नौकरी लगाने के नाम पर अपने अन्य साथी के कहने पर पिन्टू मरावी से 30 हजार रुपए ठगी करने की बात स्वीकार की। मामले में आरोपी से 1 नग मोबाईल फोन जप्त किया है। आरोपी के विरुध्द पर्याप्त सबूत पाये जाने से गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया।

## दिवाली मनाने घर आ रही युवती को हाइवा ने लिया चपेट में, मौत

**बलौदा।** दीपावली मानने अपने घर आ रही युवती को हाइवा वाहन ने अपनी चपेट में ले लिया जिससे उसकी मौत हो गई। साथ बैठे साथी को गंभीर चोट लगने के कारण बिलासपुर रिफर किया गया है। घटना पंतोरा सड़क ग्राम मुड़ाभाठा के पास की है। पुलिस के मुताबिक नवगवां निवासी प्रियांशु यादव उम्र 22 वर्ष पिता कृष्ण कुमार यादव दीपावली की छुट्टी लेकर अपने स्कूटी से कोरबा से अपने गांव आ रही थी। ग्राम पंतोरा मुड़ाभाठा के पास पहुंची थी कि तेज रफ्तार हाइवा वाहन क्रमांक सीजी 15डीएस-4514 के चालक द्वारा लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बिना सिग्नल दिए सड़क किनारे ब्रेक लगाने से स्कूटी चालक प्रियांशु यादव अपने साथी किशन मरकाम सहित हाइवा की चपेट में आ गई। हाइवा की चपेट में आने प्रियांशु की सिर में गंभीर चोट व किशन की भी सिर में चोट लगने से घायल अवस्था में सड़क में पड़े थे। पंतोरा बलौदा मेन रोड़ में दुर्घटना की सूचना मिलते ही पंतोरा पुलिस ने घायल अवस्था में दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बलौदा भेजा गया, जहां हॉस्पिटल में डाक्टर में प्रियांशु को मृत घोषित कर दिया। वही घायल किशन की स्थिति को देखते हुए सिम्स बिलासपुर कर दिया गया । पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया गया।

# डोंगाकोहरौद में दो मकानों से लाखों के अवैध पटाखे जब्त

**जांजगीर/पामगढ़ । अवैध** पटाखा डंपिंग को लेकर जिले में पहली कार्रवाई हुई है। पामगढ़ पुलिस को इसमें सफलता मिली है। ग्राम डोंगाकोहरौद में पुलिस ने दो मकान ने बड़ी मात्रा में पटाखा पकड़ा है। जब्त पटाखा की कीमत लाखों रुपए में बताई जा रही है। मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। बहरहाल मामले में पुलिस कार्रवाई कर रही है। पुलिस के अनुसार, मुखबिर से उन्हें सूचना मिली कि ग्राम डोंगोकोहरौद के बड़ी मात्रा में अवैध तरीके से पटाखा डंप कर रखा गया है। थाना प्रभारी मनोहर सिन्हा ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस ने वहां जाकर दबिश दी जहां मकान के अंदर बड़ी मात्रा में पटाखा रखा मिला। भवन मालिक के पास पटाखा बिक्री के संबंध में किसी तरह का लाइसेंस नहीं मिला। इस पर शिवचरण कश्यप पिता लक्ष्मण प्रसाद के पास से 1 कार्टून दो बोरी में 13600 रुपए का पटाखा व खगेन्द्र कौशिक पिता कांति कौशिक के पास से 10 कार्टून पटाखा जब्त किया गया जिसकी कीमत लाखों में बताई जा रही है। टीम की मौजूदगी में पंचनामा की कार्रवाई करते हुए अवैध पटाखों को जब्त कर लिया है। बहरहाल मामले में पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

**जिले के अन्य थाना क्षेत्र में कार्रवाई नहीं**

उल्लेखनीय है कि दिवाली से पहले ही रिहाइशी इलाकों में पटाखें डंप कर लिए जाते हैं। पिछले साल जिलेभर में पुलिस ने दर्जनभर से ज्यादा कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से पटाखा डंप करने वालों पर कार्रवाई की थी। लाखों का पटाखा जब्त किया गया था लेकिन इस बार अब तक एक भी कार्रवाई नहीं



हुई। जैसे कानून के लंबे हाथ इस बार अवैध पटाखा को पकड़ने में छोटे पड़ गए हैं। बुधवार को पामगढ़ में हुई कार्रवाई को छोड़ दिया जाए तो इस सीजन में अवैध पटाखों पर कार्रवाई के नाम पर पुलिस का रिकार्ड शून्य है।

## कम से कम पंद्रह स्कूलों का करें निरीक्षण : आदित्य

**जांजगीर-चांपा।** शिक्षा विभाग बिलासपुर के संयुक्त संचालक आर.पी. आदित्य के द्वारा आडिटोरियम जांजगीर में एक समीक्षा बैठक ली गई। बैठक में उन्होंने जिले में संचालित सभी विद्यालयों . के विद्यार्थियों, शिक्षकों की नियमिति उपस्थिति तथा बच्चों के स्तर में सुधार एवं निम्न बिंदुओं पर समीक्षा की।

# दुर्घटना कारित वाहन का नहीं था फिटनेस

**चांपा।** भालेराय मैदान में दशहरा उत्सव के दौरान जिस स्काई लिफ्टर मशीन से दुर्घटना हुई, वह नगरपालिका चांपा का वाहन था। इस वाहन के संबंध में सामने आई नई जानकारी ने नगरपालिका के अफसरों की मनमानी और घोर लापरवाही की पोल खोलकर रख दी है। ताजा जानकारी के मुताबिक, इस वाहन का फिटनेस तीन माह पहले ही खत्म हो गया था, तो वहीं वाहन का बीमा वर्ष 2023 में समाप्त हो गया। इसके बावजूद नगरपालिका के अफसरों की लापरवाही से इस गाड़ी का उपयोग किया जा रहा था। जिसका परिणाम यह हुआ कि दशहरा उत्सव में एक व्यक्ति का जीवन पूरी तरह से बर्बाद हो गया है।

बगैर इंश्योरेंस व फिटनेस की कोई आम आदमी की गाड़ी सड़कों पर चलती मिल जाए या फिर दुर्घटना हो जाए तो पुलिस वाहन मालिक के खिलाफ जुर्माने के साथ ही कड़ी कार्रवाई करती है। लेकिन यही गलती अब नगरपालिका के अफसरों की सामने आई तो फिर ऐसे में क्या कार्रवाई होगी, इस ज्वलंत सवाल के जवाब का सभी को इंतजार रहेगा। चांपा दशहरा उत्सव के दौरान जिस स्काई लिफ्टर वाहन क्रमांक सीजी 11 बीएफ 4623 दुर्घटनाग्रस्त हुआ था, उस वाहन के संबंध में मिली ताजा जानकारी ने नगरपालिका के जिम्मेदारों की लापरवाही की कलई खोलकर रख दी है।

जानकारी के मुताबिक, उक्त वाहन का फिटनेस 13 जुलाई 2024 को समाप्त हो गया था। वहीं इस वाहन का इंश्योरेंस मार्च 2023 को समाप्त हो गया था। इसके बावजूद बगैर फिटनेस व इंश्योरेंस के इस वाहन को सड़क पर मौत का सामान बनाकर दौड़ाया जाना घोर लापरवाही है। इस संबंध में नगर पालिका के सीएमओ और सब इंजीनियर गोलमोल जवाब देकर मामले को रफ़ा दफा करने के चक्कर में है।

काल बनकर और कितने वाहन दौड़ रहें हैं ! दूसरी ओर, नगरपालिका के इस एक वाहन के संबंध में छानबीन करने पर यह जानकारी सामने आई है। जबकि यहां ऐसे और कितने वाहन है, जो सड़कों पर काल बनकर दौड़ रहे हैं और किन किन वाहनों का फिटनेस और इंश्योरेंस नहीं है, इन सबकी जांच होनी चाहिए। इस पूरे मामले को गंभीरता से लेते हुए लापरवाह अफसरों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई किए जाने की मांग क्षेत्रवासी जोरशोर से करने लगे हैं। सबसे ध्यान किने वाली बात यह है कि दशहरा उत्सव के इस कार्यक्रम में कलेक्टर एवं एसपी स्वयं मौजूद थे जिनकी मौजूदगी में यह हादसा हुआ है जहां प्रभावित व्यक्ति के प्रति सिंपैथी होनी चाहिए वही उनके इलाज आदि के लिए भी सहायता राशि दिए जाने की जरूरत है क्योंकि यह दशहरा उत्सव का आयोजन नगर में समिति दरा जन भावनाओं को देख कर किया जा रहा था।

## मेडिकल संस्थानों का निरीक्षण, आधा दर्जन से अधिक पर निलंबन की कार्रवाई

**जांजगीर-चांपा।** खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग की टीम द्वारा मेडिकल संस्थानों का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान आधा दर्जन से अधिक संस्थानों में अनियमितता की शिकायत पाई गई। जिस आधार पर मेडिकल संस्थानों पर निलंबन की कार्रवाई की गई है।

ज्ञात हो क कार्यालय उपसंचालक, खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम द्वारा मेडिकल प्रतिष्ठानों में निरीक्षण के दौरान पाई गई अनियमितताओं के आधार पर प्रतिष्ठानों को नोटिस जारी किया गया है। जिसके जवाब का अवलोकन करने के पश्चात गुण दोष के आधार पर उक्त प्रतिष्ठानों का लाइसेंस 3 से 12 दिवस के लिए निलंबित किया गया है। सहायक औषधि नियंत्रक खाद्य एवं औषधि प्रशासन ने बताया कि मेसर्स अंजली मेडिकल स्टोर्स नवागढ़ 3 दिवस, मेसर्स जय मेडिकल स्टोर्स नवागढ़ 10 दिवस, मेसर्स, गौतम मेडिकल स्टोर्स, नवागढ़ 10 दिवस,मेसर्स निशा मेडिकल स्टोर्स बम्हीनीडीह 10 दिवस, मेसर्स महेश मेडिकल स्टोर्स चांपा 12 दिवस, मेसर्स छाया मेडिकल स्टोर्स जैजेपुर 12 दिवस एवं मेसर्स वैभवी मेडिकल स्टोर्स मालखरौदा 5 दिवस, मेसर्स प्रीति मेडिकल स्टोर्स मालखरौदा 12 दिवस के लिए लाइसेंस निलंबित किया गया है। सहायक औषधि नियंत्रक खाद्य एवं औषधि प्रशासन ने सभी मेडिकल स्टोर्स के संचालक को निर्देशित किया है कि मेडिकल स्टोर्स का संचालन औषधि एवं सौन्दर्य प्रशाधन सामग्री अधिनियम 1940 एवं नियमावली 1945 के तहत करना सुनिश्चित करें अन्यथा सख्त कार्यवाही की जावेगी।

## दैहिक शोषण का आरोपी गिरफ्तार

**चांपा।** नाबालिक बालिका को दिनांक 15.10.2024 के शाम करीब 05.30 बजे कोई अज्ञात व्यक्ति् द्वारा उसके घर से बहला फुसलाकर भगाकर ले गया है की रिपोर्ट पर थाना अकलतरा में अपराध क्रमांक 493/24 धारा 137(2) BNS कायम कर विवेचना मे लिया गया था।

नाबालिक पर घटित अपराध को गंभीरता से लेते हुए विवेक शुक्ला पुलिस अधीक्षक जांजगीर चांपा के निर्देशन में तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेंद्र कुमार जायसवाल के मार्गदर्शन में अपहृत बालिका एवं अज्ञात आरोपी की पतासाजी हेतु थाना स्तर से टीम गठित किया गया।

आरोपी अभिनव सिह ध्रुव निवासी बरगंवा स्कूल पारा थाना अकलतरा को उसके सकुनत से पकड़ा जिसको हिरासत मे लेकर पूछताछ करने पर बताया कि अपहृता को शादी का झासा देकर बहला फुसलाकर अपने साथ मे रखना व दैहिक शोषण करना जुर्म स्वीकार करने पर प्रकरण मे धारा 87,64(1) BNS 4,6 पाक्सो एक्ट जोडी गई है।

## निर्धारित समय पर नहीं खुलता उप स्वास्थ्य केंद्र, हो रही परेशानी

**जांजगीर चांपा।** शासन के निर्धारित समय पर उप स्वास्थ्य केंद्र नहीं खुलता है। उप स्वास्थ्य केंद्र में ताला लटकने से. यहां के मरीजों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उप स्वास्थ्य केंद्र के जिम्मेदार प्रभारी के लापरवाही एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की उदासीनता के कारण ग्रामीण मरीजों को बेवजह परेशान होना पड़ रहा है। गौरतलब है कि नवीन जिला सक्ती के विकासखंड जैजैपुर के अंतर्गत उप स्वास्थ्य केंद्र करही (किकिरदा) में शासन के निर्धारित समय पर नहीं खुलने से सुबह 11 बजे के बाद भी ताला लटकने से उप स्वास्थ्य केंद्र करही में इलाज कराने के लिए पहुंचे ग्रामीण एवं मरीजों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उप स्वास्थ्य केंद्र करही में इलाज कराने पहुंचे महराज गिरी गोस्वामी, अजय कुमार, रामबाई, कुमारी आदि एक दर्जन से अधिक मरीजों ने बताया कि उप स्वास्थ्य केंद्र करही के प्रभारी सीएचओ अर्थात ग्रामीण सहायक स्वास्थ्य अधिकारी प्रत्येक दिन शासन के निर्धारित समय पर उप स्वास्थ्य केंद्र नहीं पहुंचते हैं। जिसके कारण यहां पर इलाज कराने पहुंचे मरीजों को बेवजह इंतजार करने के कारण भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। यहां पर पदस्थ सी एच ओ अर्थात ग्रामीण सहायक स्वास्थ्य अधिकारी एवं उप स्वास्थ्य केंद्र करही प्रभारी सही समय पर नहीं आते हैं और दोपहर में ही प्रत्येक दिन जल्दी अपने घर चले जाते हैं। यहां के प्रभारी उप स्वास्थ्य केंद्र में इलाज बिल्कुल ही कम करते हैं। समय से पहले घर चले जाने के कारण एवं उनके कार्य शैली से मरीजों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने करही के उपस्वास्थ्य केन्द्र को हटाने की मांग की है।

**की जाएगी कार्रवाई**

उप स्वास्थ्य केन्द्र करही में ताला लटके होने एवं प्रभारी के समय पर नहीं पहुंचने को लेकर जांच उपरांत कार्रवाई की जाएगी।

-डॉ. उमाशंकर साहू बीएमओ, जैजैपुर

# 140 लीटर अवैध शराब के साथ 6 गिरफ्तार

**चांपा।** विवेक शुक्ला पुलिस अधीक्षक जांजगीर चांपा के निर्देशन में जिला पुलिस जांजगीर चांपा द्वारा अवैध शराब बिक्री पर अंकुश लगाने के लिए लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में दिनांक 23.10.24 को जरिये मुखबीर सूचना मिला कि ग्राम खरौद एवं आसपास के ग्राम रिंगनी, बेल्हा, तुस्मा में कुछ लोगों के द्वारा अवैध रूप से भारी मात्रा में कच्ची महुआ शराब की बिक्री किया जा रहा है कि सूचना को गंभीरता से लेते हुए जिला पुलिस जांजगीर चांपा, राजस्व एवं आबकारी की संयुक्त रूप से टीम गठित किया गया।

संयुक्त गठित टीमों के द्वारा अति पुलिस अधीक्षक राजेंद्र कुमार जायसवाल एवम SDOP चांपा यदुमणी सिदार के कुशल मार्गदर्शन में अवैध शराब बिक्री करने वालो के विरूद्ध रेड कार्यवाही कर आरोपी 01. एनेंद्र उर्फ टेलर यादव उम्र 39 साल निवासी खरौद थाना शिवरीनारायण 02. गोरेलाल रात्रे उम्र 55 वर्ष निवासी राहौद थाना शिवरीनारायण 03. लक्ष्मीन गोंड उम्र 35 वर्ष निवासी तुस्मा थाना शिवरीनारायण 04. उमा देवी खटकर उम्र 40 वर्ष निवासी कुरियारी थाना शिवरीनारायण जिला जांजगीर चांपा सभी आरोपियों के कब्जे से जुमला कुल 140 लीटर हाथ भठठी से बनी अवैध कच्ची महुआ शराब जुमला कीमती 14000/ रूपये को बरामद किया गया, तथा रेड कार्यवाही के दौरान ग्राम खरौद, तुश्मा में लावारिश हालत में 40 बोरी महुआ लहान मिलने से मौके पर ही नष्ट किया गया।

उपरोक्त आरोपियों का कृत्य अपराध धारा सदर



का घटित करना सबूत पाये जाने से विधिवत् गिरफ्तार दिनांक 23.10.2024 को को न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है।

उपरोक्त कार्यवाही में SDOP चाम्पा श्री यदुमणी सिदार, नायब तहसीलदार पुष्पेंद्र कुमार राज, उप निरी. सागर पाठक थाना प्रभारी शिवरीनारायण, कृष्णपाल सिंह थाना प्रभारी बिर्रा, उपनिरी. बीएस लकडा, आबकारी उप निरीक्षक रमेश सिंह सिदार, विकास पाल सांण्डे, सउनि जयनंदन मार्बल प्रभारी पुलिस सहायता केंद्र राहौद, सउनि नीलमणी कुसुम, प्रमोद महार, नरेंद्र शुक्ला, सुनिल टैगोर, प्रआर. तारिकेश पाण्डेय, विजय निराला, आरक्षक द्वारीका साहू, रामकुमार कश्यप, तेरस साहू, लीलाराम साहू, चंद्रशेखर कंवर, पुनेश्वर आजाद, मआर. मोनिका जोगी, सरोजनी कटवार, सरिता लहरे का सराहनीय योगदान रहा।


**छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग**
**कार्यालय कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन संभाग क्र.1, अम्बिकापुर**
**जिला- सरगुजा (छ.ग.)**

**ई.प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**

eProcurement Portal : https://eproc.cgstate.gov.in

**(द्वितीय आमंत्रण)**

सिस्टम निविदा क्र. 160261 निविदा सूचना क्र. ..01/व.ले.लि./2024-25 दिनांक 21.10.2024 निम्नलिखित कार्यों के लिये दिनांक 08.11.2024 (17.30 बजे) तक ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है :-

| सं.क्र. | सिस्टम निविदा क्र. | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत |
|---|---|---|---|
| 1 | 160261 | माण्ड व्यपवर्तन योजना के मुख्य नहर पर मिट्टी का कार्य एवं वियर का मरम्मत तथा 1260 मी. सी.सी. चैनल का निर्माण एवं 04 नग एक्वाडक्ट तथा आर.बी.सी. में 105 नगर स्ट्रक्चर का निर्माण कार्य। | रू. 2933.02 लाख |

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 28.10.2024 समय 17.31 बजे से देखे तथा डाउनलोड किये जा सकते हैं।
नोट : निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित/पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है।

**कार्यपालन अभियंता**
जी-242503383/8 **जल संसाधन संभाग क्र.1,अम्बिकापुर (छ.ग.)**



**न्यायालय तहसीलदार कोरबा**
**जिला- कोरबा (छ.ग.)**

**// ईश्तहार//**

202410050400003
रा.प्र.क्र.- अ-6-अ/ 2024-25
ग्राम-कोरबा, प.ह.नं.16

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भूमिस्वामी/आवेदक मोहम्मद जाहिद मेमन पिता मोहम्मद इकबाल मेमन जाति मुसलमान निवासी प्लाट नंबर 37 एच.एन.339 इंदिरा कामर्शियल काम्पलेक्स कंधारी ऑटो मोबाइल के पास टी.पी.नगर कोरबा तहसील व जिला कोरबा द्वारा ग्राम कोरबा प.ह.नं. 16 रा.नि.मं. कोरबा-1 स्थित परिवर्तित भूमि ख.नं. 655/1/ख रकबा 0.08 1/2 ए./0.034 हे. एवं ख.नं. 655/3 रकबा 0.09 ए./0.036 हे. भूमि को प्रस्तावित क्रेता जयप्रकार सिंह पिता स्व. राजनारायण सिंह जाति ठाकुर निवासी मिशन रोड ज्योति हायर सेकेण्डरी स्कूल के पीछे राताखार कोरबा के पास आम बाजार मूल्य अनुसार विक्रय करने की अनुमति बाबत् आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है, जो जांच एवं प्रतिवेदन हेतु कलेक्टर महो. कोरबा से अ.वि.अ. (रा.) कोरबा के माध्यम से इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपना दवा/आपत्ति इस न्यायालय में नियत तिथि दिनांक 06.11.2024 तक स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। समयावधि बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 22.10.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील मुद्रा से जारी।

सील **तहसीलदार कोरबा (छ.ग.)**



**छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड, कोरबा**

क्र. कायंको/विज्ञा./क्रय/4198 कोरबा, दिनांक : 23.10.2024

**''बिजली बंद की सूचना''**

कार्यपालन अभियंता (संचालन/संधारण) संभाग छ.स्टे.पॉ.डिस्ट्री.कं.लिमि. कोरबा के दीपका (उप-संभाग) अंतर्गत आने वाले सर्व सम्माननीय उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है, कि हरदीबाजार वितरण केन्द्र में अति आवश्यक रखरखाव कार्य एवं सुधार कार्य किये जाने के कारण निम्नलिखित फीडर/उपकेन्द्र में उनके समक्ष दर्शाये गये दिनांक एवं दिन के अनुसार दोपहर 01:00 बजे से दोपहर 03:00 बजे तक विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी।

| क्रमांक | दिनांक/दिन | फीडर का नाम | प्रभावित क्षेत्र |
|---|---|---|---|
| 1 | 25.10.2024 शुक्रवार | 33 के.व्ही. हरदीबाजार फिडर | 33/11 केव्ही हरदीबाजार उपकेन्द्र से निकलने वाले समस्त 11 के.व्ही. फीडर से संबंधित गांव रेकीं, उतरदा, हरदीबाजार, रेलडबरी एवं आसपास के क्षेत्र। |

नोट- 1. आवश्यकतानुसार समय-सीमा में परिवर्तन किया जा सकता है।
2. विद्युत देयक का भुगतान समय सीमा में करते हुये विद्युत विच्छेदन जैसे अप्रिय परिस्थितियों से बचें एवं कम्पनी को सहयोग प्रदान करें।

कार्यपालन अभियंता (सं./सं.) संभाग
छ.स्टे.पॉ.डिस्ट्री. कं.लि., कोरबा
S-41906/2



**कार्यालय नगर पालिका परिषद सक्ती, जिला -सक्ती ( छ.ग. )**

क्रमांक /245/ लो.नि.वि./ न.पा./2024 सक्ती, दिनांक 23/10/24

**मैनुअल पद्धति से निविदा सूचना**

अध्यक्ष/पार्षद निधि/जलकष्ट/मरम्मत संधारण/निकाय एवं अन्य मद अंतर्गत पंजीकृत फर्म/अधिकृत विक्रेता से नगर पालिका परिषद सक्ती में निम्नांकित कार्यों के लिए प्रपत्र ''ब'' में आईटम दर पर त्रि-लिफाफा पद्धति से पंजीकृत डाक/ स्पीड पोस्ट से निविदा आमंत्रित की जाती है। विस्तृत विवरण निम्नानुसार है:-

1. निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि :- 12.11.2024 समय 05:00 बजे तक
2. निविदा प्रपत्र जारी करने की तिथि :- 13.11.2024 समय 05:00 बजे तक
3. निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि :- 18.11.2024 समय 03:00 बजे तक
4. निविदा प्रपत्र खोलने की तिथि :- 18.11.2024 समय 04:00 बजे

| क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत राशि ( लाख में ) | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1. | जल प्रदाय सामाग्री क्रय | 18.00 | 18000 | 750 |
| 2. | विद्युत सामग्री क्रय | 10.00 | 10000 | 750 |
| 3. | सबमर्सिबल पंप क्रय | 10.00 | 10000 | 750 |
| 4. | सबमर्सिबल पंप मरम्मत कार्य | 10.00 | 10000 | 750 |
| 5. | स्टेशनरी, बाईडिंग, फोटोकापी, एवं स्टेशनरी संबधी कार्य | 5.00 | 5000 | 750 |

निविदा से संबंधित समस्त जानकारी कार्यालयीन समयावधि में पी.डब्ल्यू.डी. शाखा से प्राप्त किया जा सकता है। शेष शर्तें एवं जानकारियां कार्यालयीन अवधि में देखी जा सकती है।
**टीप:**-यदि नियत दिनांक को अपरिहार्य कारणों से निविदा खोलने की कार्यवाही संपादित नहीं होती है, तो आगामी दिवस की सूचना पृथक से जारी किया जावेगा।

''नगर पालिका के करों का भुगतान समय पर करें, जल ही जीवन है, इसे व्यर्थ न बहाएं''

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद, सक्ती**



**कार्यालय, नगर पालिक निगम, चिरमिरी**
जिला- मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर (छ.ग.)

क्र./2965/तक.-11/न.पा.नि./2024-25 चिरमिरी, दिनांक 23/10/2024

**ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना (द्वितीय आमंत्रण)**

Main Portal : http://eproc.cgstate.gov.in

नगर पालिक निगम चिरमिरी द्वारा निम्नानुसार वर्णित कार्यों हेतु ई-प्रोक्यूरमेण्ट के माध्यम से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| सिस्टम टेण्डर क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (लाख में) | अमानत राशि | समयावधि |
|---|---|---|---|---|
| 160368 | वार्ड क्र. 01, साजापहाड़ स्कूल से महेन्द्र कारीमाटी तक, साजापहाड़ चिरमिरी में सी.सी.रोड निर्माण कार्य (अधोसंरचना मद) | 49.50 | 37150/- | 06 माह |
| 160379 | वार्ड क्र. 40, 39, 38 एवं 36, डोमनहिल, चिरमिरी में पेयजल वितरण हेतु मेन पाईप लाईन विस्तार कार्य (15वां वित्त आयोग) | 47.88 | 35950/- | 05 माह |
| 160375 | वार्ड क्र. 40, 34 एवं 39, डोमनहिल, चिरमिरी में पेयजल वितरण हेतु पाईप लाईन विस्तार कार्य (15वां वित्त आयोग) | 47.66 | 35750/- | 05 माह |
| 160383 | वार्ड क्र. 35, 36, 37 एवं 38, डोमनहिल, चिरमिरी में पेयजल वितरण हेतु मेन पाईप लाईन विस्तार कार्य (15वां वित्त आयोग) | 48.24 | 36200/- | 05 माह |

उपरोक्तानुसार निविदा के संबंध में विस्तृत विवरण छत्तीसगढ़ शासन के ई-प्रोक्यूरमेंट पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in में देखा एवं डाउनलोड किया जा सकता है।

**कार्यपालन अभियंता**
**नगर पालिक निगम चिरमिरी, जिला-एम.सी.बी. (छ.ग.)**

## अनमोल वचन......

सूरज खिलने का वक्त हो गया फूल खिलने का वक्त हो गया
मीठी नींद से जागो मेरे दोस्त सपने हकीकत में बदलने का वक्त हो गया।

# रूस की युद्ध मशीन को ताकत मिली

*भारत रूस को प्रतिबंधित तकनीकों' का दूसरा सबसे बड़ा निर्यातक बन गया है। भारत से हुए निर्यात में माइक्रोचिप, सर्किट और मशीन-टूल्स शामिल हैं। पश्चिम का आरोप है कि इन वस्तुओं से रूस की युद्ध मशीन' को ताकत मिली है। इस खबर को पश्चिम में खूब तव्वजो मिली है और इस पर पश्चिमी राजनयिकों की तीखी प्रतिक्रिया फिर सामने आई है। खबर है कि भारत रूस को प्रतिबंधित तकनीकों' का निर्यात करने वाला चीन के बाद दूसरा सबसे बड़ा देश बन गया है। भारत ने जिन वस्तुओं का निर्यात बढ़ाया है, उनमें माइक्रोचिप, सर्किट और मशीन-टूल्स शामिल हैं। पश्चिमी राजनयिकों का आरोप है कि इन निर्यातों से रूस की युद्ध मशीन' को ताकत मिली है। यह खबर प्रकाशित होने के बाद अमेरिकी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि इससे जुड़ी चिंताएं फिर से भारतीय अधिकारियों के सामने उठाई जाएंगी। खबरों के मुताबिक भारत के जरिए रूस तक निर्यातों के पहुंचने के सवाल पर हाल के महीनों में अमेरिका और यूरोपियन यूनियन के अधिकारियों ने अपना खास ध्यान केंद्रित किया है। अधिकारियों ने मीडिया से कहा है कि उन्हें और भी ज्यादा नाराजगी इस पर हुई है कि जब कभी उन्होंने अपनी चिंताएं बताई, भारतीय अधिकारियों ने उन पर पर्याप्त ध्यान नहीं दिया। इस कारण ही हाल में रूस से कारोबार करने वाली कई भारतीय कंपनियों पर पश्चिमी देशों ने प्रतिबंध लगाए हैँ। फिलहाल भारतीय विदेश मंत्रालय ने इस बारे में कुछ कहने से इनकार किया है। लेकिन यह साफ है कि सभी पक्षों से रिश्ता रखने' की भारत सरकार की नीति अब पश्चिमी देशों को खासा चुभने लगी है। उनके रुख में एक तरह की तल्खी भी देखी जा रही है। इसे संभवतः कई माध्यमों से वे जता भी रहे हैं। यह साधारण बात नहीं थी कि पिछले महीने जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अमेरिका में थे, तभी उग्रवादी गुरपतवंत सिंह पन्नू के गुट की बात सुनने के लिए उसके नुमाइंदों को ह्वाइट हाउस आमंत्रित किया गया। उधर पूर्व एशिया शिखर सम्मेलन के दौरान जब मोदी और कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रुडो से मिले, तो ट्रुडो ने खालिस्तानी उग्रवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के मामले में अपना भारत विरोधी रुख पूरी उग्रता के साथ जताया। मुमकिन है कि रूस को निर्यात और पन्नू- निज्जर विवाद में आपसी संबंध देखना उचित ना हो, लेकिन पश्चिम के रुख में भारत के प्रति बढ़ती तल्खी साफ है।*

## राशिफल

**मेष राशि**-आज का दिन शानदार रहने वाला है। आज परिवार में किसी महत्वपूर्ण मुद्दे पर सलाह-मशवरा होगा और इसके सकारात्मक नतीजे भी सामने आएंगे। आज मनोरंजन संबंधी गतिविधियों में भी समय बीतेगा। आज आपके बच्चे नकारात्मक गतिविधियों और संगति से दूरी बनाकर रखेंगे।

**वृष राशि**-आज आपका दिन आपके अनुकूल रहेगा। आप खुद को एनेर्जेटिक महसूस करेंगे। संयम बनाकर काम करने से..आपके बिगड़ते काम भी बनेंगे। इस राशि के इंजीनीयर्स के लिए आज का दिन खास है। बहुत कुछ सीखने को मिल सकता है। प्राइवेट जॉब करने वाले लोगों के लिए आज का दिन फायदेमंद है।

**मिथुन राशि**-आज का दिन आपके लिए खुशियों की सौगात लेकर आया है। आप खुद को एनर्जी से भरा महसूस करेंगे। आज आप जिस काम को करेंगे, वो समय से पहले पूरा हो जायेगा। इस राशि के इंजीनीयर्स अपने अनुभव का प्रयोग सही दिशा में करेंगे। किसी जरूरी काम में जीवनसाथी की सलाह लेना फायदेमंद रहेगा।

**कर्क राशि**-आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज आपको खुद को साबित करने के लिए काफी संघर्ष करना पड़ सकता है। आज आपका मन दान-पुण्य में अधिक लगेगा। किसी काम को पूरा करने में आज किसी दोस्त की मदद मिलेगी। ऑफिस में आज आपको सम्मानित किया जा सकता है । समाज में आपकी प्रतिष्ठा बढ़ेगी।

**सिंह राशि**-आज का दिन आपके लिए ख़ास होने वाला है । आज आपको कोई बड़ी खुशखबरी भी मिलने वाली है। आज अपना हर काम योजनाबद्ध तरीके से करना तथा अपने काम के प्रति एकाग्र चित्त होना... आपको सफलता देगा। आज कुछ नजदीकी यात्रा होने के योग भी बन रहे हैं ।

**कन्या राशि**-आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज ऑफिस में आपका कोई काम कलीग की सहायता से पूरा हो जायेगा। आज आपका पारिवारिक मामला किसी बड़े बुजुर्ग की सहायता से सुलझ जायेगा, परिवार में खुशियाँ आएँगी।

**तुला राशि**-आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आज आपकी सूझबूझ और विवेक से समस्याएं आसानी से हल हो जाएंगी । आज ऑनलाइन शॉपिंग और मस्ती वाली गतिविधियों में समय बीतेगा। आज आपको किसी रिश्तेदार के घर जाने का निमंत्रण मिलेगा।

**वृश्चिक राशि**-आज आपका दिन बढ़िया रहने वाला है। आप परिवारवालों के साथ समय बितायेंगें... घर में खुशी का महौल बना रहेगा। इस राशि के एग्रोकेमिकल व्यापारी वर्ग को आज अचानक कोई बड़ा फायदा हो सकता है। ट्रांसपोर्ट सम्बन्धी कार्य करने वालों के लिए आज का दिन बहुत अच्छा है, पूराना रूका हुआ पैसा आज वापस मिलेगा। आर्थिक पक्ष पहले से मजबूत होगा।

**धनु राशि**-आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। आज व्यावसायिक संपर्कों को और मजबूत करने का प्रयास करेंगे, साथ ही आज किसी प्रभावशाली राजनीतिज्ञ से मुलाकात फायदेमंद होगी। आज कारोबार में आपको फायदा होगा। इस राशि के ट्रेडिंग और बैंकिंग सेक्टर से जुड़े लोगों के लिए आज का दिन विशेष फलदायी है । आज सामाजिक कार्यों में मन लग सकता है।

**मकर राशि**-आज का दिन उत्तम रहने वाला है । आज आपके व्यवहार में विनम्रता और लचीलापन ही आपको सफलता दिला सकता है। आज पारिवारिक रिश्तों में सौहार्दपूर्ण माहौल बना रहेगा । आज पिताजी आपको कोई नयी जिम्मेदारी दे सकते हैं, जिसे आप पूरी तरह निभाएंगे। जमीन जायदाद से जुड़े काम पूरे हो सकते हैं।

**कुंभ राशि**-आज का दिन आपके लिए उमंग से भरा रहने वाला है। आज आपको किसी विशेष आयोजन में जाने का मौका मिलेगा और नई जानकारियां सीखने को मिलेंगी। आज खर्चों की अधिकता रहेगी, लेकिन साथ ही आय के साधन बढ़ने से परेशानी नहीं होगी। आज बच्चों के पढ़ाई का परिणाम देखकर मन में तसल्ली रहेगी ।

**मीन राशि**-आज का दिन आपके लिए सुकून से भरा रहने वाला है। प्रॉपर्टी के सेल परचेज संबंधी कार्यवाही चल रही है, तो निश्चित सफलता मिलेगी । आज आप शारीरिक और मानसिक रूप से अपने आपको सशक्त महसूस करेंगे। आज परिवार के किसी सदस्य को सफलता मिलाने से घर के वातावरण में उत्सव जैसा माहौल रहेगा।

# उमर अपनी बात पर कितना खरा उतरते हैं

//बलबीर पुंज//

**बकौल मीडिया रिपोर्ट, चुनाव जीतने के तुरंत बाद उमर ने स्पष्ट कर दिया था, हमें केंद्र के साथ समन्वय बनाकर चलने की जरूरत है। जम्मू-कश्मीर के कई मुद्दों का समाधान केंद्र से लड़ाई करके नहीं हो सकता। यह देखना रोचक होगा कि मुख्यमंत्री उमर अपनी इस बात पर कितना खरा उतरते हैं। उमर अब्दुल्ला ने केंद्र शासित जम्मू-कश्मीर के पहले मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ले ली है। श्रीनगर में आयोजित कार्यक्रम में उप-राज्यपाल (एल.जी.) मनोज सिन्हा ने उमर के साथ पांच मंत्रियों को पद-गोपनीयता की शपथ दिलाई। उमर की पार्टी से सुरिंदर चौधरी उप-मुख्यमंत्री, तो निर्दलीय सतीश शर्मा मंत्री बनाए गए है। यह एक अच्छी शुरूआत है। परंतु प्रश्न उठता है कि मुस्लिम बाहुल्य प्रदेश में एक हिंदू मुख्यमंत्री क्यों नहीं बन सकता। यह स्थिति तब है, जब देश में ऐसे कई उदाहरण है, जहां हिंदू प्रधान राज्यों- केरल, महाराष्ट्र, असम, राजस्थान, बिहार, मणिपुर, पुडुचेरी और आंध्रप्रदेश के मुख्यमंत्री मुस्लिम और ईसाई समाज से भी रहे है। यही नहीं, हिंदू बहुल भारत में कई गैर-हिंदू राष्ट्रपति, उप-राष्ट्रपति और राज्यपाल भी बन चुके हैं।**

सत्तारुढ़ नेशनल कॉन्फ्रेंस (एन.सी.) ने अपने घोषणापत्र में जो 12 वादे किए है, उनमें सूबे में धारा 370-35ए और राज्य के दर्जे को बहाल करने के साथ कश्मीरी पंडितों की घाटी में सम्मानजनक वापसी का वादा भी शामिल है। मोदी सरकार ने इस बात को कई बार दोहराया है कि वह जम्मू-कश्मीर के राज्य के दर्जे को बहाल करने को प्रतिबद्ध है। इस सच्चाई से उमर भी अवगत है कि एल.जी. के पास कई शासकीय शक्तियां है और केंद्र के सहयोग बिना, कई काम (राज्य दर्जा सहित) पूरे नहीं हो सकते।

जम्मू-कश्मीर के अतिरिक्त, देश में सात और राज्य- अंडमान-निकोबार, चंडीगढ़, दादरा-नगर हवेली दमन-दीव, दिल्ली, लद्दाख, लक्षद्वीप और पुडुचेरी केंद्र शासित है। वर्तमान समय में संभवतः दिल्ली ही एकमात्र ऐसा केंद्र शासित प्रदेश है, जहां की निर्वाचित सरकार और एल.जी. के बीच संबंध तल्ख है। इस संदर्भ में क्या जम्मू-कश्मीर की स्थिति दिल्ली जैसी हो सकती है। कांग्रेस की दिवंगत नेत्री शीला दीक्षित 1998-2013 तक दिल्ली की मुख्यमंत्री रही थी। यदि केंद्र सरकार में उनकी पार्टी के नेतृत्व को छोड़ दें, तब मुख्यमंत्री के रूप में शीला दीक्षित की 1998-2004 के कालखंड में राजनीतिक मतभेदों के बाद भी तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी सरकार की अगुवाई में भाजपा नीत केंद्र सरकार से कोई तनातनी नहीं थी। इसमें बदलाव अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली आम आदमी पार्टी (आप') की सरकार (2013 से अबतक) बनने के बाद आया, जो समन्वय के स्थान पर टकराव से देश की राजधानी में सरकार चला रही है। इस प्रकार की अराजकतावादी राजनीति कांग्रेस के शीर्ष नेता राहुल गांधी की देन है, जिन्होंने बिना वर्ष 2013 में किसी मंत्रिपद के अपनी ही सरकार के एक अध्यादेश को प्रेस-कॉन्फ्रेंस में फाड़कर फेंक दिया था और अब प्रधानमंत्री मोदी के लिए अमर्यादित शब्दों का उपयोग करते है।ऐसा नहीं है कि दिल्ली में एल.जी. और आप' के बीच तनातनी मई 2014 के बाद मोदी सरकार में प्रारंभ हुई है। कांग्रेस नीत केंद्र सरकार द्वारा एल.जी. बनाए गए नजीब जंग (2013-16) के साथ भी आप' सरकार का रवैया कटु था। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने उमर अब्दुल्ला को प्रत्यक्ष-परोक्ष रूप से अपनी पार्टी जैसा आचरण अपनाने का मशविरा दिया है। बकौल मीडिया रिपोर्ट, चुनाव जीतने के तुरंत बाद उमर ने स्पष्ट कर दिया था, हमें केंद्र के साथ समन्वय बनाकर चलने की जरूरत है। जम्मू-कश्मीर के कई मुद्दों का समाधान केंद्र से लड़ाई करके नहीं हो सकताज। यह देखना रोचक होगा कि मुख्यमंत्री उमर अपनी इस बात पर कितना खरा उतरते हैं। एक पुराना मुहावरा है- हाथी के दांत खाने के और दिखाने के और। क्या सच में सत्तारुढ़ एन.सी. अस्थायी धारा 370-35ए की वापसी चाहती है। अब्दुल्ला परिवार (फारुख-उमर) राजनीति में परिपक्व है। एक तो उन्हें मालूम है कि अब केंद्र में किसी भी दल की सरकार रहे, इन दोनों धाराओं की वापसी लगभग नामुमकिन है। सर्वोच्च अदालत की संवैधानिक पीठ भी लंबी सुनवाई के बाद धारा 370-35ए के संवैधानिक परिमार्जन को हरी झंडी दे चुकी है। दूसरा यह कि इन दोनों प्रावधानों से क्या वाकई जम्मू-कश्मीर का कोई भला हुआ था। सच तो यह है कि धारा 370-35ए से कश्मीर की न केवल प्रगति रुक गई थी, बल्कि पाकिस्तान के सहयोग-वित्तपोषण से घाटी मध्यकालीन युग की ओर लौटने लगी थी।

क्या यह सच नहीं कि धारा 370-35ए के सक्रिय रहते- घाटी में सभी आर्थिक गतिविधियां कुंद थी, विकास कार्यों पर लगभग अघोषित प्रतिबंध था, सेना-पुलिसबलों पर लगातार पत्थरबाजी होती थी, पर्यटक घाटी आने से कतराते थे, अलगाववादियों द्वारा मनमर्जी बंद बुला लिया जाता था, सिनेमाघरों पर ताला था, मजहबी आतंकवाद के साथ पाकिस्तान समर्थित अलगाववाद का वर्चस्व था, वातावरण पाकिस्तान जिंदाबाद' जैसे भारत-विरोधी नारों से दूषित था और शेष देश की भांति दलित-वंचितों के साथ आदिवासियों को मिलने वाले संवैधानिक अधिकारों (आरक्षण सहित) पर डाका था।

ईमानदारी से विश्लेषण करने के बाद इस बात को धारा 370-35ए के पैरोकार भी नहीं झुठला सकते कि इन दोनों धाराओं की समाप्ति के बाद जम्मू-कश्मीर शेष भारत की तरह पिछले पांच वर्षों से गुलजार है। इस कॉलम में कई अवसरों पर हाल ही में कश्मीर की बदली स्थिति और सकारात्मकता का जिक्र किया है। जिनमें- लालचौक की बढ़ती रौनक, नए-पुराने सिनेमाघरों के संचालन, जी-20 जैसा बड़ा वैश्विक सम्मेलन होना, देश-विदेश से लगभग सवा लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव आना और हजारों-लाख रोजगारों के मौके सृजन होना आदि शामिल है।

अब्दुल्ला परिवार द्वारा अपनी पार्टी के घोषणापत्र में धारा 370-35ए को बहाल करने और कश्मीरी पंडितों की सम्मानजनक पुनर्वापसी का वादा- एक-दूसरे के परस्पर विरोधी है। धारा 370-35ए ही वही विषबीज था, जिसने कश्मीर में काफिर-कुफ्र' जनित इको-सिस्टम के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दिया। 2019 में इन धाराओं की समाप्ति- घाटी को उसके मूल बहुलतावादी स्वरूप में लौटाने की दिशा में पहला महत्वपूर्ण कदम था। जिस अलगाववाद, मजहबी कट्टरता और घृणा को यहां दशकों से पोषित किया गया है, जिसके कारण 1980-90 के दशक में रक्तरंजित जिहाद के बाद कश्मीरी पंडितों को पलायन के लिए मजबूर होना पड़ा था- उसका समूचा विनाश पांच वर्ष में एकाएक संभव नहीं है। कश्मीरी पंडितों, जोकि इस भूखंड की मूल सनातन संस्कृति के ध्वजावाहक है- उनकी घाटी में सुरक्षित पुनर्वापसी उसी जहरीली मजहबी इको-सिस्टम मुक्त माहौल में ही संभव है। क्या नई उमर अब्दुल्ला सरकार से इस संदर्भ में किसी सहयोग की उम्मीद की जा सकती है।

# गांदरबल हमला लोकतंत्र को दहलाने की साजिश

//ललित गर्ग//

**गांदरबल का हमला आतंकियों की एक बड़ी सफलता है, कश्मीर में आतंक-अशांति फैलाने और विकास की गति को अवरूद्ध करने की साजिश है। जाहिर है, पाकिस्तानी जमीन पर बैठे आतंकवादी तत्वों ने इस एक हमले के जरिए कई उद्देश्य पूरे करने की कोशिश की है। जम्मू-कश्मीर के गांदरबल जिले में 20 अक्टूबर रविवार रात को आतंकवादियों ने जिस तरह टारगेट किलिंग से एक कंस्ट्रक्शन प्रॉजेक्ट में काम कर रहे लोगों को निशाना बनाया, वह कई लिहाज से गंभीर, चिन्ताजनक एवं चुनौतीपूर्ण घटना है। यह आतंक का अंधेरा फैलाने एवं अमन के उजाले को लीलने की गहरी साजिश है।**



यह जहां आतंकवादियों की बौखलाहट की निष्पत्ति है वहीं उनकी बदली प्राथमिकताओं की प्रतिबद्धता को भी दर्शाता है। राज्य में टारगेट किलिंग की यह कोई नई घटना नहीं है बल्कि हाल ही के वर्षों में सुरक्षा बलों के कैम्पों से लेकर प्रवासी मजदूरों के घरों एवं कश्मीरी पंडितों पर ऐसे टारगेट किलिंग हमले होते रहे हैं जिसके पीछे आतंकी संगठनों की हताशा ही दिखाई देती है। टारगेट किलिंग पाकिस्तान की कश्मीर में अशांति एवं आतंक फैलाने की नई साजिश है। अनुच्छेद-370 हटाए जाने के बाद से ही टारगेट किलिंग की घटनाएं बढ़ी हैं। वर्ष 2022 और 2023 में आतंकियों ने न केवल कश्मीरी पंडितों को निशाना बनाया बल्कि प्रवासी मजदूरों की भी लक्षित हत्याएं की। चुनाव में बाधा डालने के उनके तमाम प्रयास निष्फल हो जाने, लोकसभा चुनाव और विधानसभा चुनाव शांतिपूर्वक होने और इनमें लोगों की भागीदारी के भी रेकॉर्ड बनने से आतंकवादी हताश एवं निराश हो गये। पाकिस्तान बौखला गया। अब आतंकी तत्वों ने जम्मू-कश्मीर में निर्वाचित सरकार के गठित होते ही इस बड़े हमले को अंजाम देकर यह जताने का प्रयास किया है कि वे जनादेश के तहत बनी इस सरकार की राह में अड़ंगा डालने का हरसंभव प्रयास करते रहेंगे, अशांति एवं आतंक फैलाते रहेंगे। लेकिन इन चुनौतियों को निस्तेज करने के लिये प्रांत एवं केन्द्र सरकार को कमर कसनी होगी। सुरक्षा बलों को नये तेवर दिखाने होंगे।

लक्षित हत्याएं न केवल पीड़ितों और उनके परिवारों को अपूरणीय क्षति पहुंचाती हैं, बल्कि जम्मू-कश्मीर में स्थायी शांति को बढ़ावा देने के प्रयासों को भी गहरा झटका देती हैं। ये हत्याएं न केवल जम्मू-कश्मीर के समाज के विविध ताने-बाने को कमजोर करती हैं, बल्कि घाटी में रहने वाले गैर-स्थानीय और अल्पसंख्यक समुदायों में असुरक्षा भी पैदा करती हैं। ये हत्याएं विकास को अवरूद्ध करती है, बल्कि उद्योग, व्यापार, पर्यटन एवं सौहार्द को भी खण्डित करती है। सुरक्षा बलों पर विभाजनकारी एवं आतंकी ताकतों के खिलाफ अपना दृढ़ रुख बनाए रखने का दायित्व है, जिसे संदिग्ध गतिविधियों के बारे में जानकारी साझा करने में स्थानीय लोगों के सक्रिय सहयोग से बल मिलता है। जबकि घाटी में शांति ने प्रगति की है, इस नाजुक संतुलन को बाधित करने के किसी भी प्रयास का सुरक्षा बलों और स्थानीय लोगों, दोनों द्वारा कड़ा विरोध किया जाना चाहिए।

कश्मीर में लम्बे समय से अमनचैन एवं शांति के साथ विकास की गंगा प्रवहमान रही है। सुरक्षा बलों की सतर्कता से जम्मू-कश्मीर में आतंकवादी घटनाओं में आई कमी और आम जनजीवन पर उनके घटते असर से चिंतित आतंकी आकाओं ने आम चुनावों के दरम्यान अपनी सक्रियता बढ़ा दी, लेकिन वे कुछ कर नहीं पाये। अब मौका मिलते ही उन्होंने ऐसे इलाकों को चुना है जहां सुरक्षा बलों की तैनाती कम और मुश्किल थी। टारगेटेड अटैक के जरिए बाहरी लोगों को निशाना बनाया गया ताकि उनमें घबराहट फैले, अफरा-तफरी मचे और पर्यटकों का आना कम हो। इसीलिये आतंकियों ने इस बार हमले के लिए श्रीनगर और सोनमर्ग के बीच बनाई जा रही जेड-मोड टनल का काम कर रहे लोगों को चुना गया। यह टनल न केवल जम्मू-कश्मीर के विकास की दृष्टि से महत्वपूर्ण है बल्कि रणनीतिक तौर पर भी खासी अहमियत रखती है। इसके निर्माण से श्रीनगर और करगिल के बीच निर्बाध संपर्क सुनिश्चित होगा और श्रीनगर व लेह के बीच की यात्रा में लगने वाला समय कम हो जाएगा। यही नहीं, इस टनल के जरिए पर्यटकों के पसंदीदा शहर सोनमर्ग की हर मौसम में सुविधाजनक पहुंच भी सुनिश्चित की जा सकेगी।

गांदरबल का हमला आतंकियों की एक बड़ी सफलता है, कश्मीर में आतंक-अशांति फैलाने और विकास की गति को अवरूद्ध करने की साजिश है। जाहिर है, पाकिस्तानी जमीन पर बैठे आतंकवादी तत्वों ने इस एक हमले के जरिए कई उद्देश्य पूरे करने की कोशिश की है। उमर अब्दुल्ला के नेतृत्व में सरकार गठन के बाद पाकिस्तान के इशारे पर कश्मीर घाटी में एक बड़ी आतंकी घटना को सफलतापूर्वक अंजाम दे दिया जाना हमारे लिये चिन्ता के साथ चेतावनी भी है। यह घटना चेता भी रही है कि मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला के निर्वाचन क्षेत्र गांदरबल में केन्द्र सरकार द्वारा चलाए जा रहे टनल प्रोजेक्ट में कार्यरत सात प्रवासी श्रमिकों पर अंधाधुंध फायरिंग कर आतंकवादियों ने उनकी हत्या कर दी। मृतकों में एक स्थानीय डॉक्टर भी शामिल था। मरने वालों में पंजाब, बिहार और कठुआ के रहने वाले मजदूर शामिल हैं। कई श्रमिकों के घायल होने की खबर है जिनका अस्पताल में उपचार चल रहा है। ये सभी श्रमिक काम खत्म करने के बाद मेस में खाना खाने बैठे थे। तभी आतंकवादियों ने उन्हें गोलियों से भून दिया। निश्चितरूप से यह आतंकवादियों की कायराना एवं शर्मनाक करतूत है। इस घटना से चार दिन पहले शोपियां में बिहार के एक मजदूर की हत्या कर दी थी। ये हत्याएं आतंकवाद की अंधाधुंध हिंसक एवं आतंकी प्रकृति को उजागर करती हैं जो अपने रास्ते में किसी को भी नहीं छोड़ते। निर्दोष नागरिकों की बेवजह हत्या किसी एक परिवार के किसी प्रियजन को ही नहीं छीनता बल्कि उन लोगों में भी खौफ पैदा करता है जो आतंकवाद की छाया में भी रोजी-रोटी कमाने के लिए जम्मू-कश्मीर में मजदूरी करते हैं।

क्या नई सरकार का गठन आतंकवादियों के लिये सहूलियत भरा है। ऐसा है तो इसके सन्देश को समझना होगा। स्वयं उमर अब्दुल्ला सरकार एवं नेशनल कांफ्रेन्स को इसे गलत साबित करते हुए आतंकवादियों के खिलाफ सख्त होना होगा। एक बड़ा प्रश्न है कि जम्मू कश्मीर में उमर अब्दुल्ला के नेतृत्व में नई सरकार बनने के बाद वहां सक्रिय आतंकवादियों और अलगाववादी ताकतों के हौसले एकाएक बुलंद क्यों हो गये। गौरतलब है कि जब जम्मू कश्मीर में नेशनल कांफ्रेन्स को बहुमत मिला था तो कश्मीर घाटी में इस जीत की खुशी में आपत्तिजनक नारे लगाए गए थे। यहां तक की पाकिस्तान के झंडे भी लहराए गए थे। ऐसा क्यों हुआ। इस तरह आतंकियों के हौसलें बुलन्द होना नवगठित सरकार एवं वहां की जनता के लिये गहन चिन्ता का विषय होना चाहिए। भले ही हमले के बाद आई प्रतिक्रियाओं से साफ है इस मसले पर पक्ष-विपक्ष पूरी तरह एकजुट है। सबसे बड़ी बात यह कि अब आतंक के खिलाफ उठे इन स्वरों में जम्मू-कश्मीर के लोगों की नुमाइंदगी कर रही आवाजें भी शामिल हैं।

सम्मिलित सुनियोजित प्रयासों से जम्मू-कश्मीर को आतंकवाद के बचे-खुचे निशानों से भी मुक्त करने का लक्ष्य अब पहुंच से दूर नहीं कहा जा सकता। लेकिन इसके लिये सन्देह एवं शंकाओं के घेरों को तोड़ना होगा। कश्मीर घाटी में आतंकवादियों के सफाए के लिए भारतीय सेना और सुरक्षा बल के जवान लगातार मुहिम चला रहे हैं उनके प्रयासों को बिना राजनीति किये तीक्ष्ण एवं तीव्र करना होगा। इस बीच जम्मू कश्मीर के उरी सेक्टर में पाकिस्तान के आतंकवादियों ने घुसपैठ करने की कोशिश की है जिसे भारतीय सेना ने नाकाम कर दिया। जाहिर है पाकिस्तान कश्मीर घाटी में अशांति फैलाने के लिए सीमा पार से साजिशें कर रहा है। इसलिए जम्मू कश्मीर में भारतीय सेना और सुरक्षाबलों को और अधिक सतर्क रहने की जरूरत है ताकि आतंकवादी कश्मीर घाटी में फिर ऐसी आतंकी घटना की पुनरावृत्ति न कर पाए। जनता ने स्पष्ट जनादेश देकर यह संदेश दिया कि घाटी में लोकतंत्र महके, ना कि दहके। यह जनादेश आतंकवाद और अलगाववाद से मुक्ति की चाहत का परिणाम है। राज्य की जनता ने अपनी उम्मीदों को लेकर सरकार चुनी और नैशनल कांफ्रैंस पर भरोसा जताया। नई सरकार के सामने जनता की उम्मीदों को पूरा करने की चुनौती तो है ही, सबसे बड़ी चुनौती तो आतंकवाद को जड़ से खत्म करना और ऐसा वातावरण सृजित करना है जिसमें आम आदमी खुद को सुरक्षित महसूस करे और इस क्षेत्र में विकास की धारा के साथ कदम से कदम मिलाकर चले। जम्मू-कश्मीर में गरीबी, अन्याय और आतंकवाद के खिलाफ अभी लम्बा सफर तय करना बाकी है।

## तस्वीरों की दुनिया



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कज़ान में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के दौरान चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ द्विपक्षीय बैठक की।



मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने रीवा में दिग्गज उद्योगपति और टाटा संस के एमेरिटस चेयरमैन स्वर्गीय रतन टाटा की रंगोली बनाने वाले कलाकार से बातचीत की।



बेंगलुरू के के.आर.पुरम विधानसभा क्षेत्र के बाबासा पलायम में नवनिर्मित छह मंजिला इमारत के ढहने के स्थान पर बचाव अभियान जारी है।



बसवनगुडी के नेटकल्लप्पा सर्किल पर बारिश के कारण उखड़े एक विशाल पेड़ को हटाते श्रमिक, जिससे कई कारें क्षतिग्रस्त हो गई।



मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी कुरुक्षेत्र में मुख्यमंत्री आवास पर आयोजित संत आशीर्वाद समारोह के दौरान प्रार्थना करते हुए।



झारखंड के रांची में चक्रवात दाना के कारण रद्द की गई ट्रेनें हटिया रेलवे स्टेशन पर खड़ी हैं।



वायनाड लोकसभा उपचुनाव के लिए कांग्रेस उम्मीदवार प्रियंका गांधी वाड्रा ने पार्टी नेता राहुल गांधी के साथ वायनाड में वायनाड उपचुनाव के लिए अपना नामांकन पत्र दाखिल करने से पहले रोड शो किया।

# रूस में ब्रिक्स सम्मेलन से भाग लेकर दिल्ली पहुंचे पीएम मोदी, वीडियो शेयर कर कही ये बात

**नईदिल्ली, 24 अक्टूबर [एजेंसी]।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपनी दो दिवसीय रूस यात्रा के बाद दिल्ली लौट आए, इस दौरान उन्होंने कजान में 16वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग लिया। उन्होंने ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के मौके पर चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग, रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और संयुक्त अरब अमीरात के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान सहित कई विश्व नेताओं से भी मुलाकात की।अपनी रूस यात्रा के दौरान पीएम मोदी ने रूस की अध्यक्षता में कजान में आयोजित ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के दो सत्रों को संबोधित किया। पीएम मोदी ने एक्स पर कहा कि उनकी रूस यात्रा काफी उपयोगी रही। एक्स पर वीडियो साझा करते हुए, पीएम मोदी ने कहा कि कजान में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन बहुत उपयोगी था। विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करने और विभिन्न विश्व नेताओं से मिलने का अवसर मिला। मैं राष्ट्रपति पुतिन, रूसी लोगों और सरकार को उनके आतिथ्य के लिए धन्यवाद देता हूं।रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने बुधवार को भारत की आर्थिक वृद्धि की सराहना करते हुए कहा कि यह देश ब्रिक्स समूह के कई देशों के लिए एक उदाहरण है।पुतिन ने रूसी शहर कजान में आयोजित 16वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए यह टिप्पणी की। उन्होंने इस तीन दिवसीय सम्मेलन में भाग लेने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को धन्यवाद भी दिया। पुतिन कहा, हम सभी उच्च आर्थिक वृद्धि दर सुनिश्चित करने की जरूरत पर बात करते हैं। आप (मोदी) इसे सफलतापूर्वक अंजाम देने में कामयाब हैं। हम आपको 7.5 प्रतिशत की आर्थिक वृद्धि के लिए बधाई देते हैं। यह हम में से कई लोगों के लिए एक उदाहरण है। आपकी तरफ से उठाए गए कदमों के लिए धन्यवाद। उल्लेखनीय है कि भारत की अर्थव्यवस्था इस वर्ष सात प्रतिशत की दर से बढ़ने की उम्मीद है जबकि वर्ष 2025 में वृद्धि दर 6.5 प्रतिशत रह सकती है।पुतिन की यह टिप्पणी अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष के एशिया प्रशांत विभाग के निदेशक कृष्ण श्रीनिवासन के बयान के बाद आई है। श्रीनिवासन ने मंगलवार को



कहा था कि भारत दुनिया की सबसे बड़ी बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था बना हुआ है और इसकी आर्थिक बुनियाद भी अच्छी है। गाजा में युद्ध की समाप्ति क्षेत्रीय शांति की कुंजीचीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने सम्मेलन में कहा कि जल्द से जल्द युद्धविराम और गाजा में युद्ध की समाप्ति क्षेत्रीय शांति की कुंजी है।

उन्होंने कहा कि गाजा में मानवीय स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही है, लेबनान में युद्ध फिर भड़क उठा है और विभिन्न पक्षों में संघर्ष बढ़ रहा है। हमें तत्काल युद्धविराम और हत्याएं रोकने को बढ़ावा देना चाहिए। हमें फलस्तीन मुद्दे के व्यापक, न्यायसंगत और स्थायी समाधान की दिशा में प्रयास करने चाहिए।चिनफिंग ने कहा, यूक्रेन संकट अभी भी कायम है। चीन और ब्राजील ने ग्लोबल साउथ के अन्य देशों के साथ मिलकर संकट से निपटने के लिए शांति मित्रों के समूह की शुरुआत की है। उन्होंने कहा, हमें तीन प्रमुख सिद्धांतों को बनाए रखना चाहिए- युद्ध के मैदानों का विस्तार न हो, शत्रुता में वृद्धि न हो व आग न भड़काएं और तनाव को तेजी से कम करने का प्रयास करना। चिनफिंग ने साथ ही कहा कि ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में कई देशों को साझीदार देश बनने के लिए आमंत्रित करने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने इस संबंध में समूह से ग्लोबल साउथ के देशों के अनुरोध पर सक्रियता से जवाब देने का आह्वान किया।

## भाजपा और निषाद पार्टी के बीच सीट बंटवारे पर सहमति, नहीं दी एक भी सीट, संजय निषाद भी माने

**लखनऊ, 24 अक्टूबर [एजेंसी]।**

उत्तर प्रदेश में नौ विधानसभा सीटों पर होने वाले उपचुनाव में सीटों के बंटवारे को लेकर भाजपा व निषाद पार्टी में सहमति बन गई है। दिल्ली में निषाद पार्टी के अध्यक्ष संजय निषाद व भाजपा के शीर्ष नेताओं की बैठक में इस बात पर सहमति बनी है कि निषाद पार्टी मझवां व कटेहरी की सीटों पर अपने उम्मीदवार नहीं उतारेगी। सीट बंटवारे का मामला हल होने के बाद भाजपा के उम्मीदवारों की सूची जारी करने का रास्ता साफ हो गया है।निषाद पार्टी ने उपचुनाव में दो सीटों पर अपने उम्मीदवारों को उतारने की तैयारी की थी। प्रदेश भाजपा नेतृत्व के मना करने के बाद संजय निषाद भाजपा के शीर्ष नेताओं से मुलाकात के लिए रविवार को दिल्ली चले गए थे। वह तीन दिनों से दिल्ली में ही डेरा डाले हुए हैं।

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा मुलाकात कर उन्होंने दो सीटों पर निषाद पार्टी के उम्मीदवार लड़ाने की बात की थी। साथ ही यह सुझाव भी दिया था भाजपा चाहे तो दोनों सीटों पर अपने उम्मीदवारों को खड़ा कर दे, लेकिन चुनाव चिन्ह निषाद पार्टी का होगा।संजय निषाद ने बताया कि अब इस बात पर सहमति बन गई है कि निषाद पार्टी उपचुनाव में अपने उम्मीदवार नहीं उतारेगी। उन्होंने यह मांग भी भाजपा नेताओं के सामने रखी है कि निषाद जाति को आरक्षण का लाभ देने के लिए एससी जाति में शामिल किया जाए। दिल्ली के गजट में निषाद जाति एससी जाति में आती है, लेकिन उत्तर प्रदेश में नहीं। भाजपा ने भरोसा दिया है कि दिल्ली की तरह ही उत्तर प्रदेश में भी निषाद जाति को एससी जाति में शामिल किया जाएगा। दीपावली के बाद होने वाली बैठक में इस मुद्दे का हल निकाला जाएगा।उन्होंने बताया कि उपचुनाव में निषाद पार्टी गठबंधन धर्म निभाएगी और सभी सीटों पर गठबंधन के उम्मीदवारों को जिताएगी। भाजपा नौ में से एक सीट रालोद को दे सकती है। प्रदेश भाजपा ने बीते सप्ताह ही सभी सीटों पर तीन-तीन संभावित उम्मीदवारों के नामों का पैनल शीर्ष नेतृत्व को भेज दिया था। संजय निषाद के अड़ने की वजह से भाजपा उम्मीदवारों की सूची जारी नहीं कर रही थी। 25 अक्टूबर को नामांकन करने का अंतिम दिन है।

## टूटी चूड़ी, सिरिंज के रैपर, लाश से एक आंख गायब, डिप्टी सीएमओ की पत्नी की रहस्यमयी मौत, पुलिस के उड़े होश



**औरैया, 24 अक्टूबर [एजेंसी]।**

सीएमओ ऑफिस में तैनात डिप्टी सीएमओ की पत्नी का शव बंद सरकारी आवास में संदिग्ध हालात में मिला। आत्महत्या की सूचना पर पहुंची पुलिस व फोरेंसिक टीम ने जांच की घटनास्थल से साक्ष्य संकलित किए। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। अजीतमल कस्बा के मोहल्ला सूर्य नगर स्थित डॉक्टर्स कॉलोनी निवासी डॉ. विक्रम स्वरूप सीएमओ आफिस में डिप्टी सीएमओ पद पर तैनात हैं। मंगलवार सुबह वह अपने बीमार पिता रामस्वरूप को दिखाने के लिए भोगनीपुर के श्याम सुंदरपुर गांव पहुंचे। वहां पिता को लेकर कानपुर स्थित निजी अस्पताल पहुंचे। पिता को दिखाने के बाद उन्हें गांव छोड़ दिया। इसके बाद वह बुधवार दोपहर करीब 12 बजे आवास पर पहुंचे। अंदर जाकर देखा तो उनकी 47 वर्षीय पत्नी सृष्टि सिंह का शव फर्श पर रखे स्टूल के सहारे मिला। डिप्टी सीएमओ ने बताया कि पत्नी अवसाद में थीं और इलाज चल रहा था। उन्होंने आत्महत्या की है। मौके पर पहुंची पुलिस ने घर की हालत देखी तो उनके होश उड़ गए। किचन में उबले आलू, सूखी लौकी और बेड से लेकर हर कमरे में ढेरों चूहे कूदते मिले। ऐसा लग रहा था कि कई दिनों से खाना नहीं बना, न ही सफाई हुई है। सरकारी आवास में वह पहली मंजिल पर रहते हैं, जिसमें चार कमरे हैं। जांच के दौरान चारों कमरे गंदगी से पटे मिले।फोरेंसिक टीम को घटनास्थल से टूटी चूड़ी, सिरिंज के रैपर व खून पड़ा मिला। शव से एक आंख गायब थी, एक उंगली में काटे जाने और सिर पर चोट के निशान थे। जांच के बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। आशंका यह भी है कि मौत के बाद चूहों ने आंख, बाल और उंगली कुतर दी। हालांकि, हार्ट अटैक से मौत की बात सामने आई है। डॉ. विक्रम स्वरूप पोस्टमार्टम के प्रभारी थे। पत्नी के शव के साथ वह भी पोस्टमार्टम हाउस पहुंच गए। इस पर सीएमओ ने उन्हें प्रभारी पद से हटा दिया।मृतका के मायके पक्ष जनपद आगरा शंभू नगर यमुना ब्रिज निवासी मायके पक्ष के लोग मौके पर पहुंचे। सीओ अशोक कुमार सिंह ने बताया कि यूपी 112 पर आत्महत्या की सूचना दी गई थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।डिप्टी सीएमओ ने बताया कि मंगलवार को पत्नी फर्श पर गिरकर घायल हो गई थी।

वजन ज्यादा होने की वजह से वह उठा नहीं पाए। इसी बीच पिता के बीमार होने की सूचना मिली। तो वह पत्नी को फर्श पर घायल अवस्था में छोड़ कर चले गए। पुलिस इस पहलू पर भी जांच कर रही है।बताया जा रहा है कि सरकारी आवास पर जिस महिला का शव मिला है। वह डिप्टी सीएमओ की दूसरी पत्नी थी, जिसके साथ डिप्टी सीएमओ सालों से अजीतमल में रह रहे हैं। उनके कोई संतान नहीं थी। डिप्टी सीएमओ ने वर्ष 2014 में दूसरी शादी की थी। पहली पत्नी का मामला कोर्ट में विचाराधीन है। सूत्रों की मानें तो 2002 में डिप्टी सीएमओ की कानपुर से शादी हुई थी। पहली पत्नी से एक बेटा भी है। किसी बात को लेकर दोनों में झगड़ा हुआ और वह उन्हें छोड़कर चली गई। इसके बाद, डिप्टी सीएमओ डॉ. विक्रम स्वरूप वर्मा ने वर्ष 2014 में सृष्टि से दूसरी शादी की थी। दूसरी शादी को लेकर पुलिस ने सवाल किए तो डिप्टी सीएमओ ने कहा कि डॉक्टर, इंजीनियर व विज्ञानी को दूसरी शादी की इजाजत है।डिप्टी सीएमओ की पत्नी अवसाद से ग्रस्त थी। उसका कानपुर में एक मनोवैज्ञानिक के यहां उपचार चल रहा था। बताया जा रहा है कि अवसाद में कभी-कभी उनकी पत्नी ऐसा काम करती थी, जो कस्बा के लिए चर्चा का विषय बन जाती थी। कई वर्ष पहले उनका नग्न अवस्था में एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था, जो आज चर्चा का विषय बना हुआ है।

## बैतूल से सराफा व्यापारी का अपहरण कर मांगी 10 लाख फिरौती, पुलिस ने नागपुर से छुड़ाया



**बैतूल, 24 अक्टूबर [एजेंसी]।**

शहर के गंज थाना क्षेत्र में आने वाले राम नगर के एक सराफा व्यापारी का दिनदहाड़े अपहरण हो गया। अपहर्ताओं ने व्यापारी की पत्नी से 10 लाख रुपये की फिरौती मांगी थी। स्वजन ने किसी को बताए बिना 65 हजार रुपये देकर व्यापारी को छुड़ाने की कोशिश की। बात नहीं बनी तो देर रात पुलिस को इसकी सूचना दी। पुलिस ने बुधवार को महाराष्ट्र के नागपुर से चार अपहर्ताओं को पकड़ लिया है। व्यापारी को सकुशल छुड़ा लिया गया है।बैतूल पुलिस अधीक्षक निश्चल झारिया ने बताया कि मंगलवार 22 अक्टूबर को दोपहर करीब 12.30 बजे रामनगर में कृष्णा सोनी की सराफा दुकान पर चार लोग पहुंचे। उन्होंने सोना गिरवी रखने का झांसा देकर उन्हें कार में बिठा लिया। बाद में उन लोगों ने व्यापारी कृष्णा की पत्नी रोशनी को फोन लगाकर 10 लाख रुपये की मांग की।पत्नी ने पास के दुकानदार से 15 हजार रुपये और रिश्तेदारों से 50 हजार रुपये लेकर कुल 65 हजार रुपये अपहर्ताओं के बताए एकाउंट में ऑनलाइन ट्रांसफर कर दिए। इसके बाद भी अपहर्ताओं ने व्यापारी को नहीं छोड़ा था तो रात नौ बजे व्यापारी की पत्नी गंज थाने पहुंची।उनकी सूचना के आधार पर पुलिस ने अपहरण और फिरौती का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दिया। सीसीटीवी फुटेज और साइबर सेल की मदद से अपहर्ताओं का ठिकाना पता चला। बुधवार को पुलिस ने व्यापारी को सकुशल छुड़ा लिया।पुलिस ने मंजेद पिता रियाजुद्दीन खान, उम्र 26 वर्ष, जमीर पिता जबीरुल्लाह बेग, उम्र 30 वर्ष, वरुण पिता पुरुषोत्तम बेट्टी, उम्र 20 वर्ष और प्रतीक पिता श्रीनिवास नलल्ला, उम्र 26 वर्ष को पकड़ा है।

इन सभी को सिस्टर कालोनी, थाना रामनगर, जिला चंद्रपुर, महाराष्ट्र का निवासी बताया जा रहा है। आरोपितों से घटना में इस्तेमाल की गई सफेद रंग की कार एमएच (29 एडी 1295) चार मोबाइल फोन और फिरौती के 65 हजार रुपये बैंक खाते को फ्रीज कर जब्त किए गए।शुरुआती पूछताछ में आरोपितों ने बताया है कि मंजेद खान और पीड़ित कृष्णा सोनी पहले से परिचित हैं। दोनों महाराष्ट्र के चंद्रपुर में सोना. चांदी के जेवर बनाने का काम करते थे। आरोपितों को यह पता था कि कृष्णा बैतूल में व्यवसाय कर रहा है। आरोपित मंजेद खान ने अपने तीन साथियों के साथ मिलकर कृष्णा सोनी का अपहरण किया व पीड़ित की पत्नी से 10 लाख रुपये की फिरौती मांगी थी।

## लखीमपुर खीरी हिंसा मामले में आशीष मिश्रा को चेतावनी, सुप्रीम कोर्ट ने कहा माननी होंगी जमानत की शर्तें



**लखीमपुर, 24 अक्टूबर [एजेंसी]।**

लखीमपुर खीरी 2021 हिंसा मामले में हत्या के आरोपित पूर्व केंद्रीय मंत्री अजय मिश्रा के पुत्र आशीष मिश्रा को सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को सख्त हिदायत देते हुए कहा कि वह जमानत की शर्तों का सख्ती से पालन करें।न्यायमूर्ति सूर्यकांत, दीपांकर दत्ता और उज्जल भुइयां की पीठ ने पीड़ितों को अवमानना याचिका दायर करने की अनुमति दी। पीठ ने मिश्रा की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता से कहा कि जमानत शर्तों का सख्ती से पालन करना होगा।पीड़ितों की ओर से वकील प्रशांत भूषण ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने 22 जुलाई को मिश्रा को जमानत दी थी। साथ ही जमानत की शर्तों का पालन करने का निर्देश दिया था और उन्हें तय तारीख से केवल एक दिन पहले अपने मुकदमे के स्थान पर जाने की अनुमति दी थी। लेकिन वह एक अक्टूबर को वहां (लखीमपुर खीरी) ऐसे गए जैसे दो अक्टूबर को राष्ट्रीय अवकाश वाले दिन सुनवाई हो। जबकि अगले दिन अदालत बंद थी और उन्होंने एक अक्टूबर को एक विशाल सार्वजनिक रैली को संबोधित किया।चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली तीन सदस्यीय पीठ ने वैवाहिक दुष्कर्म मामले की सुनवाई बुधवार को चार सप्ताह के लिए टाल दी है। दोनों पक्षों के वकीलों द्वारा अपनी दलीलें रखने के लिए मांगे गए एक-एक दिन के समय को देखते हुए चीफ जस्टिस को लगा कि मामले की सुनवाई दीपावली की छुट्टियों के पहले पूरी होनी संभव नहीं है, इसलिए सुनवाई चार सप्ताह के लिए टाल दी गई। चार सप्ताह बाद नयी पीठ मामले पर सुनवाई करेगी। जस्टिस चंद्रचूड़ 10 नवंबर को सेवानिवृत हो रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट में कई याचिकाएं लंबित हैं जिनमें वैवाहिक दुष्कर्म को अपराध घोषित करने की मांग की गई है। याचिकाओं में आइपीसी की धारा 375 के अपवाद दो और नये कानून बीएनएस की धारा 63 के अपवाद दो को रद करने की मांग की गई है जो पति को दुष्कर्म से छूट देता है। बुधवार को मामला प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, जेबी पार्डीवाला और मनोज मिश्रा की पीठ के समक्ष सुनवाई पर लगा था। पीठ ने जब पक्षकारों के वकीलों से पूछा कि वे बहस के लिए कितना समय लेंगे, इस पर वरिष्ठ वकील गोपाल शंकर नारायण ने एक दिन का समय मांगा। उन्होंने कहा कि जितनी सामग्री रिकॉर्ड पर रखी गई है उसे देखते हुए उन्हें बहस के लिए एक दिन का समय चाहिए होगा। सालिसिटर जनरल तुषार मेहता ने भी कहा कि उन्हें एक दिन का समय चाहिए होगा क्योंकि इस मामले के परिणाम दूरगामी हैं। अन्य वकीलों ने भी इसी तरह समय मांगा जिसके बाद चीफ जस्टिस ने कहा कि मामले की सुनवाई निकट भविष्य में पूरी करना संभव नहीं होगा।

इस मामले की सुनवाई चार सप्ताह बाद नयी पीठ द्वारा की जाएगी। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट ने 17 अक्टूबर को सुनवाई शुरू की थी। एक याचिकाकर्ता की वकील करुणा नंदी और कुछ और वकीलों की ओर से पक्ष रखा जा चुका था। बुधवार को मामले पर आगे सुनवाई होनी थी।सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को स्वामी श्रद्धानंद (84) की याचिका पर विचार करने से इन्कार कर दिया। कारावास में पत्नी की हत्या के आरोपित श्रद्धानंद ने अदालत से उस फैसले की समीक्षा की मांग की थी, जिसमें उन्हें आजीवन कारावास का आदेश दिया गया था। न्यायमूर्ति बीआर गवई, पीके मिश्रा और केवी विश्वनाथन की पीठ के समक्ष वकील ने तर्क दिया कि उनके मुवक्किल को शेष जीवन के लिए जेल से रिहा करने से इनकार करने वाले फैसला संविधान के अनुच्छेद 14 (कानून के समक्ष समानता) और 21 (जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता की सुरक्षा) का उल्लंघन करता है। इस पर पीठ ने कहा कि तर्क दिया जा सकता है कि तथ्यों के आधार पर यह उचित नहीं है।

### गांदरबल हमले में शामिल दो आतंकियों की तस्वीरें आईं सामने, हथियारों से लैस सीसीटीवी में हुए कैद

**श्रीनगर।** गांदरबल के गगनगीर में आतंकी हमले के गुनाहगारों को पकड़ने के लिए सुरक्षाबल का तलाशी अभियान बुधवार को लगातार तीसरे दिन भी जारी रहा। हमले में लिप्त दो आतंकियों की तस्वीरें सामने आई हैं। यह दोनों तस्वीरें उसी कैंप के एक सीसीटीवी की फुटेज से ली गई बताई जा रही हैं, जहां आतंकियों ने हमला किया था। पुलिस इन तस्वीरों को लेकर पूरी तरह चुप्पी साधे है। इन तस्वीरों में नजर आने वाले दोनों आतंकियों के पाकिस्तानी होने की आशंका है। इनमें से एक सलवार कमीज पहने है और ऊपर से शाल ओढ़ रखा है। दूसरे आतंकी ने पेंट-टीशर्ट पहन रखी है और उसके कंधे पर एक पिट्ठू बैग है। दोनों के हाथों में स्वचालित हथियार हैं। इस बीच, सुरक्षा एजेंसियों ने द्रास-कारगिल में एलओसी पर भी चौकसी बढ़ा दी है क्योंकि हमले में लिप्त आतंकियों के द्रास-कारगिल के रास्ते घुसपैठ करने की आशंका भी जताई जा रही है। 20 अक्टूबर की रात को आतंकियों ने श्रीनगर-लेह राष्ट्रीय राजमार्ग पर जेड मोड़ सुरंग परियोजना के शिविर हमला किया था। हमले में सात लोगों की मौत और पांच घायल हुए हैं। हमले की जिम्मेदारी लश्कर-ए-तैयबा के मुखौटा संगठन टीआरएफ ने ली है।

# सलमान की हालत बाबा सिद्दीकी से भी बदतर होगी... धमकी देने वाला जमशेदपुर से गिरफ्तार



**जमशेदपुर, 24 अक्टूबर [एजेंसी]।**

फिल्म अभिनेता सलमान खान से पांच करोड़ रुपये रंगदारी मांगने और नहीं देने पर बाबा सिद्दीकी से भी बदतर स्थिति करने की धमकी देने के आरोपित शेख हुसैन को मुंबई की जुहू डीसीबी पुलिस ने झारखंड के जमशेदपुर से बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। वह मानगो के आजादनगर थाना क्षेत्र का निवासी है और साकची में सब्जी बेचता था।विगत एक साल से साकची क्षेत्र में नहीं देखा जा रहा था। वह मूल रूप से पश्चिम बंगाल के बाघमुंडी का रहने वाला है। पुलिस ने शेख हुसैन के पास से उस मोबाइल को भी जब्त किया हैं जिससे मुंबई की ट्रैफिक पुलिस को वाट्सएप पर गुरुवार को एक धमकी भरा संदेश मिला था, जिसमें बालीवुड अभिनेता सलमान खान से पांच करोड़ रुपये की फिरौती मांगी गई थी। संदेश में जेल में बंद गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के साथ उनके विवाद को सुलझाने का दावा किया गया था। आरोपित को पुलिस गुरुवार को जमशेदपुर कोर्ट में प्रस्तुत कर ट्रांजिट रिमांड पर मुंबई ले जाएगी। उसने बताया कि बीते कई दिनों से टीवी पर सलमान खान की हत्या कराने की खबरें चल रही थी। वह इन्हीं खबरों को देखा करता था।उसने सोचा की इसी बहाने वह सलमान खान से रंगदारी मांगने का मैसेज कर मामले को तूल पकड़ा सकता है। उसने इंटरनेट पर मुंबई ट्रैफिक पुलिस का नंबर सर्च किया और मुंबई पुलिस के वाट्सएप नंबर पर एक धमकी भरा संदेश भेज दिया जिसके बाद उसने मोबाइल बंद कर दिया।

फिलहाल पुलिस यह जानने का प्रयास कर रही है कि आरोपित किससे जुड़ा हुआ है, इसकी सच्चाई को पुलिस उससे पूछताछ कर रही है। उसकी गिरफ्तारी को मुंबई पुलिस जमशेदपुर में चार दिनों से कैंप कर रही थी।शेख हुसैन ने खुद को लॉरेंस बिश्नोई गैंग का करीबी बताते हुए जो वॉट्सएप संदेश भेजा था, वह है, 'इसे हल्के में मत लीजिए। अगर सलमान खान को जिंदा रहना है और उन्हें लॉरेंस बिश्नोई से दुश्मनी खत्म करनी है तो उन्हें पांच करोड़ रुपये देने होंगे। अगर पैसे नहीं दिए गए तो सलमान खान की स्थिति बाबा सिद्दीकी से भी बदतर होगी।'वॉट्सएप पर धमकी भरा संदेश मिलने के बाद मुंबई पुलिस ने वर्ली थाने में केस दर्ज कर जांच शुरू की। संदेश भेजने के बाद के बाद आरोपित ने मोबाइल फोन बंद कर लिया था।

## इंदौर लोकायुक्त की बड़ी कार्रवाई, ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण के अधिकारी को रिश्वत लेते किया गिरफ्तार



**खरगोन, 24 अक्टूबर [एजेंसी]।**

लोकायुक्त पुलिस इंदौर ने दीपावली पूर्व बड़ी कार्रवाई करते हुए मध्य प्रदेश ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण महेश्वर के उपयंत्री राहुल मंडलोई को पांच लाख रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। लोकायुक्त डीएसपी प्रवीण सिंह बघेल के अनुसार आवेदक ओम प्रकाश पाटीदार निवासी साटकूर तहसील कसरावद ने पुलिस अधीक्षक लोकायुक्त इंदौर राजेश सहाय के समक्ष शिकायत की थी।इसमें बताया कि उन्होंने मेसर्स प्रकाश पाटीदार के साथ मिलकर मध्य प्रदेश ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण अंतर्गत लोहारी फाटे से सिपटान व निमरानी से बोरावां रोड का निर्माण किया था। जिसके लंबित बिलों का भुगतान करने के एवज में उपयंत्री राहुल मंडलोई द्वारा 15 लाख 50 हजार रुपये बतौर रिश्वत के रूप में मांगें जा रहे हैं। उक्त शिकायत का सत्यापन कराया गया।बुधवार को शाम पांच बजे आरोपित उपयंत्री राहुल मंडलोई शिकायतकर्ता ओमप्रकाश पाटीदार निवासी साटकुर के घर पहुंचा। यहां जैसी ही उपयंत्री राहुल मंडलोई ने पांच लाख रुपये रिश्वत ली तो अधिकारियों ने उसे रंगेहाथ पकड़ लिया।इसके बाद टीम आरोपित को कसरावद रेस्ट हाउस लेकर आई। यहां कार्रवाई की गई। कार्रवाई में दिनेशचन्द्र पटेल, कार्यवाहक निरीक्षक राजेश ओहरिया, आरक्षक कमलेश परिहार, आरक्षक सतीश यादव, आरक्षक आदित्य सिंह भदौरिया, आरक्षक विजय कुमार एवं चालक शेरसिंह ठाकुर शामिल है

# अवैध शराब पकड़वाने के शक में युवक को बंधक बनाकर पीटा, कई युवकों से कराया कुकर्म

**सोनीपत, 24 अक्टूबर [एजेंसी]।**

राई थाना क्षेत्र में शराब तस्कर ने अवैध शराब पकड़वाने के शक में युवक को फ्लैट में बंधक बनाकर उसकी आंखों पर पट्टी बांधकर कई युवकों ने कुकर्म कर डाला। आरोपी ने इस घटना का वीडियो भी बना लिया। वहीं, शराब पकड़े जाने से हुए नुकसान की भरपाई के लिए चार लाख रुपये भी मांगे। रुपये न देने पर वीडियो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित कर दिया, जिसके बाद स्वजन उसे थाने लेकर पहुंचे। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।राई थाना क्षेत्र के गांव के युवक ने पुलिस को बताया कि वह दिल्ली में एक्साइज विभाग के वाहन पर चालक था। हरियाणा का होने के कारण उसके पास अवैध शराब तस्करी की सूचना भी आ जाती थी। वह एक्साइज विभाग को



इसकी जानकारी देकर अवैध शराब की गाड़ी पकड़वाता था। अब वह करीब तीन महीने से नौकरी पर नहीं जा हा था।आरोप है कि सोनीपत के बीधल गांव का साहब सिंह अवैध शराब का काम करता है। इसकी हरियाणा-दिल्ली में कई बार शराब पकड़ी गई थी। उसे शक था कि शराब उसने पकड़वाई है।साहब सिंह की बहन उसके गांव में ब्याही है। करीब एक महीना पहले साहब सिंह उसके घर पर आया था। उसने उससे कहा कि हमारी शराब की गाड़ी क्यों पकड़वाते हो। उसने कहा कि मैंने आपकी कोई गाड़ी नहीं पकड़वाई। इसके बाद साहब सिंह उसका मोबाइल नंबर लेकर चला गया। इसके बाद दो अक्टूबर को उसके पास साहब सिंह के कई फोन आए। उसने फोन नहीं उठाए। फिर तीन अक्टूबर को दिन में करीब 11 बजे फिर से फोन आया। फोन उठाने पर उसने कहा कि तुझसे मिलना है। वह गांव के अड्डे पर चला गया। आरोप है कि साहब सिंह बुलेट पर आया।वह उसके पास पहुंचा तो उसने कहा कि तेरी लड़की डीपीएस में पढ़ती है, यदि उसकी सलामती चाहता है तो चुपचाप बुलेट पर बैठ जा। वह डरकर उसके पीछे बैठ गया। वह उसे राठधना में सुपर मैक्स सोसाइटी में ले गया। वहां पर एक फ्लैट में पहले से छह-सात लड़के बैठे हुए थे। वह उनको नहीं पहचानता था।युवकों ने उसे लात, घूंसे, जूतों से पीटना शुरू कर दिया। बेहोश होने तक उसे पीटते रहे। उसके साथ कुकर्म किया गया और उसका वीडियो बना लिया गया। आरोपी कहने लगे कि तेरे कारण हमारा लाखों का नुकसान हो गया है। यदि तुमने चार लाख रुपये नहीं दिए तो तुझे और तेरे परिवार को जान से मार देंगे। यदि 10-12 दिन में तू हमें पैसे दे देगा तो यह वीडियो डिलीट कर देंगे।यदि रुपये नहीं दिए या किसी को बताया तो तेरी वीडियो इंटरनेट पर डाल देंगे। तुझे जान से मार देंगे।

## कोलकाता के टेरीटी बाजार में लगी भीषण आग, कई दुकानें जलकर खाक, दमकल की 15 गाड़ियां मौके पर

**कोलकाता।** दीपावली से पहले मध्य कोलकाता के इजरा स्ट्रीट के समीप टेरीटी बाजार में बुधवार रात भीषण आग लग गई। अग्निशमन विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि आग रात करीब साढ़े आठ बजे लगी, जिसके बाद एक-एक कर दमकल की 15 गाडियों को घटनास्थल पर भेजा गया।समाचार लिखे जाने तक आग बुझाने का कार्य देर रात तक जारी था। आग कैसे लगी इसका अभी पता नहीं चल पाया है। हालांकि अभी तक इस घटना में किसी के घायल या जनहानि की खबर नहीं है। बताया जा रहा है कि आग लकड़ी के बक्से के एक गोदाम में लगी। देखते ही देखते आग पास की दुकानों में भी फैल गई और भयावह रूप ले लिया।आग की लपटें काफी दूर-दूर से दिखाई दे रही थी। आग में कई दुकानें जलकर खाक हो गई।

# रोज जिम जाने वाले सावधान! टॉयलेट सीट से 362 गुना ज्यादा गंदे होते हैं डंबल, जानें ये कितना खतरनाक

**घर-दफ्तर ही नहीं हर जगह हमारा सामना कीटाणुओं से होता है. घर के स्विच बोर्ड, डोर हैंडल, वॉशबेसिन,पोछे के कपड़े, तकिए, तौलिए, कंघी, घर के कोने, टीवी या एसी, पानी की बोतल, फ्रिज, सोफे, फर्श, सीढ़ियों, बालकनी, टेलीफोन तक में बैक्टीरिया छुपे हैं.**



सबसे ज्यादा बैक्टीरिया टॉयलेट सीट पर पाया जाता है. हालांकि, एक नई स्टडी में जिम जाने वालों को सावधान किया गया है. इस स्टडी में बताया गया है कि जिम में इस्तेमाल होने वाले डंबल जैसे इक्विपमेंट पर टॉयलेट सीट की तुलना में 362 गुना अधिक बैक्टीरिया होते हैं.

जिम में हर तरफ बैक्टीरिया

अध्ययन से पता चला है कि जिम उपकरण हानिकारक बैक्टीरिया से भरे हुए हैं, जो जिम जाने वालों के सेहत के लिए खतरनाक है. इससे कई तरह की स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं. फिटरेटेड के शोधकर्ताओं ने 27 जिम मशीनों से सैंपल इकट्ठा किए और इक्विपमेंट के हर टुकड़े पर प्रति वर्ग इंच में 10 लाख से ज्यादा बैक्टीरिया पाए गए.

जिम के बैक्टीरिया से खतरा

स्टडी में बताया गया कि ग्राम-पॉजिटिव कोक्सी जैसे बैक्टीरिया, जिम जाने वालों में स्किन इंफेक्शन का कारण बन सकते हैं. एंटीबायोटिक-प्रतिरोधी ग्राम-नेगेटिव रॉड्स ट्रेडमिल, एक्सरसाइज बाइक और फ्री वेट पर पाए गए थे. खास तौर पर फ्री वेट में टॉयलेट सीट की तुलना में 362 गुना अधिक बैक्टीरिया मौजूद होते हैं, जबकि ट्रेडमिल में पब्लिक बाथरूम के नल की तुलना में 74 गुना अधिक बैक्टीरिया होते हैं.

बार-बार इस्तेमाल इक्विपमेंट ज्यादा खतरनाक

अध्ययन में इस बात पर जोर डाला गया है कि कई लोगों द्वारा बार-बार इस्तेमाल किए जाने के कारण जिम उपकरणों पर बैक्टीरिया पनपते हैं. कई जिमों में कीटाणुनाशक वाइप्स उपलब्ध कराने के बावजूद, इसे यूज करने वाले अक्सर उपयोग से पहले और बाद में इक्विपमेंट को साफ करने में लापरवाही करते हैं.

जिम में बैक्टीरिया को कम करने के लिए क्या करें

खासकर बैक्टीरिया के संपर्क को कम करने के लिए मशीनों और खुद को बैक्टीरिया से बचाने के लिए सही साफ अपनाने, चेहरे को छूने से बचने और हाथों को अच्छी तरह से धोने की सलाह देते हैं.

अतिरिक्त सुरक्षा के लिए वर्कआउट के तुरंत बाद जिम के कपड़े बदलने की भी सलाह दी जाती है. जहां तक वर्कआउट बाइक और ट्रेडमिल की बात है, जो हर जिम-एहोलिक के पसंदीदा इक्विपमेंट्स हैं. इस स्टडी में पाया गया है कि व्यायाम वाली बाइक और ट्रेडमिल में सार्वजनिक सिंक और यहां तक कि कैफेटेरिया ट्रे की तुलना में लगभग 39 और 74 गुना अधिक बैक्टीरिया होते हैं. ऐसे में सावधानी बेहद जरूरी है.

## धमकी के बीच सलमान खान ने शुरू की सिकंदर की शूटिंग, दिवाली तक सेट से नहीं हिलेंगे भाईजान




सलमान खान ने अपनी मोस्ट अवेटेड अपकमिंग मास एक्शन फिल्म सिकंदर की शूटिंग एक बार फिर शुरू कर दी है. सलमान ने लॉरेंस बिश्नोई गैंग की धमकी के बीच ईद 2025 पर रिलीज होने जा रही फिल्म सिकंदर की शूटिंग फिर से जारी कर दी है. सलमान खान धमकी के बीच भी अपना काम करना नहीं छोड़ रहे हैं. हाल ही में सलमान खान ने बिग बॉस 18 के वीकेंड का वार एपिसोड शूट किया था. रिपोर्ट्स के मुताबिक सलमान खान सिकंदर के सेट पर शूट कर रहे हैं.रिपोर्ट्स की मानें तो, सलमान खान अपने काम को लेकर कमिटेड रहते हैं. एक तरफ वह हाई लेवल-सिक्योरिटी के बीच बिग बॉस 18 की शूटिंग कर रहे हैं, तो वहीं अब वह सिकंदर को निपटाने में लगे हैं. रिपोर्ट्स की मानें तो सिकंदर के सेट पर सलमान खान को सिक्योरिटी की एक पूरी फौज तैनात है. कहा जा रहा रहा है कि सलमान खान दिवाली तक सिकंदर की शूटिंग लगातार करेंगे.बता दें, सिकंदर को आमिर खान के साथ फिल्म गजनी कर चुके साउथ फिल्मों के डायरेक्टर एआर मुरुगदास बना रहे हैं. साजिद नाडियाडवाला के प्रोड्क्शन हाउस में यह सिकंदर का निर्माण हो रहा है. फिल्म सिकंदर में सलमान खान के साथ रश्मिका मंदाना, काजल अग्रवाल, सुनील शेट्टी, शर्मन जोशी, अंजिनी धवन, प्रतीक बब्बर और कटप्पा फेम सत्याराज अहम रोल में नजर आएंगे. फिल्म 30 मार्च 2025 को ईदर के मौके पर रिलीज होने जा रही है.बता दें, सलमान खान को काले हिरण के शिकार मामले में लॉरेंश बिश्नोई गैंग बार-बार जान से मारने की धमकी दे रहा है.


## अक्षय कुमार की फिल्म सरफिरा का बॉक्स ऑफिस पर निकला दिवाला ओटीटी पर बनी नंबर 1

90 के दशक में लगातार हिट फिल्में देने वाले अक्षय कुमार पिछले काफी समय से बॉक्स ऑफिस पर असफलताओं का सामना कर रहें हैं। इस साल 2024 में उनकी एक फिल्म रिलीज हुई, लेकिन वो भी बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कमाल नहीं कर पाई। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप हो गई। इसके अलावा उनकी फिल्म अपने बजट जितना भी नहीं कमा पाई। हालांकि अब फिल्म ओटीटी पर स्ट्रीम हो चुकी है, जहां ये धूम मचा रही है। फिल्म को काफी अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है।

आपको बता दें कि इस साल 2024 में बॉलीवुड की कई फिल्में बॉक्स ऑफिस पर बुरी तरह फ्लॉप हुई हैं, जिन्हें ओटीटी पर भी कुछ खास रिस्पॉन्स नहीं मिल रहा है। इसी बीच बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप हुई एक फिल्म ओटीटी पर धमाल मचा रही है और टॉप ट्रेंडिंग में आ गई है। फिल्म को ओटीटी पर दर्शकों का शानदार रिस्पॉन्स मिल रहा है। इसके अलावा फिल्म को आईएमडीबी पर भी काफी अच्छी और शानदार रेटिंग मिली है, जिसने सभी को हैरान कर दिया है। अक्षय कुमार की इस फिल्म का नाम 'सरफिरा' है, जो कुछ महीने पहले ही रिलीज हुई है। इस फिल्म का निर्देशन सुधा कोंगारा ने किया है। फिल्म में अक्षय कुमार के अलावा राधिका मदान, परेश रावल और सीमा बिस्वास जैसे कलाकार नजर आ रहें हैं। यह फिल्म 12 जुलाई 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। दरअसल, यह साउथ के सुपरस्टार सूर्या की हिट फिल्म 'सोरारई पोटरु' का हिंदी रीमेक है। फिल्म को सिनेमाघरों में अच्छा रिस्पॉन्स नहीं मिला था। दर्शकों को फिल्म की कहानी कुछ खास पसंद नहीं आई थी, लेकिन ओटीटी पर फिल्म की कहानी और सभी कलाकारों की एक्टिंग को खूब पसंद किया जा रहा है। इस फिल्म की कहानी वीर म्हात्रे (अक्षय कुमार) के इर्द-गिर्द घूमती है, जो एयरफोर्स में भर्ती होता है। महंगी फ्लाइट टिकट की वजह से वह अपने पिता को आखिरी बार देख नहीं पाता और यह घटना उसे गहरे सदमे में डाल देती है। इसके बाद वीर म्हात्रे सस्ती एयरलाइन शुरू करने का फैसला करता है। फिल्म की कहानी काफी इमोशनल है, जिसे ओटीटी पर दर्शक खूब पसंद कर रहें हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, इस फिल्म का बजट 85 करोड़ रुपये था और इसने सिर्फ 22.13 करोड़ रुपये कमाए, जबकि इसकी वर्ल्डवाइड कमाई 30.02 करोड़ रुपये रही। भले ही यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप रही हो, लेकिन अब यह फिल्म ओटीटी पर नंबर 1 फिल्म बन गई है। हाल ही में यह फिल्म डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर रिलीज हुई है, जहां इसे दर्शकों का अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है। अक्षय कुमार की 'सरफिरा' अब डिज्नी प्लस हॉटस्टार की ट्रेंडिंग लिस्ट में शामिल हो गई है और भारत में नंबर 1 पर ट्रेंड कर रही है। बता दें कि इस फिल्म को आईएमडीबी पर 10 में से 7.7 की रेटिंग मिली है। अगर आपने अभी तक यह फिल्म नहीं देखी है और देखना चाहते हैं, तो आप इसे आज घर बैठे आराम से देख सकते हैं।



## क्या दांतों का रूट कैनाल ट्रीटमेंट बन सकता है हार्ट अटैक की वजह, जानें इस बात में है कितनी सच्चाई?



ये बात वाकई अजीब लगती है जब कोई कहता है कि दांत की सर्जरी के बाद दिल का दौरा पड़ सकता है. वाकई सोचने वाली बात है कि दांत का दिल से क्या कनेक्शन? अगर आप भी से कंफ्यूजन में है कि यह सच है या सिर्फ एक मिनट तो चलिए आपको बताते हैं इस खबर में आखिर इस बात में कितनी सच्चाई है.

बहुत से लोग रूट कैनाल थेरेपी को एक रेगुलर डेंटल सर्जरी के तौर पर करवाते हैं ताकि दांतों को डैमेज या इन्फेक्टेड होने से बचाया जा सके. एक सुरक्षित माने जाने के बावजूद रूट कैनाल थेरेपी को लेकर यह डाउट जरूर होता है कि इसका संबंध दिल के दौरे से पढ़ सकता है.

रूट कैनाल क्या है?

रूट कैनाल एक डेंटल ऑपरेशन है जिसका उपयोग दांत के कोर से रोगग्रस्त टिशू को निकालने के लिए किया जाता है. आगे के नुकसान को रोकने के लिए, डेंटिस्ट खाली जगह को भरकर बैक्टीरिया और सड़न को हटाते हैं. कोई दांत जिसे निकालने की जरूरत हो सकती है, उसे इस तकनीक से बचाया जा सकता है. वैसे तो रूट कैनाल ट्रीटमेंट एक सामान्य प्रक्रिया है इसमें किसी भी तरह के समस्याओं की संभावना बहुत कम होती है. क्योंकि लोकल एनेस्थीसिया देकर इसे किया जाता है.

हार्ट अटैक से इसका क्या संबंध?

ऐसे कहा जाता है कि रूट कैनाल ट्रीटमेंट दिल के दौरे या दूसरी हार्ट की समस्याओं से जुड़ा हो सकता है. यह उन लोगों के लिए विशेष रूप से सच है जिनका हार्ट डिसीज की कोई हिस्ट्री नहीं है. दरअसल ये डर इस बात से निकाल कर आया है कि रूट कैनाल प्रक्रिया के दौरान लोक बैक्टीरिया ब्लड स्ट्रीम में इंटर कर सकते हैं जिससे हार्ट सहित शरीर के बाकी अंगों में सूजन या इंफेक्शन हो सकता है.

एंडोडोंटिक थेरेपी और इंसिडेंट कार्डियोवैस्कुलर डिजीज: द एथेरोस्क्लेरोसिस रिस्क इन कम्युनिटीज स्टडी के अध्ययन के अनुसार, इस बात` कोई ठोस सबूत नहीं हैं कि रूट कैनाल ट्रीटमेंट सीधे दिल के दौरे का कारण बनते हैं.

ओरल हेल्थ हार्ट डिसीज से कैसे जुड़ा है?

हालाँकि रूट कैनाल के इस्तेमाल से सीधे हार्ट अटैक होने का पता नहीं चला है, लेकिन हार्ट डिसीज और डेंटल हेल्थ के बीच एक स्ट्रांग कनेक्शन है. बैड डेंटल हाइजीन मसूड़ों की बीमारी जैसी बीमारियों का कारण बन सकती है, जो बैक्टीरिया को ब्लड फ्लो में प्रवेश करने की अनुमति देकर हृदय संबंधी समस्याओं के जोखिम को बढ़ाती है. मसूड़ों की बीमारी वाले लोगों में हार्ट डिसीज अधिक आम हैं, लेकिन यह जोखिम सीधे रूट कैनाल थेरेपी से जुड़ा नहीं है बल्कि, यह ओवरऑल डेंटल हेल्थ से संबंधित है.

क्या रूट कैनाल ट्रीटमेंट से डरने की जरूरत है ?

अगर आप अच्छी ओरल हाइजीन मेंटेन करके रखते हैं और आपके हाथ से जुड़ी कोई समस्या नहीं है तो रूट कैनाल ट्रीटमेंट करवाने के बारे में चिंता करने की कोई वजह नहीं है. यह एक नॉर्मल ट्रीटमेंट है, तो आपके हार्ट को कोई बड़ा जोखिम दिए बिना डेंटल हेल्थ को बनाए रखने में मदद करती है. पहले से हार्ट डिजीज वाले मरीजों को अतिरिक्त सावधानी बरतने की जरूरत जरूर हो सकती है.

## शब्द सामर्थ्य -216

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. रुचिकर लगने वाली, रुचि के अनुकूल, चुनी हुई 3. राजाओं के बैठने का आसन 6. श्रमिक 7. कार्य, काज 9. वाद्ययंत्र आदि बजाने वाला 10. सहारा, सहायक वस्तु 11. शर्म, लाज, हया 12. मक्खन, माखन 14. श्रीमती राबड़ी देवी इस प्रदेश की मुख्यमंत्री हैं 15. चंद्रमा, रजनीश, चांद 18. पुस्तक 20. अवधि, समय 21. तर्क वितर्क और कहा-सुनी, जबानी झगड़ा 22. सूरत, आकार 23. झुका हुआ, नत।

**ऊपर से नीचे**

1. पंद्रह दिन का समय, शुक्ल या कृष्ण पक्ष 2. आग बुझाने की मशीन 3. हिंदु विवाहित स्त्री के मांग में भरने का लाल चूर्ण 4. पराजय, माला 5. मुंह ढकने का कपड़ा, घूंघट 8. चंदन, दक्षिण का एक पर्वत 10. व्यवस्थित करना, सजाना, स्वभाव आदि का परिष्कार, शुद्ध संबंधी कृत्य 12. विशालता, बड़प्पन, महान होने का भाव 13. अड़चन, रुकावट 15. जमीन के अंदर गहरा और लंबा रास्ता, अच्छे रंग का 16. बेवकूफ, मूर्ख, अहमक 17. औसत के हिसाब से 18. कृषक 19. अधिक, ज्यादा।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 215 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ज | ल | | आ | खा | जा | ही | | |
| मा | | खु | ब | | दू | र | स्थ | |
| ना | दा | न | | सा | ग | | ल | क्ष्य |
| | म | ख | | त | र | ल | | |
| | बी | रा | न | | | च | ट | क |
| | र | ब | | आ | ज | क | ल | |
| | | | आ | ग | | दा | ना | |
| | अ | ग | र | म | ग | र | | क्रो |
| भा | भी | | ती | न | | | ख | ध |



## फैबुलस लाइव्स वर्सेस बॉलीवुड वाइव्स सीजन 3 की शालिनी पासी की लाइफ स्टाइल सबसे हटकर

फैबुलस लाइव्स वर्सेस बॉलीवुड वाइव्स का तीसरा सीजन नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हो रहा है. इस रिएलिटी टीवी शो में बॉलीवुड के दिग्गज सितारों की पत्नियों के ग्लैमर को दिखाया गया है. शो से दिल्ली की हसीनाएं रिद्धिमा कपूर साहनी, शालिनी पासी और कल्याणी साहा ने डेब्यू किया है. इनमें से शालिनी पासी काफी लाइमलाइट में हैं. उनके फैशन सेंस से लेकर उनके आलीशान बंगले की तक की खूब चर्चा हो रही है.

शालिनी पासी दिल्ली की रहने वाली हैं. वे अरबपति बिजनेसमैन संजय पासी की वाइफ हैं. वे म्यूजिक, डांसिंग, तीरंदाजी, शूटिंग, स्कूबा डाइविंग और फैशन तक में दिलचस्पी रखती हैं. इसके अलावा वे एक फॉर्मर स्टेट लेवल की जिमनास्ट हैं. शालिनी अब माई आर्ट शालिनी पहल और शालिनी पासी आर्ट फाउंडेशन चलाती हैं. इसके अलावा उन्होंने एमएएसएच नाम का एक ऑर्गेनाइजेशन स्थापित किया है जो हैंडक्राफ्ट और फैशन से जुड़ा है.

45 साल की शालिनी पासी एक आर्ट कलेक्टर हैं. वे दिल्ली में अपने पति संजय पासी और बेटे रॉबिन के साथ एक महल जैसे घर में रहती हैं. उनका ये आलीशान बंगला दिल्ली के सबसे प्रीमियम एरिया, गोल्फ लिंक में बना हुआ है. सॉफ्ट बूमरैंग शेप वाले उनके इस घर में कुल 14 बेडरूम हैं और घर का हर कोना खूबसूरत आर्ट पीस से सजा हुआ है. इस घर में एक बड़ा और खूबसूरत लॉन है जिसमें बड़ा-सा बुद्धा स्टैचू लगा है.

शालिनी पासी के पति संजय पासी पास्को ग्रुप के चेयरमैन हैं. फाइनेंशियल ईयर 2021-22 के लिए पास्को ग्रुप का टर्नओवर 2,690 करोड़ रुपए था. संजय पासी ने दिल्ली यूनिवर्सिटी के हंसराज कॉलेज से बी.कॉम में ग्रेजुएशन किया है. इसके बाद उन्हें नवंबर 2007 से मार्च 2014 तक नई दिल्ली में लातविया गणराज्य के लिए कॉन्सूल जनरल बनाया गया था.

## केट शर्मा ने गिराई बिजली, स्विमिंग पूल के किनारे दिए किलर पोज

एक्ट्रेस केट शर्मा सोशल मीडिया पर अपनी बोल्डनेस और ग्लैमरस अंदाज के चलते सुर्खियों में बनी रहती हैं। उनकी एक एक तस्वीर सोशल मीडिया का पारा हाई किए रहती है। वहीं, उनकी कातिलाना तस्वीरें फैंस को काफी पसंद आती हैं। एक्ट्रेस केट शर्मा को एक बार फिर ब्रालेट अवतार में अपना कर्वी फिगर फ्लॉन्ट कर रही हैं।

टीवी एक्ट्रेस केट शर्मा ने हाल ही में अपने फैंस को एक बड़ा सरप्राइज दिया है. केट ने इंस्टाग्राम पर एक नया वीडियो शेयर किया है, जिसमें वह ग्रीन ब्रालेट और शॉर्ट डेनिम पहने स्विमिंग पूल के किनारे किलर पोज देती नजर आ रही हैं. लाइट मेकअप और खुले बालों के साथ केट का यह ग्लैमरस अंदाज फैंस के दिलों पर छा गया है. वीडियो में केट की अदाएं और स्वैग देखने लायक हैं, जिसने उनके फैंस को दीवाना बना दिया है.

केट शर्मा अपनी बोल्डनेस और हॉटनेस से इंटरनेट पर कहर बरपाए रहती हैं। उनकी किलर तस्वीरें फैंस को काफी पसंद आती हैं।

केट शर्मा रूहदार और कुछ तो जरूरी है जैसी फिल्मों में नजर आ चुकी हैं।

केट शर्मा अपनी बोल्ड तस्वीरें देने से कभी नहीं झिझकती हैं। फैंस उनकी तस्वीरों के लिए व्याकुल रहते हैं।

एक्ट्रेस केट शर्मा ने अक्टूबर 2018 में मशहूर फिल्ममेकर सुभाष घई पर मीटू के तहत गंभीर आरोप लगाए थे।

सोशल मीडिया पर फैंस उनकी इस पोस्ट पर जमकर प्यार लुटा रहे हैं और कमेंट्स में तारीफें कर रहे हैं. केट का यह वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है और उनके फैंस इसे खूब पसंद कर रहे हैं.

केट शर्मा भले ही फिल्मों में कुछ ज्यादा खास नहीं कर पाईं हो लेकिन, इंस्टाग्राम पर एक्ट्रेस के 2.7 मिलियन फॉलोवर्स हैं।



# रेलवे ट्रैक, सड़क ही नहीं कब्र के पास भी विचरण करते हैं हाथी

**सूरजपुर।** हाथी एक सामाजिक प्राणी हैं। दल में साथ रहना हाथियों की आदत है। दल के किसी सदस्य की मौत पर हाथी उस क्षेत्र को छोड़कर जाना नहीं चाहते। ट्रेन से कटकर हाथी के बच्चे की मौत के बाद हावड़ा-मुंबई रेल मार्ग पर हाथियों के आ जाने के कारण कई घण्टे रेल परिचालन बाधित हुआ।



उत्तर छत्तीसगढ़ में कई ऐसी घटनाएं हो चुकी हैं जिसमें यह प्रमाणित हो चुका है कि समूह में रहने वाले हाथी किसी सदस्य की मौत पर उसी क्षेत्र में डेरा जमाए रहते हैं। हाथी के कब्र के पास आकर खड़े रहना, छोटे बच्चे की देखभाल के लिए उसे घेर कर रखे रहना, घायल हाथी को उठाने के लिए सहयोग करना हाथियों के व्यवहार में शामिल है। इतना ही नहीं हाथी के बीमार होने, कुआं अथवा किसी गड्ढे में गिरे हाथी की प्राणरक्षा के लिए इंसानी पहल के लिए समय भी देते हैं। छत्तीसगढ़ में वर्तमान में लगभग 350 हाथी हैं। इनमें से सर्वाधिक हाथी बिलासपुर वन वृत्त में हैं। उत्तर छत्तीसगढ़ भी हाथियों का पसंदीदा स्थल है। वर्ष भर उत्तर छत्तीसगढ़ के जंगलों में हाथियों की उपस्थिति रहती है। समय-समय पर हाथी आबादी क्षेत्रों के आसपास भी विचरण करते हैं। भारतीय वन्य जीव संस्थान के विशेषज्ञों ने स्थानीय वन अधिकारियों-कर्मचारियों के साथ मिलकर छत्तीसगढ़ के हाथियों के व्यवहार पर विस्तृत अध्ययन किया है। अध्ययन में निकलकर सामने आई बातों से स्पष्ट है कि हाथियों का रेलवे ट्रैक के आसपास घण्टो विचरण करना अप्रत्याशित नहीं है। दल के किसी भी हाथी की मौत के बाद हाथी उस क्षेत्र से होकर जल्दी जाना नहीं चाहते।

अंबिकापुर शहर के नजदीक सकालो गांव में कुछ वर्ष पूर्व कीटनाशक के सेवन से हाथी की मौत हो गई थी। नजदीक के जंगल में हाथी को दफनाया गया था। उसी दिन शाम को हाथियों का दल वहां पहुंच गया था। हाथियों की चिंघाड़ से समूचे क्षेत्र में भय का वातावरण निर्मित हो गया था। सिर्फ एक दिन नहीं बल्कि तीन से चार दिन तक हाथी उस स्थल पर सारी रात विचरण करते थे। सरगुजा जिले के सीतापुर क्षेत्र के कम गहराई वाले असुरक्षित कुएं में हाथी का बच्चा गिर गया था। सुबह गांव वालों को पता चला। हाथी का बच्चा बाहर नहीं निकल पा रहा था। थोड़ी दूर में बांस के झुरमुट में एक हाथी था। ऐसी स्थिति में हाथी के बच्चे को निकालना खतरा हो सकता था। भय के माहौल के बीच हाथी के बच्चे को निकालने का प्रयास शुरू हुआ तो वयस्क हाथी की ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं हुई। तब एक्सीवेटर बुलाकर कुएं के मुंह को चौड़ा किया गया। आसपास की मिट्टी खोदी गई ताकि हाथी का बच्चा निकल सका। इस अभियान को सफलता भी मिली। कुएं से हाथी का बच्चा निकला तो वयस्क हाथी उसके साथ आगे बढ़ गया यानी वयस्क हाथी को भी यह विश्वास था कि इंसानी दखल उसके बच्चे की प्राणरक्षा के लिए हो रही है। सूरजपुर जिले के ओड़गी क्षेत्र में सात हाथी बेहोश हो गए थे। पशु चिकित्सकों के साथ वन विभाग की टीम जब तक मौके पर पहुंचती चार हाथी खुद खड़े हो गए थे। पशु चिकित्सकों की टीम ने हाथियों का उपचार शुरू किया लेकिन दल के दूसरे हाथियों की ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं हुई। हाथियों का दल नजदीक के जंगल में चला गया था। पूरे दिन उपचार किया गया। शाम होते ही हाथी उस ओर बढ़ने लगे तब टीम वापस लौटी। तब तक उपचार किया जा चुका था। सूरजपुर जिले के वरिष्ठ पशु चिकित्सक डा महेंद्र पांडेय ने बताया कि हाथियों की यह आदत है कि किसी सदस्य की मौत पर वे आसपास ही विचरण करते हैं। सूरजपुर जिले के बिहारपुर,तमोर पिंगला क्षेत्र में हाथियों के मौत पर जब टीम के साथ हम पहुंचे तो पता चला कि नजदीक ही हाथी हैं। एकाध बार तो सुरक्षागत कारणों से लंबी प्रतीक्षा भी करनी पड़ी।

# डबल मर्डर के बाद एसपी आहिरे को हटाया, अब कमान ठाकुर के पास

**सूरजपुर।** नगर में दोहरा हत्याकांड के मुख्य आरोपित द्वारा एक ही दिन में तीन स्थानों पर पुलिसकर्मियों पर जानलेवा हमले की वारदात को अंजाम देने के साथ उसकी पुलिस विभाग से साठगांठ के आरोपों के बीच सोमवार देर रात सूरजपुर एसपी एमआर आहिरे को हटा दिया गया है। उनके स्थान पर प्रशांत कुमार ठाकुर सूरजपुर एसपी बनाए गए है। वे बुधवार को पदभार ग्रहण करेंगे।

बता दे कि जिलाबदर निगरानी बदमाश कुलदीप साहू ने अपने साथियों के साथ मिलकर 13 अक्टूबर की रात को प्रधान आरक्षक तालिब शेख की पत्नी मेहनाज शेख एवं पुत्री आलिया तालिब की चाकू से गोद कर निर्मम हत्या की थी। उसी दिन उसने अलग-अलग स्थान पर पुलिसकर्मियों पर जानलेवा हमला भी किया था। इसे लेकर नागरिकों ने सड़क पर उतरकर नाराजगी जताई थी। पूरे मामले में जिलाबदर किए गए निगरानी बदमाश कुलदीप साहू के जिला बदर होने के बाद भी सूरजपुर में खुलेआम घूमने को लेकर पुलिस की कार्यशैली पर लोगों ने खुलकर सवाल खड़े किए थे।

जिलाबदर को पुलिसिया संरक्षण होने के आरोपो को गंभीरता से लेते हुए सरगुजा रेंज के आइजी अंकित गर्ग ने आरोपित की जांच करने के लिए कोरिया जिले की एडिशनल एसपी मोनिका ठाकुर एवं कुसमी के एसडीओपी इमानुएल एक्का की अध्यक्षता में एक टीम भी गठित की है। जो आरोपित का पुलिस से संबंध की जांच कर रही है। उक्त घटनाओं को लेकर धूमिल हो रही पुलिसिया छवि को संज्ञान में लेते हुए राज्य सरकार के निर्देश पर सोमवार की देर रात सूरजपुर एसपी एमआर अहिरे को हटाते हुए उप पुलिस महानिरीक्षक यातायात पुलिस मुख्यालय रायपुर स्थानांतरित कर दिया गया है। उनके स्थान पर पांचवी बटालियन जगदलपुर में पदस्थ सेनानी प्रशांत कुमार ठाकुर को सूरजपुर एसपी बनाया गया है। वे 2011 बैच के भारतीय पुलिस सेवा अधिकारी हैं।

इधर तबादला होने के बाद मंगलवार को सूरजपुर एसपी एमआर अहिरे ने एडिशनल एसपी संतोष महतो को कार्यभार सौंप दिया है और रायपुर के लिए रवाना हो गए हैं। इधर बुधवार को जिले के नए पुलिस कप्तान प्रशांत कुमार ठाकुर पदभार ग्रहण करेंगे।

## जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र ने प्लेसमेंट कैम्प का किया आयोजन

**सूरजपुर।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र सूरजपुर के द्वारा प्लेसमेंट कैम्प का ायोजन किया जाना है, जिसमें निजी क्षेत्र के नियोजक एस.ाई.एस. सेक्योर्टी एण्ड इन्टेलीजेन्स सर्विसज (इस्टर्न इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड क्षेत्रीय प्रषिक्षण केन्द्र जषपुर के द्वारा सुरक्षा जवान के 400 पद पर 10 वीं पास व सुरक्षा सुपरवाइजर के 50 पद पर 12 वीं पास पर भर्ती किया जाना है। प्लेसमेंट कैंप का आयोजन जनपद पंचायत प्रतापपुर में 04 नवंबर, जनपद पंचायत भैयाथान में 05 नवंबर, जनपद पंचायत ओड़गी में 06 नवंबर, जनपद पंचायत रामानुजनगर में 08 नवंबर, जनपद पंचायत सूरजुपर में 11 नवंबर एवं जनपद पंचायत प्रेमनगर में 12 नवंबर को 11:00 बजे से 03:00 बजे तक किया जाना है। प्लेसमेंट कैंप का आयोजन जिला रोजगार कार्यालय में किया जाएगा। प्लेसमेंट कैम्प से संबंधित धिक जानकारी के लिए जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र सूरजपुर में संपर्क कर सकते है।

## जयवर्धन होंगे नए नए कलेक्टर

**सूरजपुर।** रोहित व्यास कलेक्टर सूरजपुर का तबादला कलेक्टर जशपुर के पद पर कर दिया गया है वहीं मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी के कलेक्टर एस जयवर्धन को सूरजपुर कलेक्टर बनाया गया है। यह आदेश मंगलवार को देर शाम जारी किया गया है।

## मां-बेटी को दी श्रद्धांजलि, हत्यारों को फांसी देने की मांग

**बिश्रामपुर।** सूरजपुर में प्रधान आरक्षक की पत्नी व पुत्री की निर्मम हत्या का विरोध करते हुए नागरिकों ने मृत आत्माओं की शांति के लिए शोक सभा आयोजित कर उन्हें श्रद्धाजलि अर्पित की। लोगों ने हत्यारों को फांसी की सजा सुनाए जाने की मांग की। बता दें कि 13 अक्टूबर की रात जिलाबदर निगरानी बदमाश कुलदीप साहू ने अपने साथियों के साथ सुरजपुर में प्रधान आरक्षक तालिब शेख की पत्नी मेहनाज शेख व पुत्री आलिया तालिब की चाकू से गोद कर नृशंस हत्या कर दी थी। पुलिस ने आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भी भेज दिया है। उसके बावजूद दोहरे हत्याकांड को लेकर जगह जगह हत्यारो को फांसी देने की मांग की जा रही है। हत्या की शिकार मां बेटी को श्रद्धांजलि देने नगर में सोमवार देर शाम स्थानीय बस स्टैंड में शोकसभा का आयोजन कर कैंडल जलाने के साथ ही लोगो ने दो मिनट का मौन रखकर मृतात्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित की। राज्य उपभोक्ता संरक्षण परिषद के सदस्य सुभाष गोयल ने घटना की निंदा करते हुए कहा कि हत्या के मुख्य आरोपित कुलदीप साहू के जिलाबदर होने के बावजूद सुरजपुर में खुलेआम घूमना उच्च स्तरीय जांच का विषय है। उक्त घटना से असुरक्षा का माहौल निर्मित हो गया है। हत्याकांड के आरोपितों को फांसी दी जानी चाहिए, ताकि ऐसे अपराधों की पुनरावृत्ति न हो। अधिवक्ता बलराम शर्मा समेत नगर पंचायत अध्यक्ष आशीष यादव, रमेश दनौदिया, चंदन सिंह, दीप्ति स्वाई ने भी घटना की निंदा करते हुए हत्यारों को फांसी दिए जाने की मांग की। कार्यक्रम का संचालन पत्रकार नरेंद्र जैन ने किया। इस अवसर पर रश्मि शर्मा, गीता पुरी, विकास सिंह, पवन मिश्रा, रामलाल सोनी, प्रकाश कर, सरफराज खान, अंशुल गोयल, अहमद वाहिद, असगर अहमद, सिट्ठू गुप्ता, विवेक अग्रवाल, लखनलाल कुर्रे, नैमुल्ला खान, मानिकचंद, करमचंद, अज्जू, तारकेश्वर मौजूद रहे।

## मानसून प्राकृतिक आपदा से बचाव एवं राहत व्यवस्था के लिए पदस्थ कर्मचारियों को उनके कार्य से किया गया भारमुक्त

**सूरजपुर।** मानसून 2024 में प्राकृतिक आपदा से बचाव एवं राहत व्यवस्था के लिए जिला मुख्यालय कलेक्ट्रेट सूरजपुर में कंट्रोल रूम बनाया गया था। जिसमें पदस्थ कर्मचारियों को छत्तीसगढ़ शासन, राजस्व एवं ापदा प्रबंधन विभाग के द्वारा राज्य स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष बंद किये जाने के फ्लस्वरूप कर्मचारियों को उनके मूल पदस्थापना स्थल पर कार्य करने हेतु भारमुक्त किया गया।

## महाविद्यालय सिलफिली में एक दिवसीय उद्यमिता जागरूकता शिविर स्वावलंबन का किया गया आयोजन

**सूरजपुर।** सिलफिली में ध्ययनरत छात्र-छात्राों को नवीन उद्योग स्थापना एवं स्वरोजगार पनाने के लिए प्रोत्साहन हेतु विभागीय योजनाों की जानकारी देने के लिए एक दिवसीय उद्यमिता जागरूकता शिविर स्वालंबन का आयोजन जिला प्रशासन के तत्वाधान में जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र द्वारा किया गया, जिसमें शासकीय नवीन महाविद्यालय सिलफिली के ध्ययनरत छात्र-छात्राों को प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उन्नयन योजना और ौद्योगिक नीति के संबंध में जानकारी विभागीय धिकारियों द्वारा विस्तार से दिया गया। इस वसर पर जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, सूरजपुर के प्रबंधक जय सिंह राज द्वारा प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम ौर प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उन्नयन योजनाके ंतर्गत उद्योग एवं सेवा उद्यम स्थापना हेतु ावेदन की प्रक्रिया एवं उपलब्ध सुविधाों के संबंध जानकारी दी गयी। प्रबंधक वधेश कुशवाहा द्वारा छत्तीसगढ़ शासन की औद्योगिक नीति, नवीन उद्योग स्थापना ौर विभागीय सुविधाों एवं लायसेंसिंग प्रक्रिया के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गयी।

# गौचर भूमि पर धान फसल की सामूहिक कटाई, पिटाई से बिगड़ा मामला

**भैयाथान।** सूरजपुर जिले के भैयाथान विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत जूर में विवादित 100 एकड़ जमीन पर लगे धान की फसल की कटाई ग्रामीणों ने सामूहिक रूप से आरंभ कर दी है। इससे तनाव का माहौल निर्मित हो गया। कथित कब्जाधारियों ने धान फसल की कटाई कर रहे ग्रामीणों को डंडे से पीटना शुरू कर दिया। इसमें चार लोग घायल हो गए। इस घटना से गांव में तनाव का माहौल है।



ग्रामीणों का आरोप है कि गौचर भूमि पर ग्राम के ही कुछ लोगों के द्वारा कब्जा किया गया है। कब्जाधारियों द्वारा घर व खेत बनाकर खेती की जा रही है। लगातार शिकायत के बाद भी कब्जा हटाने की कार्रवाई नहीं की जा रही है। वर्तमान में भी फसल जब्ती करने राजस्व अधिकारियों से आग्रह किया गया। कार्रवाई नहीं होने पर 22 अक्टूबर से सामूहिक रूप से फसल कटाई की चेतावनी दी थी।इसके बाद भी कार्रवाई नहीं होने से एकजुट ग्रामीणों ने मंगलवार से सामूहिक रूप से धान की कटाई शुरू कर दी।मामले की गंभीरता देख एसडीएम सागर सिंह राजस्व अमले के साथ सुबह मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों को समझाइश देने का प्रयास किया लेकिन ग्रामीण कुछ भी सुनने को तैयार नहीं थे। माहौल ना बिगड़े इस हेतू पुलिस बल भी मौके पर मांग लिया गया। सब ठीक ही चल रहा था लेकिन अतिक्रमणधारियो ने धान काट रहे ग्रामीणों की लाठी डंडे से पिटाई शुरू कर दी जिससे स्थिति तनाव पूर्ण हो गई। मारपीट में सुरेश साहू,सुरेंद्र साहू सहित दो महिलाओं को काफी चोट आई है जिन्हे जिला अस्पताल भर्ती कराया गया है। ग्रामीणों का कहना है कि प्रशासन हमारे आवेदन पर किसी प्रकार की कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है जिससे अतिक्रमणकारियो के हौसले बुलंद हो रहे हैं।यही कारण है कि ग्राम पंचायत के सभी लोग एक मत होकर फसल काट अतिक्रमण हटाने का निर्णय लिए हैं।तो दूसरी और प्रशासन का कहना है कि कुछ अतिक्रमणकारियो के पास पट्टा हैं और मामला वर्तमान में उच्च न्यायालय व रेवन्यु बोर्ड में लंबित होने से प्रशासनिक दखल नहीं दिया जा सकता फिलहाल तनाव पूर्ण स्थिति को संभालने हेतु मौके पर एडिशनल एसपी संतोष महतो सहित पुलिस अमला व एसडीएम सागर सिंह सहित राजस्व अमला मौके पर मौजूद है।अतिक्रमणकारियो द्वारा ग्रामीणों के पीटे जाने से ग्रामीण उग्र हो गए और मौके पर मौजूद पटवारी ओम प्रकाश नेताम के कार का शीशा तोड़ दिया।

पटवारी कार चालू कर पुलिस बल की ओर भागकर अपने आप को सुरक्षित किया। बेजा कब्जा को हटाने के लिए ग्राम पंचायत के ग्रामीण इस घटना के पूर्व कई बार आंदोलन, भूख हड़ताल सहित अधिकारी व नेताओं से आवेदन कर चुके हैं। समाधान नहीं होता देख ग्रामीणों ने ऐसा कदम उठाया है। गौचर जमीन पर कथित कब्जा और खेती को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा है। सुबह से गांव वाले धान की फसल की कटाई कर रहे थे। लगातार काटे गए धान फसल की ढुलाई कर रहे थे। पुलिस बल भी मौजूद था। देर शाम कथित कब्जाधारियों द्वारा मारपीट किए जाने के बाद पुलिस बल सक्रिय हुआ। घटना को लेकर गांववालों में नाराजगी है। इस संबंध में भैयाथान एसडीएम सागर सिंह ने कहा कि वर्तमान में बेजा कब्जाधारियों के नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज है पट्टा निरस्त करने हेतु मामला उच्च न्यायालय व रेवन्यू बोर्ड में लंबित है।

# हत्यारोपित से पुलिस की सहानुभूति चेरवा समाज ने की कार्रवाई की मांग



**प्रतापपुर।** रमकोला में सोमवार को हुए लरंग साय चेरवा हत्याकांड मामले में चेरवा समाज के लोगों ने थाने में पदस्थ एक एएसआई पर आरोपित के साथ सहानुभूति रखने व मृतक के स्वजन के साथ गाली गलौज करने का आरोप लगाया है। इस संबंध में चेरवा समाज के लोगों ने मंगलवार को रमकोला थाना पहुंचे एसडीओपी पुलिस अरुण नेताम को ज्ञापन सौंप एएसआई पर ठोस कार्रवाई की मांग की है। ज्ञापन में एएसआइ पर आरोप लगाते बताया गया है कि सोमवार को आरोपित धर्मजीत सिंह पिता बलजीत ने लरंग साय चेरवा 50 पिता अमर साय की टांगी से वार कर हत्या कर दी थी। हत्या करने के बाद मौके से फरार हो चुके आरोपित ने देर शाम रमकोला थाने में आत्मसमर्पण कर दिया था। पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की जांच कर रही थी। इसी बीच रात लगभग दस से ग्यारह बजे के बीच घटनास्थल से वापस रमकोला थाना जा रहे एक आरक्षक के साथ बड़वार सरपंच का पति व मृतक का साढ़ू शिवकुमार सोनपाकर भी कार्रवाई के संबंध में जानकारी लेने रमकोला थाने पहूंच गया। इसी बीच उक्त आरक्षक थाना परिसर में बने एएसआई के क्वार्टर की ओर जाने लगा तो मृतक का साढ़ू शिवकुमार भी आरक्षक के पीछे पीछे वहां पहुंचा तो देखा कि एएसआई ने आरोपित को तकिया व कंबल देकर अपने क्वार्टर में ही सुला रखा था। इस पर उसने आपत्ति जताते हुए एएसआई से कहा कि आप आरोपित को अपने क्वार्टर में क्यों सुलाए हैं इसे तो लॉकअप में रखना चाहिए था। यह सुनकर एएसआई भड़क गया और मृतक के साढ़ू शिवकुमार को गाली देते हुए वहां से भगा दिया। इसके बाद मृतक का साढ़ू शिवकुमार वहां से वापस लौट गया। ज्ञापन में यह भी बताया गया है कि यदि थाने में लगे सीसीटीवी कैमरे की जांच की जाए तो स्पष्ट हो जाएगा कि आरोपित को लाकअप में रखा गया था या नहीं। ज्ञापन में चेरवा समाज के लोगों ने कहा है कि यदि जल्द ही अभद्र व्यवहार करने वाले एएसआई पर कार्रवाई नहीं होती है तो वे थाने का घेराव करने पर मजबूर होंगे। रमकोला थानांतर्गत सोमवार को धर्मजीत सिंह पिता बलजीत व मृतक लरंग साय 50 पिता अमर साय दोनों निवासी रमकोला के बीच किसी पुरानी बात को लेकर विवाद हो गया था। इसके बाद धर्मजीत ने लरंग साय के ऊपर टांगी से प्राणघातक हमला कर उसकी हत्या कर दी थी। इस मामले में अरुण नेताम एसडीओपी प्रतापपुर ने कहा कि आरोपित भूखा था इसलिए एएसआई उसे खाना खिलाने के लिए अपने आवास में ले गया था। जहां तक एएसआई द्वारा मृतक के स्वजन से गाली गलौज करने का आरोप है तो इसकी जांच की जा रही है।

## अब तक 10 अभ्यर्थियों ने दर्ज किया नामांकन

**रायपुर।** रायपुर नगर (दक्षिण) उप निर्वाचन-2024 अंतर्गत अभी तक दस उम्मीदवारों ने अपने नामांकन पत्र दाखिल किए हैं। कल यानी 22 अक्टूबर को निर्दलीय अभ्यर्थी के रूप में नंदिनी नायक, रवि भोई, सैय्यद मुस्लीम, मो. नासीर मोहम्मद, रिजवाना, जुगराज जगत, राईट टू रिकाल पार्टी से चम्पालाल पटेल ने अपना नामनिर्देशन पत्र जमा किया। उल्लेखनीय है कि रायपुर नगर उपनिर्वाचन के लिए उम्मीदवार 25 अक्टूबर तक अपना नामांकन दाखिल कर सकते हैं। शासकीय अवकाश दिवसों को छोड़कर कार्यालयीन दिवसों में प्रात: 11 बजे से दोपहर तीन बजे तक नामांकन दाखिल किया जा सकता है। प्राप्त नामांकन पत्रों की संवीक्षा 28 अक्टूबर को की जाएगी।

## दीपावली के लिए बाजार सजे

**रायपुर।** प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी दीपावली के शुभ अवसर पर शहर के महत्वपूर्ण बाजार यथा मालवीय रोड, सदर बाजार, रामसागर पारा, पुरानी बस्ती सहित शहर के बड़े मार्गों में आम नागरिक खरीदी के लिए बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं।

## एसीबी में पदस्थ कई कर्मियों का हुआ तबादला

**रायपुर।** रायपुर क्राइम ब्रांच में वर्षों से जमे एएसआई,कांस्टेबल और हेडकांस्टेबल समेत 24 कर्मचारियों का तबादला रायपुर रेंज के आइजी अमरेश मिश्रा ने किया है। जारी आदेश में प्रशासनिक आधार पर रेंज स्थापना बोर्ड के निर्णय पर ये तबादला किया गया है। आदेश में क्राइम यूनिट में वर्षों से पदस्थ एएसआई किशोर सेठ, मोहम्मद जमील और मोहम्मद कय्यूम को बलौदाबाजार, संतोष सिंह को धमतरी, मो.इरफान को गरियाबंद भेजा गया है। वहीं हेड कांस्टेबल सरफराज चिश्ती को महासमुंद, अभिषेक सिंह को धमतरी, मोहम्मद सुल्तान को गरियाबंद, कांस्टेबल रवि तिवारी, राहुल शर्मा और मो.राजिक को बलौदाबाजार, आलम मिर्जा को गरियाबंद, सरीम खान, कुलदीप मिंज को धमतरी, अमित यादव को बलौदाबाजार, मुकेश सिंह राजपूत को महासमुंद, कृष्णा ठाकुर को बलौदाबाजार तबादला किया गया है जबकि धमतरी में पदस्थ हेड कांस्टेबल दिनेश तुरकाने, देवेंद्र राजपूत, महिला हेड कांस्टेबल माधुरी सोनवानी को रायपुर, कांस्टेबल कुलदीप सिंह, अंकुश नंदा, खेमू हिरवानी को रायपुर और साजिद अली को बलौदाबाजार भेजा गया है।

## पुलिस को देख भाग रहे थे गांजा तस्कर, गिरफ्तार

**रायपुर।** पुलिस से बचने भाग रहे तस्करों की कार सड़क से उतरकर पलट गई। कार सवार गांजा तस्कर पुलिस से बचने के लिए भागने लगे। इधर पीछे लगी पुलिस की टीम ने भाग रहे दो लोगों को पकड़ लिया। पूछताछ के बाद पुलिस ने गांजा मंगाने वाली महिला और उसके पति को भी गिरफ्तार कर लिया है। चारों के खिलाफ पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की है। पुलिस को सूचना मिली कि कुछ लोग एक कार में कोरबा की ओर से गांजा लेकर तखतपुर की ओर जा रहे हैं। इस पर अधिकारियों ने रतनपुर और सकरी पुलिस को घेराबंदी के निर्देश दिए। सकरी और रतनपुर पुलिस की टीम ने काठाकोनी घोंघा नाला के पास घेराबंदी की। पुलिस की घेराबंदी को देखकर कार सवार वाहन मोड़कर भागने लगे। इसी हड़बड़ी में तस्करों की कार सड़क से उतरकर नाले में पलट गई। कार पलटने के बाद तस्कर वाहन छोड़कर भागने लगे। इधर तस्करों के पीछे लगे जवानों ने भी उनके पीछे दौड़ लगा दी।जवानों ने भाग रहे विष्णु चंद्रा उर्फ बबलू(42) निवासी आमगांव जिला सक्ती और सोहन साहू उर्फ गोलू(22) निवासी पेंड्री नवागढ जिला जांजगीर-चांपा को पकड़ लिया।

# मवेशि का शिकार कर चार दिन से खौफ मचाने वाला बाघ किया गया रेस्क्यू

**कोरिया।** टेमरी जंगल भी गुरुघासीदास टाइगर रिजर्व की सीमा से लगा हुआ है। बाघ नजर आने से टाइगर रिजर्व प्रबंधन भी उत्साहित है। चार दिनों से बाघ उसी क्षेत्र में विचरण कर रहा है। सूरजपुर जिले से लगे पटना क्षेत्र के टेमरी से लगे जंगल में बाघ द्वारा मवेशियों का शिकार करने की सूचना वन विभाग को दी गई थी। इस क्षेत्र में इसके पहले कभी भी बाघ की चहलकदमी नहीं थी,इसलिए ग्रामीणों के दावे पर विभाग को भरोसा भी नहीं था लेकिन जंगल के नजदीक जलाशय और जंगल के गुरु घासीदास टाइगर रिजर्व क्षेत्र से लगे होने के कारण संभावनाओं के आधार पर टेमरी के जंगल में ट्रैप कैमरे लगाए गए थे।

जिस दिन ट्रैप कैमरे लगाए गए, उस दिन तथा रात में कोई भी वन्य प्राणी कैमरे में कैद नहीं हुआ। अगले दिन सुबह लगभग आठ बजे बाघ उस स्थल पर पहुंचा जहां उसने भैंस का शिकार किया था। भैंस के शेष बचे मांस का उसने आराम से सेवन किया। इसी क्षेत्र में उसने एक गाय का भी शिकार किया था। उसके मांस का भी सेवन किया था। आसपास के गांवों के लोग इसी जंगल में मवेशियों को रखकर चारा की भी व्यवस्था करते थे।उन्हीं में से दो मवेशियों का उसने शिकार किया था। बाघ के आ जाने के बाद सभी मवेशियों को पशुपालकों ने वापस गांव ले आया है। प्रभावित क्षेत्र में लोग भयभीत है। ग्रामीणों को जंगल नहीं जाने की भी सलाह दी जा रही है।



सूरजपुर जिले के ओड़गी तथा कुदरगढ़ वन परिक्षेत्र में पिछले एक महीने से ग्रामीण यह दावा कर रहे थे कि क्षेत्र में बाघ की चहल कदमी है लेकिन विभाग को इस पर विश्वास नहीं हो रहा था।ओड़गी के धरसेड़ी, सांवारांवा के आसपास वन्य प्राणी के पद चिन्ह भी मिले थे लेकिन इसकी बारीकी से जांच नहीं हुई थी। भैयाथान विकासखंड के बड़सरा निवासी मनोज यादव सहित कई अन्य ग्रामीणों द्वारा जंगल में मवेशियों को रखा गया था ताकि चारा की व्यवस्था हो सके। उस दौरान मनोज यादव के दो मवेशियों का भी शिकार किया गया था इसके बाद भी बाघ के होने की पुष्टि नहीं हो रही थी। आखिरकार टेमरी के समीप वन विभाग की ओर से ट्रैप कैमरे लगाए गए तो बाघ की स्पष्ट तस्वीर कैमरे में कैद हुई है।

दो वर्ष पूर्व ओड़गी क्षेत्र में ही एक बाघिन ने ग्रामीणों पर हमला किया था। आत्मरक्षार्थ टांगी के प्रहार से बाघिन भी जख्मी हुई थी। घायल बाघिन का सुरक्षित तरीके से रेस्क्यू किया गया था। बाद में इसे रायपुर ले जाया गया था। वन्य जीव चिकित्सकों की देखरेख में उपचार के बाद बाघिन स्वस्थ हुई थी। इस बाघिन को बिलासपुर के अचानकमार टाइगर रिजर्व में छोड़ा गया है। ओड़गी का यह इलाका गुरुघासीदास टाइगर रिजर्व से लगा हुआ है। छत्तीसगढ़ के गुरु घासीदास राष्ट्रीय उद्यान तथा तमोर पिंगला अभयारण्य क्षेत्र को मिलाकर नया टाइगर रिजर्व घोषित किया गया है। गुरु घासीदास राष्ट्रीय उद्यान , अविभाजित मध्य प्रदेश के जमाने में संजय गांधी राष्ट्रीय उद्यान का ही हिस्सा था। राज्य विभाजन के बाद इसे अलग किया गया। इस क्षेत्र में बाघों की उपस्थिति के प्रमाण पहले ही मिल चुके हैं। तमोर पिंगला अभयारण्य क्षेत्र को मिलाकर टाइगर रिजर्व का दायरा बढ़ाया गया है। टाइगर रिजर्व घोषित होने के बाद पहली बार बाघ नजर आया है। इसी क्षेत्र से होकर बाघ के सूरजपुर और कोरिया जिले के सीमावर्ती क्षेत्र में पहुंचने की संभावना है। ट्रैप कैमरे में कैद बाघ काफी बड़ा और तंदुरुस्त है। बाघ नजर आने से टाइगर रिजर्व प्रबंधन में भी उत्साह है।

## सतनाम कल्याण समिति की बैठक आज

**कोरबा।** गुरू घांसीदास जयंती समारोह की तैयारियों पर चर्चा के लिए आज सतनाम कल्याण समिति की बैठक रखी गई है। यह जानकारी देते हुए नारायण कुर्रे ने बताया कि यह बैठक दो दिनों तक चलेगी, जिसमें संचालन समिति का गठन भी किया जा सकता है। बाइक रैली के लिए युवाओं की टीम तैयार की जाती है। जयंती समारोह के लिए कुसमुंडा सतनामी कल्याण समिति की बैठक भी वीरेन्द्र टंडन व रामलाल जांगड़ें के द्वारा सतनाम भवन में ली गई। तैयारियों पर विस्तार के साथ चर्चा की गई। आने वाले दिनों में और भी बैठक रखी जाएगी। पताड़ीधाम में भी गुरू घासीदास जयंती समारोह के लिए रविवार को बैठक होगी। पताड़ीधाम में छोटा आयोजन के साथ-साथ फरवरी माह में बड़ा आयोजन होता है।

## रामसागरपारा में समस्या

**कोरबा।** निगम के रामसागरपारा में दलिया गोदाम सहित कई मोहल्लों में सड़कों को सुधार की जरूरत है। नागरिकों ने इस बारे में अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराया है।

# तिलक नगर में पुलिस की रेड 57000 के साथ 6 जुआरी पकड़ाए



**कोरबा।** कटघोरा के तिलक नगर में पुलिस की टीम ने मध्य रात्रि को कार्यवाही करते हुए 6 गैंबलर्स को गिरफ्तार किया। मौके से 57010 नगदी रकम और ताश पत्ती जप्त की गई है। वार्ड संख्या 9 में दीपावली से ठीक पहले यह अब तक की बड़ी कार्रवाई है । पुलिस ने कहा है कि विभिन्न क्षेत्रों में सूचनाओं प्राप्त करने के लिए पर्याप्त संख्या में इनफार्मर नियुक्त किए गए हैं।

कटघोरा पुलिस ने जुआ की फड़ चलने के बारे में अधिकारियों का अवगत कराया और उनके निर्देश पिछली रात्रि 12-30 बजे के आसपास इस कार्रवाई को अंजाम दिया। थाना प्रभारी धर्म नारायण तिवारी ने बताया कि मौके से सुमित दुलानी, विजय बंटी अग्रवाल, बैजू अग्रवाल ,प्यारेलाल अग्रवाल, राहुल अग्रवाल और मनोहर अग्रवाल को गिरफ्तार किया गया। यह सभी तिलक नगर में प्यार अग्रवाल के घर के पास एक जगह जुआ की फड़ चला रहे थे। पिछले कुछ समय से इस बारे में पुलिस के पास लगातार सूचना प्राप्त हो रही थी। इस दिशा में निगरानी करने के साथ वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया और फिर उनसे मार्गदर्शन प्राप्त करने के साथ मध्य रात्रि को यह कार्रवाई की गई। इस मामले में पकड़े गए आरोपियों के खिलाफ जुआ एक्ट का प्रकरण पंजीकृत किया गया है और आगे की कार्रवाई की जा रही है। फेस्टिवल सीजन में इस प्रकार की बड़ी कार्रवाई से अवैध अधिकारियों में लगे लोगों में खौफ बना है। पुलिस ने बताया कि आगे भी इस प्रकार के मामलों में एक्शन लेने का काम जारी रहेगा। कटघोरा पुलिस के द्वारा की गई इस कारवाई में नगर निरीक्षक समेत उनके सहयोगी शामिल रहे।

### कई परिवार संकट में पड़े जुआ के चक्कर में

महाभारत काल से लेकर अब तक जुआ को सामाजिक बुराई के रूप में देखा जाता रहा है।। जुआ के कारण कई प्रकार की समस्याएं खड़ी हुई है और लोगों के सामने चुनौतियां ने भी स्थान बनाया है। जुआ की लत लगने पर कई घरों का सामान तक बिक चुका है और घर कलह के हालात बन गए। जबकि कुछ मामलों में जान देने जैसी घटना भी हो चुकी हैं। इतना सब कुछ होने पर परिस्थिति सामान्य नहीं हो सकी।

## विजेताओं को मिले पुरस्कार अगले महीने होगी राष्ट्रीय स्पर्धा

**कोरबा।** 24वीं राज्य स्तरीय शालेय खेलकूद प्रतियोगिता का आज समापन हो गया। पुरस्कार प्राप्त करने वाले खिलाड़ियो के चेहरे चमक उठे। दिसंबर में कोरबा को ही राष्ट्रीय स्पर्धा कराने की जिम्मेदारी मिली है। इसके लिए तैयारी आगामी दिनों में शुरू होगी।

प्रदेश के पांच संभाग के 520 बालक-बालिका नेटबॉल और क्रिकेट टूर्नामेंट में शामिल हुए। उन्होंने 4 दिन तक यहां के मैदानों में अपना प्रदर्शन किया। खेल कौशल के साथ खिलाड़ियों ने चयनकर्ताओं का ध्यान अपनी तरफ खींचा। खबर के अनुसार खेल संचालनालय ने इस प्रतियोगिता के लिए लगभग 8 लाख रुपए आवंटित किए। जबकि अधिकांश व्यवस्थाएं सौजन्य से उपलब्ध हुईं।

## शटलकॉक में मिले स्वर्ण पदक

**कोरबा।** राष्ट्रीय शटलकॉक स्पर्धा में छत्तीसगढ़ शटलकॉक एसोसिएशन के प्रतिभागी खिलाड़ियों ने पदक हासिल किया है। इस स्पर्धा में पियूष विश्वकर्मा ने स्वर्ण पदक, दर्शील यादव, श्रीति कुर्रे, एरिश बघेल व अकाशी गर्गरी ने कांस्य पदक जीते हैं। छत्तीसगढ़ शटलकॉक एसोसिएशन के अध्यक्ष कमलेश देवांगन ने बताया कि छत्तीसगढ़ की टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए एसोसिएशन के सचिव व कोच पियुष विश्वकर्मा ने स्वर्ण पदक हासिल किया है।



5 खिलाड़ियों ने स्पर्धा में भाग लिया। बेहतर प्रदर्शन से राष्ट्रीय स्तर की इस स्पर्धा में छत्तीसगढ़ राज्य को तीसरा स्थान मिला। एलएनसीटी यूनिवर्सिटी भिलाई में यह स्पर्धा आयोजित की गई।

एसोसिएशन की ओर से जानकारी दी है कि शटलकॉक एसोसिएशन ऑफ इंडिया की वार्षिक आम सभा की बैठक में कमलेश देवांगन को सर्वसम्मति से सेंट्रल जोन का सचिव नियुक्त किया है।

# लो लाइन में पानी नही, पंपहाउस कालोनीवासी परेशान

## फिल्अर प्लांट में पुरानी मशीनों के कारण हो रही समस्या

**कोरबा।** साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड कोरबा क्षेत्र की सबसे पुरानी पंप हाउस कॉलोनी के को लाइन एरिया में कर्मचारियों के परिवार पानी आपूर्ति से जुड़ी समस्या को लेकर परेशान है। कभी बिजली के चक्कर में उन्हें परेशानी होती है तो कभी वाटर फिल्टर प्लांट और पाइपलाइन से जुड़ी दिक्कत पैदा होने के कारण जूझना पड़ता है। इस बार मशीनों से जुड़ी दिक्कत ने चुनौतियां पैदा कर दी हैं।



पिछले तीन दिन से पंप हाउस कॉलोनी एसईसीएल के कर्मचारी फेस्टिवल सीजन में पानी नहीं मिलने को लेकर बेहद परेशान है। अलग-अलग कारण इस मामले में बताए जा रहे हैं। 90 - 201 आवास वाली लाइन में लो एरिया इस समस्या का शिकार है। यहां तक ठीक तरह से पानी या तो नहीं पहुंचता या फिर नाम मात्र का। पिछले तीन दिन से यहां पानी नहीं आने से लोग परेशान हैं। दीपावली पर्व को लेकर की जा रही साफ सफाई और तैयारी के बीच पानी नहीं मिलने से लोग नाराज हैं। उनकी समस्या साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के मुख्य महाप्रबंधक से लेकर सिविल विभाग के स्टाफ ऑफिसर तक पहुंची है लेकिन इसका समाधान करने को लेकर बेहतर तरीके से रुचि नहीं ली जा रही है। अलग-अलग स्तर पर यहां के कर्मचारियों ने समस्या की जानकारी ऊपर तक भिजवाने का काम किया है और बताया है कि आखिर केवल इस कॉलोनी के मामले में प्रबंधन का इस प्रकार का रवैया आखिर क्यों है। कर्मचारी और उनके परिवारों को इस बारे में कोई ठोस और संतोषजनक जवाब नहीं मिला है। कर्मचारियों ने बताया कि उनके घर के सदस्यों को मौजूदा स्थिति में यहां वहां से पानी प्राप्त करने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है और इस चक्कर में न केवल अतिरिक्त मेहनत करनी पड़ रही है बल्कि मानसिक तनाव का शिकार भी होना पड़ रहा है। बताया गया की गर्मी के मौसम में इस इलाके के ट्रांसफार्मर फेल होने के चलते पानी की आपूर्ति बाधित हो गई थी और तब यहां के अनेक परिवारों को हसदैव नदी व नहर का विकल्प भी चुनना पड़ा था। उस समय भी भारी नाराजगी जताने के बाद संबंधित विभाग काफी देर से जागृत स्थिति में आ सका था। वर्तमान समस्या को लेकर बताया जा रहा है कि पिछले दिनों आकाशीय बिजली गिरने की घटना के कारण वाटर फिल्टर प्लांट पंप हाउस कॉलोनी की तीन मशीन प्रभावित हुई है। उनका मैकेनिकल स्टैंडर्ड इस प्रकार का है कि सुधार कार्य स्थान स्तर पर बहुत जल्द हो नहीं पाता। दूसरी बात यह है कि एक अन्य मशीन को स्थानीय आवश्यकता के विपरीत किसी सप्लायर से बुला लिया गया है जो बेमतलब साबित हो रही है।। इस वजह से भी परेशानी उत्पन्न होने पर इस मशीन का कोई उपयोग नहीं हो पा रहा है।

### इस तरह दी जाएगी राहत

पानी आपूर्ति से संबंधित व्यवस्था में जुटे एक कर्मचारि ने बताया कि मौजूदा स्थिति को देखते हुए ओवरहेड टैंक को भरपूर भरने के साथ आपूर्ति की व्यवस्था कराई जा रही है। जिस क्षेत्र में समस्या है उसके लिए अलग से विकल्प सुनिश्चित किया जा रहे हैं। देखा जाएगा की आपूर्ति के दौरान किसी और लाइन का वाल्व ना खुले। पता चला है कि समस्या ग्रस्त क्षेत्र में पानी की आपूर्ति को लेकर मुश्किल इसलिए होती है क्योंकि आसपास में कुछ लोगों के द्वारा अपने मकान के नजदीक स्थित वाल्व खोले जाते हैं जिससे पानी आगे पहुंच नहीं पाता। इसे भी ठीक करने के लिए विचार किया जा रहा है।

### नए ऑफिसर्स से उम्मीद

मिली जानकारी के अनुसार वर्तमान में कोरबा एरिया में जो स्टाफ ऑफिसर सदस्य हैं उनके दिन कॉरपोरेट सर्विस में कम ही बचे हैं, इसलिए कामकाज के मामले में उनकी रुचि बहुत ज्यादा नहीं है। कई प्रकार की शिकायत मिलने पर भी उन्हें गंभीरता से बिल्कुल नहीं लिया जा रहा है। अधिकारी के इस व्यवहार को लेकर जनता त्रस्त है। वरिष्ठ अधिकारियों के पास भी यह सूचनाओं पहुंची है लेकिन वह इसलिए कुछ नहीं कर पा रहे हैं क्योंकि उन्हें भी पता है कि कोरबा एरिया को अगले दिनों में नया स्टाफ ऑफिसर सिविल दिया जाना है।। आशा की जा रही है कि नए अधिकारी की पदस्थापना के बाद स्थितियां कुछ हद तक बेहतर हो सकेंगे।

## वायु प्रदूषण से त्रस्त हैं कोलफील्ड्स के लोग

**कोरबा।** भाजपा के वरिष्ठ नेता अरूणीश तिवारी व नितेश शर्मा के नेतृत्व में कल कार्यकर्ताओं ने प्रदेश के उप मुख्यमंत्री अरूण साव से मुलाकात करते हुए ज्ञापन सौंपा। जिसमें उन्होंने दीपका व गेवरा क्षेत्र में रहने वाले लोगों को हो रही परेशानी को बताया और कहा कि उड़ रहे धूल से काफी परेशानी हो रही है। पानी का छिड़काव हो रहा है, वह पर्याप्त नहीं है। इसकी शिकायत कई बार प्रबंधन से की गई है। बरसात के मौसम में लोगों को ज्यादा परेशानी नहीं होती लेकिन ठंड का मौसम आते ही धूल उड़ने लगता है और आवासों में प्रवेश कर जाता है। कई बीमारियों से ग्रसित लोग ज्यादा परेशान हो जाते हैं और उन्हें चिकित्सालय जाना पड़ता है। इस क्षेत्र के श्रमिक संगठन भी मामले को उठात रहे हैं। दीपका क्षेत्र के गिरजा साहू, तरूण रहा आईआर बैठक में इस मामले को रख चुके हैं। इसके अलावा गेवरा क्षेत्र के रेशम लाल यादव, दीपक उपाध्याय, गोपाल यादव, मदन सिंह, प्रीतम राठौर भी इस मामले को उठाते रहे हैं। सड़कों पर पानी का ज्यादा छिड़काव जरूरी है, तभी लोगों को इस समस्या से निजात मिल पाएगा।




## कांग्रेस कार्यकर्ता गए रायपुर

**कोरबा।** आज उपचुनाव के लिए कांग्रेस प्रत्याशी आकाश शर्मा द्वारा रायपुर में नामांकन दाखिल किया जाएगा। इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए जिला ग्रामीण अध्यक्ष श्री जायसवाल के नेतृत्व में कार्यकर्ता रायपुर के लिए रवाना हुआ है। रायपुर दक्षिण विधानसभा सीट पर बृजमोहन अग्रवाल विधायक थे। उन्होंने इस्तीफा देकर सांसद के लिए चुनाव लड़ा था। रायपुर दक्षिण का पद रिक्त होने के कारण यहां उपचुनाव हो रहा है। आकाश शर्मा युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष हैं, इसलिए युवा कांग्रेस कोरबा ग्रामीण की जिलाध्यक्ष विकास सिंह, रहमान खान, शत्रुहन पटेल, दीपेश यादव, तारेश राठौर सहित अनेकों कार्यकर्ता रायपुर में रहकर चुनाव प्रचार करेंगे।

## शरद ऋतु में निखरे पिकनिक स्पॉट



**कोरबा।** शरद ऋतु के आगमन के साथ जिले के पिकनिक स्पॉटों की रंगत बदल गई है। कोरबा ब्लॉक के देवपहरी में चोरनई नदी पर स्थित गोविंदझुंझा जल प्रपात का सौंदर्य लोगों को आकर्षित कर रहा है।

## कामगारों की समस्याओं पर होगी चर्चा

**कोरबा।** एसईसीएल सरईपाली में एसईकेएमसी की आईआर बैठक प्रबंधन के साथ होगी। जिसमें राजेश साहू व बेलोराम द्वारा कोयला कामगारों की समस्याओं को प्रबंधन के सामने रखा जाएगा। पुराने मामलों पर ठोस निर्णय लिए जाएंगे। इसी तरह साफ सफाई के अलावा केंटीन की समस्या पर चर्चा होगी। कई मामले काफी दिनों से लंबित है। इन मामलों में विचार करना काफी जरूरी हो गया है। कालोनी के विस्तार के लिए भी प्रस्ताव मुख्यालय को भेजा गया है। अभी सरईपाली में कुछ ही आवास बन रहे हैं। प्रस्ताव पास होने के बाद अन्य आवास भी बनाए जाएंगे।

# वरिष्ठ नागरिकों को बालको ने मुहैया कराई सहायक सामाग्री

**बालकोनगर।** वेदांता समूह की कंपनी भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) ने अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन (आईडीओपी) दिवस के अवसर पर वरिष्ठ नागरिकों के स्वास्थ्य एवं कल्याण को बढ़ावा देने के लिए एक दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में जिला न्यायाधीश सत्येंद्र कुमार साहू, विशेष न्यायाधीश जयदीप गर्ग, सिविल जज सुश्री डिंपल ने उपस्थित वरिष्ठ नागरिकों से बातचीत की।





हेल्पएज इंडिया के सहयोग से कंपनी ने वरिष्ठ नागरिकों के लिए कई स्वास्थ्य जागरूकता सत्र का आयोजन किया। मानसिक स्वास्थ्य सत्र में मनोचिकित्सक ने वृद्धावस्था में डिमेंशिया तथा मेंटल हेल्थ से निपटने का तरीका बताया। वृद्धजनों को महत्वपूर्ण तकनीक जानकारी देने के लिए डिजिटल साक्षरता कार्यशाला तथा संतुलित एवं पोषण आहार की जानकारी दी गई। अतिथियों ने समाज में उनके समर्पण और सेवा की सराहना करते हुए महत्वपूर्ण योगदान के लिए दस वरिष्ठ नागरिकों को सम्मानित किया। कार्यक्रम के अंत में वरिष्ठ नागरिकों और बच्चों या युवाओं के बीच पारस्परिक समझ विकसित करना तथा वरिष्ठ समुदाय की शक्ति और अमूल्य योगदान पर प्रकाश डाला गया।

शिविर में बुजुर्ग सदस्यों के लिए गतिशीलता और दैनिक जीवन को बेहतर बनाने के लिए सहायक उपकरण प्रदान किए गए। इलेक्ट्रोथेरेपी तकनीक का उपयोग करके 33 बुजुर्गों को फिजियोथेरेपी सेवाएँ प्रदान की गईं। इन उपायों से उनकी बीमारियों में कमी एवं स्वास्थ्य लाभ हुआ। कंपनी की द्वि-मासिक मोबाइल फिजियोथेरेपी सेवा समुदाय के बुजुर्ग आबादी को राहत पहुँचा रही है।

बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक राजेश कुमार ने स्वास्थ्य अभियान के प्रभाव पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि कंपनी अपने संयंत्र के आसपास के समुदायों के लिए स्वास्थ्य सेवाओं तक आसान पहुंच सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। हमारा लक्ष्य इस क्षेत्र में चिकित्सा सेवाओं को बढ़ाना है और इसके साथ दूरस्थ क्षेत्रों में रहने वाले लोगों और समुदाय के कमजोर वर्गों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार करना है।

आरोग्य परियोजना के मल्टी-स्पेशलिटी मेगा हेल्थ कैंप के द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य उपचार से महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग लाभान्वित हुए। अपने मोबाइल हेल्थ वैन के तहत कंपनी ने जामबहार और शांति नगर में दो हेल्थ कैंप आयोजित किये। कैंप की मदद से 5 गांव के 360 से अधिक सदस्यों ने स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की गईं। कंपनी के सामुदायिक स्वास्थ्य शिविरों में मधुमेह, रक्तचाप जैसी सेवाओं के साथ दंत, आर्थोपेडिक्स, स्त्री रोग, साइकेट्री, मनोवैज्ञानिक और स्किन केयर विभिन्न विशेषज्ञ मौजूद थे।

आरोग्य परियोजना बालको का व्यापक स्वास्थ्य पहल है जो ग्रामीण स्वास्थ्य पोस्ट के माध्यम से प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं तथा कुपोषण को कम करने के साथ मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य को बढ़ावा देता है। परियोजना के तहत वित्तीय वर्ष 2024 में 45 से अधिक समुदायों के 49,963 लोग लाभान्वित हुए हैं। 'उपचार आपके दरवाजे' थीम पर संचालित चलित स्वास्थ्य इकाई की मदद से जरूरतमंदों को नि:शुल्क परामर्श और चिकित्सा सुविधाएं दी जा रही हैं। वित्तवर्ष 2024 में एमएचवी से लगभग 15600 तथा 8 मल्टी-स्पेशलिटी मेगा हेल्थ कैंप से 1700 लोग लाभान्वित हुए।







स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रासंपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com